भोपाल
शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024
चैत्र मास कृष्ण पक्ष–11
वर्ष : 11, अंक : 11
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 37
न्यून. 23

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi com

## कक्षा 12वीं इतिहास की किताब में बदला 'हड़प्पा' चैप्टर



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने क्लास 12वीं के इतिहास की किताब में फिर से एक बड़ा बदलाव करने का फैसला लिया है। इस बदलाव में 'हड़प्पा सभ्यता की उत्पत्ति और पतन' चैप्टर में बदलाव किया गया है। इस बदलाव को शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से लागू किया जाएगा। हरियाणा सिंधु घाटी स्थल, राखीगढ़ी में पुरातात्विक स्रोतों से प्राप्त प्राचीन डीएनए के हालिया रिसर्च के मुताबिक, आर्य शेष पेज 6 पर

कांग्रेस से भोपाल लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव से 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

# भोपाल में लंबे समय से भाजपा के सांसद रहे, लेकिन वे यहां की आवाज को संसद में उठाने में नाकामयाब रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस पार्टी ने भोपाल संसदीय क्षेत्र के चुनावी रण को जीतने के लिए हर बार की तरह इस बार भी नया प्रयोग किया और कायस्थ समाज के अरुण श्रीवास्तव को मैदान में उतार दिया है। वे ग्रामीण इकाई के अध्यक्ष रहे हैं। उनका मानना है कि कांग्रेस का कार्यकर्ता इसलिए उत्साहित है क्योंकि जमीनी कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाया है। दूसरा, कार्यकर्ता न केवल मत के लिए काम करेगा, बल्कि चुनाव के लिए संसाधन भी जुटाएगा। उनका यह भी मानना है कि भोपाल में लंबे समय से भाजपा के सांसद रहे हैं, लेकिन वे यहां की आवाज को संसद में उठाने में नाकामयाब रहे हैं। अगर शेष पेज 6 पर

inh विशेष

### ये भी बोले श्रीवास्तव?

- *भाजपा की सांसद प्रज्ञा ठाकुर 5 साल कहीं दिखाई नहीं दीं, ना ही उन्होंने जनता के लिए कोई लड़ाई लड़ी*
- *अगर जनता ने मुझे मौका दिया तो संसद में भोपाल की आवाज सुनाई देगी*
- *देश जिस प्रक्रिया से गुजर रहा है, ऐसे में कांग्रेस का जीतना बेहद जरूरी है*



### उनसे सीधी बात

**सवालः** आपको कांग्रेस पार्टी ने चुनाव में उतार दिया, लोगों ने बधाई दी होगी, इसका आगे क्या असर दिखेगा?

**जवाबः** भोपाल राजधानी के अंदर हमारे पास कार्यकर्ताओं की बड़ी फौज है। कार्यकर्ता ही हमें पूरे तन-मन-धन से सपोर्ट कर रहे हैं। हमने एक अभियान शुरू किया है एक रुपया और एक वोट। मैं 40 साल से पार्टी से जुड़ा हूं। हमने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकरदयाल शर्मा के लिए काम किया है। मैं डॉ. शर्मा, इंदिरा गांधी और पूर्व रक्षामंत्री जगजीवन राम के कार्यों से प्रभावित हूं। इन सभी को नजदीकी से देखा और यही लोग मेरे आदर्श हैं। हमारी माता जिला पंचायत अध्यक्ष रही हैं। मुझे दिग्विजय सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का साथ मिला है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे साहब से मैंने कहा कि मैं इंदिरा गांधी के सिद्धांतों पर चलकर चुनाव लड़ना चाहता हूं, उन्होंने तुरंत हां कर दी।

**सवालः** सुरेश पचौरी आलोक शर्मा को अपना आशीर्वाद दे रहे हैं, आपका क्या कहना है ?

**जवाबः** हमको नहीं पता कि इस तरह से विचारधारा बदली जाती है। उन्होंने 10 मिनट में अपनी विचारधारा बदल ली। पचौरी को कांग्रेस शेष पेज 6 पर

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सोना पहली बार 70 हजार के करीब पहुंचा



**नई दिल्ली।** सोना गुरुवार को एक बार फिर अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, 10 ग्राम सोना 572 रुपए महंगा होकर 69,936 रुपए का हो गया। इस साल अब तक सिर्फ 3 महीने में ही सोने के दाम 6,634 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,302 रुपए पर था।

### अतिथि शिक्षकों की नहीं लगेगी चुनाव में ड्यूटी



**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले अतिथि शिक्षकों की ड्यूटी निर्वाचन कार्य में नहीं लगाई जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिलों के कलेक्टरों को आदेश जारी किए हैं। आदेश में कहा गया है कि अतिथि शिक्षकों की सेवाएं स्कूल शिक्षा विभाग में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में 30 अप्रैल तक मान्य की गई हैं।

### मेटा खोल सकता है भारत में अपना डेटा सेंटर



**नई दिल्ली।** फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप की पेरेंट कंपनी मेटा चेन्नई में रिलायंस इंडस्ट्रीज के कैंपस में भारत में अपना पहला डेटा सेंटर स्थापित कर सकती है। हाल ही में मेटा के को फाउंडर मार्क जुकरबर्ग जामनगर में हुए अनंत अंबानी की प्री वेडिंग फंक्शन में शामिल हुए थे। तभी उन्होंने रिलायंस के साथ इसको लेकर एक समझौता किया था।

## जमुई में पीएम नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों पर बोला जमकर हमला

# देश की बढ़ती ताकत का अंदाजा लगा लें...आज का भारत दुश्मन देश को घर में घुसकर मारता है

*पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जमुई के खैरा में सभा को 28 मिनट तक संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लालू के जंगलराज, भ्रष्टाचार और इंडी अलायंस पर निशाना साधा। साथ ही भारत की बढ़ती ताकत का जिक्र करते हुए पीएम ने साफ लफ्जों में कहा कि अब भारत शिकायत लेकर किसी देश के पास नहीं जाता, बल्कि दुश्मन देश को घर में घुसकर मारता है।*



### बिहार की धरती पूरे देश को दिशा दिखाने वाली रही है

एजेंसी ▶▶ जमुई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के जमुई स्थित खैरा में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने देश की आजादी में बिहार के योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि यही वो धरती है जो पूरे देश को दिशा दिखाने में आगे रही है,लेकिन दुर्भाग्य से आजादी के बाद बिहार के सामर्थ्य के साथ न्याय नहीं नहीं हो पाया।

यहां सत्ता जिनके हाथों में रही उन्होंने समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में कोई ध्यान ही नहीं दिया। परिणाम ये हुआ है बिहार में जंगलराज स्थापित हो गया। अब एनडीए अपने अथक प्रयासों के साथ राज्य की छवि बदलने में लगी है। बिहार के साथ पूरे देश की मजबूती के लिए तेज गति से काम हो रहा है। स्थिति ये है कि एक समय था जब भारत शेष पेज 6 पर

पीएम ने कहा- जंगलराज और खुलेआम अपहरण जैसे अपराधों ने बिहार को पीछे धकेल दिया था। एनडीए ने इसे दलदल से बाहर निकाला



### नीतीश फिर बोलेः अब इधर-उधर नहीं होंगे



सभा को संबोधित करते हुए बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने लालू सरकार के जंगलराज की याद दिलाई। कहा- पहले हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता था। अब सब कंट्रोल में है। इन लोगों को ले आएंगे तो ये फिर से यही सब करवाएंगे। इस दौरान नीतीश ने फिर से ये बात दोहराई कि प्रधानमंत्री जी मैं कहीं नहीं जाऊंगा। आपके साथ ही रहूंगा। पीएम मोदी और सीएम नीतीश 32 दिन बाद फिर एक साथ एक मंच पर हैं। इससे पहले औरंगाबाद में दोनों एक मंच पर नजर आए थे।


### नीतीश के बयान के बाद हंस पड़े प्रधानमंत्री

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जमुई पधारने के लिए प्रधानमंत्री जी आपको खूब धन्यवाद है। आपने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न दिया है। इसके लिए आपका खूब सारा शुक्रिया। भाषण के आखिर में नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री की तरफ इशारा करते हुए जनता का हाथ उठवाकर चुनाव में जीत दिलवाने का समर्थन लिया। नीतीश के इस अंदाज पर प्रधानमंत्री मोदी हंस पड़े। नीतीश कुमार ने हिंदी और मगही मिक्स भाषा में कहा- 'आप लोग इस उम्मीदवार को जिताइगा ना जी, हाथ उठाकर बतावा, हाथ उठाकर बोला कि जिताएंगे। चलिए ई बीच वाले भी हाथ उठाअव, कुल लोग हाथ उठाअव, चलिए धन्यवाद।

## कांग्रेस आलाकमान पर कटाक्ष

# संजय निरुपम ने निष्कासन पर कहा बेवजह ए-4 साइज पेपर बर्बाद किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई



पूर्व सांसद संजय निरुपम ने गुरुवार को पार्टी से निकाले जाने को लेकर कांग्रेस नेतृत्व पर कटाक्ष किया। उन्होंने दावा किया कि पार्टी ने ऐसा उनकी ओर से अपना इस्तीफा भेजने के बाद किया गया। पार्टी को कार्रवाई के लिए ए-4 साइज का पेपर बर्बाद करने की जरूरत नहीं थी। इससे पहले अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी बयानों की शिकायतों के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार देर शाम निरुपम को तत्काल प्रभाव से छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित करने का फैसला किया था। गुरुवार सुबह मुंबई कांग्रेस के पूर्व प्रमुख निरुपम ने एक्स पर कहा, ऐसा लगता है कि कल रात मेरा इस्तीफा पत्र मिलने के तुरंत बाद उन्होंने मेरा निष्कासन जारी करने का फैसला किया। ऐसी तत्परता देखकर शेष पेज 6 पर

## गौरव वल्लभ भाजपा में हुए शामिल, बोले

# प्रभु श्रीराम की 'प्राण प्रतिष्ठा' में कांग्रेस के स्टैंड से मैं क्षुब्ध हूं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस प्रवक्ता रहे गौरव वल्लभ ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इसके थोड़ी देर बाद ही वे दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय पहुंचे और भाजपा का दामन थाम लिया। इससे पहले उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज जिस प्रकार से दिशाहीन होकर आगे बढ़ रही है,उसमें मैं खुद को सहज महसूस नहीं कर पा रहा। मैं न तो सनातन विरोधी नारे लगा सकता हूं और न ही सुबह-शाम देश के वेल्थ क्रिएटर्स को गाली दे सकता। इसलिए मैं कांग्रेस पार्टी के सभी पदों व प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को लिखे पत्र में वल्लभ ने लिखा, 'नमस्कार! भावुक हूं। मन व्यथित है। काफी शेष पेज 6 पर

## इंदौर में एकतरफा प्यार में गई तीन की जान

# आशिक ने युवती और उसके रिश्तेदार को साथ देखा तो मारी गोली, फिर खुद को भी उड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर में गुरुवार को डबल मर्डर और सुसाइड की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां एक सिरफिरे आशिक ने युवती और उसके साथ आए रिश्तेदार की गोली मारकर हत्या कर दी। उसके बाद कुछ दूर जाकर खुद को भी गोली मार ली। यह घटना इंदौर के भंवरकुंआ इलाके की है। स्वामी नारायण मंदिर परिसर में घटना हुई है। घटना में जान गंवानें वाली लड़की शेष पेज 6 पर

*स्वामी नारायण मंदिर परिसर में घटना हुई, आरोपी अभिषेक के पास पिस्टल कहां से आई पुलिस कर रही जांच।*



आरोपी अभिषेक का पड़ा शव

### लड़की का किसी और से बात करना आरोपी को पसंद नहीं आया

पुलिस के मुताबिक आरोपी अभिषेक को स्नेहा और दीपक जाट की दोस्ती पसंद नहीं थी। वह स्नेहा से प्यार करता था, लेकिन स्नेहा ने उसे मना कर दिया था। इसके कारण अभिषेक ने पूर्व में भी दोनों को हत्या की धमकी दी थी। पुलिस ये भी पता कर रही है कि अभिषेक के पास पिस्टल कहां से आई।

## ईडी ने कुर्क की 2.36 करोड़ की प्रॉपर्टी



**भोपाल।** ईडी ने गुरुवार को एक प्रकाशन संस्थान की सतना, सीहोर की 2.36 करोड़ कीमत की 10 प्रॉपर्टी कुर्क की हैं। उक्त मामले में ईडी ने 30 मार्च 2024 को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) 2002 के तहत प्रकाशन संस्थान के मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। इसके बाद से ही जांच की जा रही थी और गुरुवार को कार्रवाई की गई। जांच में शेष पेज 6 पर

## आपस में गाली देने वाले आज मंच साझा कर रहे



### सीएम ने ली तीन चुनावी जनसभाएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को बैतूल, नर्मदापुरम और दमोह में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने विपक्षी गठबंधन को लेकर कहा कि वो कहने के लिए लोकतंत्र की बात करते हैं,लेकिन चुनाव लोकतंत्र के लिए नहीं लड़ रहे हैं। चुनाव अपने घर वालों, परिवार वालों के लिए लड़ रहे हैं। ऐसे बेईमान लोग पद से ऐसे चिपके की शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 5 भी

## देश की पहली घरेलू जीन थेरेपी का राष्ट्रपति ने किया शुभारंभ

सुलभ और सस्ती थेरेपी मरीजों को नया जीवन देने में होगी सफल

# 'कैंसर' के खिलाफ हमारी लड़ाई में बड़ी सफलताः मुर्मू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को आईआईटी बॉम्बे में कैंसर के लिए भारत की पहली घरेलू जीन थेरेपी लॉन्च की। इस अवसर राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की पहली जीन थेरेपी की शुरुआत कैंसर के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक बड़ी सफलता है। राष्ट्रपति ने आगे कहा, सीएआर-टी सेल थेरेपी नामक उपचार की यह श्रृंखला सुलभ और सस्ती है, यह संपूर्ण मानव जाति के लिए एक शेष पेज 6 पर



**भारत को तकनीकी क्रांति से होगा बहुत फायदा**

यह पिछले तीन दशकों में आईआईटी, मुंबई द्वारा अनुसंधान और विकास पर दिए गए फोकस से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि आईआईटी बॉम्बे और इसके जैसे अन्य संस्थानों के संकाय और छात्रों के ज्ञान आधार और कौशल के कारण, समग्र रूप से चल रही तकनीकी क्रांति से भारत को बहुत फायदा होगा।

## *द लैंसेट में प्रकाशित अध्ययन में पाया गया कि क्रोनिक श्वसन बीमारियां, स्ट्रोक, श्वसन संक्रमण और कैंसर से मौतों में कमी आई*

अध्ययन में कहा गया कि यदि कोविड-19 का आगमन नहीं होता तो आंकड़ा कहीं अधिक महत्वपूर्ण होता

# कोविड के बावजूद वैश्विक जीवन प्रत्याशा में 6.2 वर्ष की वृद्धि, तीन दशकों में भारत में लगभग 8 साल बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अच्छी खबर

तमाम वैश्विक बदलाव के बीच एक अध्ययन में सामने आया है कि दुनियाभर में लोग 1990 की तुलना में 2021 में औसतन छह साल से अधिक समय तक जीवित रह रहे हैं। इससे यह भी स्पष्ट हुआ है कि पिछले तीन दशकों में भारत में जीवन प्रत्याशा लगभग आठ साल बढ़ गई है। द लैंसेट में प्रकाशित एक नए अध्ययन में पाया गया है कि यह प्रगति डायरिया, निचले श्वसन संक्रमण, स्ट्रोक और इस्केमिक हार्ट रोग जैसे प्रमुख शेष पेज 6 पर

### भूटान में सबसे ज्यादा 13.6 वर्ष की वृद्धि



भारत के अलावा अन्य दक्षिण एशिया क्षेत्र में भूटान में जीवन प्रत्याशा (13.6 वर्ष) में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई, इसके बाद बांग्लादेश (13.3), नेपाल (10.4), और पाकिस्तान (2.5 वर्ष) का स्थान है। महामारी की वजह से आई चुनौतियों के बावजूद शोधकर्ताओं ने कहा कि दक्षिण पूर्व एशिया, पूर्वी एशिया और ओशिनिया के सुपर क्षेत्र में 1990 और 2021 (8.3 वर्ष) के बीच जीवन प्रत्याशा में सबसे बड़ा लाभ हुआ। इसमें कहा गया है कि शेष पेज 6 पर

### क्या है जीवन प्रत्याशा

जीवन प्रत्याशा मूल रूप से किसी जनसंख्या का औसत जीवनकाल है। यह एक व्यक्ति के औसत जीवनकाल का अनुमान है। जीवन प्रत्याशा एक दी गई उम्र के बाद जीवन में शेष बचे वर्षों की औसत संख्या है।

### दुनियाभर में मौतों के प्रमुख कारणों में एक बड़ा फेरबदल

*शोधकर्ताओं ने नोट किया कि दशकों में पहली बार दुनियाभर में मौतों के प्रमुख कारणों में एक बड़ा फेरबदल हुआ* शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप



### एम्सः पैथोलॉजी और लैब मेडिसिन विभाग मना रहा फाउंडेशन वीक

**भोपाल।** 11वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एम्स का पैथोलॉजी और लैब मेडिसिन विभाग विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। 6 अप्रैल तक चलने वाले कार्यक्रमों का उद्घाटन एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने किया। टीएमएच, मुंबई की पैथोलॉजी विभाग की पूर्व प्रमुख और जसलोक अस्पताल मुंबई में सलाहकार प्रोफेसर (डॉ) शुभदा केन द्वारा कैंसर के प्रबंधन में ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट की भूमिकाः अतीत, वर्तमान और भविष्य विषय पर व्याख्यान दिया।

### कॉलेजों में सत्र 2024-25 की ऑनलाइन ई-प्रवेश प्रक्रिया की तैयारी शुरू

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिव और कॉलेजों के प्राचार्य को दिशा निर्देश जारी किए हैं। कॉलेजों में नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देशों में कहा गया है कि सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त गैर शासकीय अथवा निजी कॉलेजों को सत्र 2024-25 की ऑनलाइन ई-प्रवेश प्रकिया में शामिल होना है। इसके लिए अपने कॉलेज की प्रोफाइल को अपडेट करने एवं सत्यापन कराने के लिए दिए गए निर्देशों का पालन किया जाना है। इसमें हर कॉलेज को 16 अप्रैल 2024 तक ई-प्रवेश के पोर्टल के माध्यम से अपनी प्रोफाइल अद्यतन की कार्रवाई पूरी करना होगी।

### कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन, कैसे भरें बच्चों की स्कूल की फीस

**भोपाल।** प्रदेश के कर्मचारियों को एक तारीख को मिलने वाला वेतन चार दिन बीत जाने के बाद भी नहीं मिला। वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। एक अप्रैल से जहां बच्चों की स्कूल शुरू हो गई है, किताब, ड्रेस खरीदने के लिए कर्मचारी के पास वेतन नहीं आने के कारण रुपए नहीं है। कर्मचारियों की बैंक की किस्त एवं बच्चों की स्कूल की फीस जमा नहीं हो पाई। मप्र कर्मचारी मंच ने संचालक कोशालय को पत्र लिखकर वेतन देयक स्वीकृत करके वेतन भुगतान करने की अनुमति जारी करने की मांग की है।

निगम आयुक्त रोजाना शहर का भ्रमण कर कचरा हटाने और साफ-सफाई का दे रहे निर्देश

# एक दर्जन से ज्यादा स्वास्थ्य अधिकारियों को नोटिस के बाद भी शहर में लगा कचरे का ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में जगह.जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। रोजाना नगर निगम कंट्रोल रूम में साफ सफाई व कचरे के ढेर को लेकर शिकायत पहुंच रहीं हैं। इसके बाद भी समस्या वहीं कि वहीं है। निगम आयुक्त रोजाना पूरे शहर का चक्कर लगा रहे हैं। अब तक एक दर्जन से ज्यादा स्वास्थ्य अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया जा चुका है। इसके बाद भी समस्या का हल नहीं निकल पा रहा है।



**बोर्ड ऑफिस कॉलोनी में दिखी गंदगी**

निगम आयुक्त ने गुरुवार को रविशंकर नगर स्थित बोर्ड ऑफिस कालोनी में साफ-सफाई न होने और गंदगी के ढ़ेर पाए जाने पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व प्रभारी दरोगा को नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब देने को कहा है।



### अधिकारी व दारोगा को लगाई फटकार

यहां पर जगह-जगह कचरे के ढ़ेर व कॉलोनी के मकानों के बीच लंबे समय से साफ-सफाई नहीं हो रही है। यह देख आयुक्त ने संबंधित प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व दरोगा को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कॉलोनी के गेट व अंदर अनेक स्थानों पर कचरे के ढेर पाए जाने पर निगम आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पूरी बोर्ड ऑफिस कॉलोनी का क्षेत्र कचरा घर नजर आ रही है। कचरे व गंदगी, डस्टबिन ओवर फ्लो व नालियों में कचरा पड़ा पाए जाने तथा कॉलोनी में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की समुचित व्यवस्था न होने पर भी नाराजगी व्यक्त की। स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए गए नोटिस में कहा गया है कि नियत समयावधि में समाधान कारक उत्तर प्रस्तुत न होने की स्थिति में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

गैस्ट्रोएंटरोलॉजी पर दो दिवसीय सम्मेलन कल से



# जीआई लिवर कैंसर निदान और प्रबंधन पर रखेंगे विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लिवर कैंसर का इलाज अक्सर संभव होता है, लेकिन इसका इलाज करना मुश्किल हो सकता है। इसमें सर्जरी, कीमोथेरेपी, कैंसर को नष्ट करने के लिए थर्मल एब्लेशन, लक्षित दवाएं और रेडियोथेरेपी शामिल होते हैं। इस कैंसर के निदान और प्रबंधन के लिए शहर में दो दिनों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर के 20 से अधिक चिकित्सक शामिल होंगे। यह कहना है डा. संजय कुमार का। वह गैस्ट्रोकेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि लिवर कैंसर एक प्रकार का गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल जीआई कैंसर है जो लिवर की कोशिकाओं में स्थित होता है। अमेरिका में लीवर कैंसर एक काफी सामान्य कैंसर है जो हर वर्ष 42,000 से अधिक वयस्कों को प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि भोपाल इंस्टीट्यूट आफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और गैस्ट्रोकेन मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल छह व सात अप्रैल को होटल मैरियट में दो दिवसीय 9वें वार्षिक सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस वर्ष सम्मेलन का विषय जीआई लिवर कैंसर है। हालांकि अधिकांश कैंसर की उत्पत्ति को समझना अभी भी मुश्किल है, लेकिन निदान और प्रबंधन में जबरदस्त प्रगति हुई है। हमें दिन-प्रतिदिन के अभ्यास के लिए उपयोगी सरल प्रोटोकाल लाने के लिए इस पर चर्चा होगी।

यह सम्मेलन गैस्ट्रोकेयर फाउंडेशन द्वारा इंडियन सोसाइटी आफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (एमपी चैप्टर) के सहयोग से आयोजित होगा। डॉ. कुमार ने आगे कहा कि व्याख्यान, बहस, पैनल चर्चा, संगोष्ठी और प्रश्नोत्तरी के अलावा लाइव कार्यशाला में जीआई लिवर कैंसर के प्रबंधन में नई तकनीकों और प्रौद्योगिकी को दिखाया जाएगा। हमनें इस सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित विशेषज्ञों को भी बुलाया है। एमसीआई क्रेडिट, एंडोस्कोपी वीडियो डाइजेस्ट और पोस्टर प्रस्तुतियां सम्मेलन के आकर्षण के केंद्र होंगे।

# एम्स में 8 माह में पहुंचे जानवरों के हमले के 147 मरीज

## 75 फीसदी को कुत्तों व बिल्लियों ने काटा, लोमड़ी-भालू व टाइगर अटैक में घायल लोग भी आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स के ट्रॉमा और इमरजेंसी विभाग में बीते आठ महिनों में जानवरों के हमले से घायल हुए करीब डेढ़ सौ लोग इलाज के लिए पहुंचे। विभाग की विशेषज्ञ डॉ. रश्मि वर्मा ने बताया कि 147 सीवियर मामलों में से 75 फीसदी में हमला कुत्तों व बिल्लियों द्वारा किया गया। इनके अलावा इसमें लोमड़ी, भालू व टाइगर अटैक में घायल लोग भी शामिल हैं।

राजधानी से सटे गांव से एक महिला एम्स पहुंची। उस पर भालू ने हमला किया था। डॉक्टरों ने सबसे पहले महिला में संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए उपचार शुरू किया। इसके बाद महिला की रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी की जा रही है। जिसके चलते चेहरा पहले जैसा हो सके। डॉ. रश्मि वर्मा ने बताया कि लोगों के बीच अभी एनिमल बाइट को लेकर जागरूकता बढ़ानी बेहद जरूरी है। कई ऐसे मामले आए जिनमें परिजन पहले झाड़ फूक कराते रहे। विभाग के प्रमुख प्रो. डॉ. यूनुस ने कहा कि देश में हर घंटे रैबीज से दो व्यक्तियों की जान चली जाती है।

**पालतू कुत्तों व बिल्लियों से सावधानी जरूरी**

घर में यदि पालतू कुत्ता व बिल्ली है तो उसे बेवजह छेड़े न करें। कई बार वे चिड़चिड़ाहट में काटते हैं। अकसर यह घटना गर्मी में होती है। पड़ोस में यदि पालतू जानवर है तो अचानक उसके पास ना जाएं। पहले उसके बर्ताव को समझें, यदि न समझ सकें तो दूर ही रहें। जानवरों की पूछ, कान और सेंसिटिव अंगों को टच ना करें। इसके अलावा सड़क पर कुत्तों को देख भागे नहीं। जानवर की तरफ पीठ करने से समस्या बढ़ सकती है।

**जनता को शिक्षित करना एक चुनौती**

एनिमल बाइट न केवल एक चिकित्सीय समस्या है, बल्कि एक सामाजिक चिंता भी है। विशेषकर रैबीज की रोकथाम और प्रबंधन के बारे में जनता को शिक्षित करना एक चुनौती भरा काम है। एम्स का प्रयास है कि इस तरह के हर विषय पर गंभीरता से काम किया जाए। **डॉ. अजय सिंह,** निदेशक, एम्स भोपाल

### भोपाल-ग्वालियर इंटरसिंटी एक्सप्रेस में लगा एक अतिरिक्त कोच

**भोपाल।** रेल प्रशासन द्वारा प्रतीक्षा सूची को ध्यान में रखते हुए यात्री यातायात क्लियर करने के उद्देश्य से संख्या 12198-12197 ग्वालियर-भोपाल-ग्वालियर इटरसिटी एक्सप्रेस में 5 अप्रैल से 29 जून तक एक वातानुकूलित कुर्सीयान श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच अस्थाई तौर पर लगाने का निर्णय लिया गया है। 12198-12197 ग्वालियर-भोपाल-ग्वालियर इंटरसिटी एक्सप्रेस में दिनांक 05 अप्रैल से वातानुकूलित कुर्सीयान श्रेणी का यह अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है।

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन केंद्र की बैठक में दी सूचना

# भोज विश्वविद्यालय में अगले सत्र से होंगे सीयूईटी से प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन केंद्र (सीका) की बाह्य समिति की दूसरी वार्षिक बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भोज विवि के कुलपति प्रो. संजय तिवारी ने की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. सुशील मंडेरिया भी उपस्थित रहे। समिति में बाह्य सदस्यों के रूप में प्रो. (डॉ.) राजेंद्र प्रसाद दास, कुलपति, कृष्णकांत हांडिक स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी गोवाहाटी, असम और डॉ. संतोष पांडा, इग्नू, नई दिल्ली शामिल हुए। बैठक में विवि के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन केंद्र के सभी आंतरिक सदस्य भी उपस्थित रहे।

विवि की आंतरिक गतिविधियों और इंफ्रास्ट्रक्चर को दर्शाती एक लघु फिल्म की गई प्रदर्शित



**यह रहा बैठक में खास**

बैठक में विवि की आंतरिक गतिविधियों और इंफ्रास्ट्रक्चर को दर्शाती एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। बैठक के दौरान आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन केंद्र द्वारा विवि के तीन मुख्य क्षेत्रों, जिनमें अकादमिक, प्रशासनिक एवं अधोसंरचना से संबंधित विषयों पर विचार विमर्श किया गया। विवि में संचालित यूजीसी द्वारा अनुमोदित 35 मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रोग्राम और एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित 9 प्रोग्राम के लिए विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। विश्वविद्यालय का इंस्टीट्यूशनल डेवलपमेंट प्लान, सीआईक्यूए की एनुअल रिपोर्ट (2022-23) के साथ ही विवि की एनुअल रिपोर्ट (2022-23) को सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

ईद की तैयारियां शुरू, बाजारों में उमड़ी भीड़

# रमजान के आखिरी अशरे में बंदों ने कुरआन की तिलावत और जिक्र की कसरत बढ़ा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दस-दस दिन के अंतर से रमजान माह का तीन अशरों में बांटा गया है, जिसके तहत दूसरा अशरा भी पूरा हो गया है। अब आखिरी अशरे में बंदों ने कुरआन की तिलावत और जिक्र की कसरत बढ़ा दी है। आखिरी अशरे में इबादत की विशेष रात शब-ए-कद्र की तलाश भी की जाएगी। इधर, शहर की अधिकतर मस्जिदों में एहतिकाफ में बठने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। बंदे पूरे समय मस्जिद में रहकर इबादत कर रहे है। अब यह लोग ईद का चांद दिखने के बाद ही घर वापस आएंगे। रमजान माह में अदा की जाने वाली खास नमाज तरावीह का समापन भी अधिकांश मस्जिदों में 27वीं रात को किया जाता है, जिसके चलते मस्जिदों में बड़े जलसे, उलेमाओं की तकरीरें होती हैं। घरों में पढ़े जा रहे कुरआन का मुकम्मल और इसके कुबूल किए जाने के लिए दुआएं भी की जाती हैं। शहरकाजी सैय्यद मुश्ताक नदवी ने बताया कि सभी मुस्लिमों को ईद के पहले ही प्रत्येक व्यक्ति के हिसाब से पचास रुपए सदका ए फित्र देना चाहिए।



**लोग कर रहे खरीदारी**

माह ए रमजान के अपने अंतिम पढ़ाव की तरफ बढ़ने के साथ लोग ईद की तैयारियों की तरफ भी बढ़ गए हैं। बाजारों में खरीद फरोख्त की भीड़ बढ़ गई हैं। मुसाफिर अपने घरों की तरफ बढ़ने लगे हैं। ईद का त्योहार अपनों के साथ मनाने के लिए लोगों ने छुट्टियों की अर्जियां देना शुरू कर दी है।

**ईदगाह सहित 250 से अधिक मस्जिदों में होगी नमाज**

शहर की ईदगाह में सुबह 7:15, ताज-उल-मसाजिद 7:45, जामा मस्जिद 7.30 और मोती मस्जिद में 8 बजे ईद की विशेष नमाज अदा की जाएगी। इसके नूरूल मसाजिद माता मंदिर चौराहा 7:30 बजे, मस्जिद आरिफ नगर 8:15 बजे, मस्जिद हबीबगंज 7:30 बजे, जामा मस्जिद टीटी नगर 8 बजे, मस्जिद रब्बानी प्रेस काम्पलेक्स 7.45 बजे, ईदगाह मंडीदीप 7.30 बजे, मस्जिद फैज एयरपोर्ट रोड 7.45 बजे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईद की विशेष नमाज पढ़ी जाएगी।

## जिंदगी लाइव

शहीद भवन में नाटक 'मुझे अमृता चाहिए' का किया मंचन

# महिलाओं की सामाजिक स्थिति पर कटाक्ष करता नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहीद भवन में प्रो. सतीश मेहता स्मृति नाट्य उत्सव के अंतर्गत गुरुवार को योगेश त्रिपाठी द्वारा लिखित एवं सतीश मेहता द्वारा निर्देशित नाटक 'मुझे अमृता चाहिए' का मंचन किया गया। करीब आठ साल बाद प्रस्तुत इस नाटक का यह छठवां मंचन था, जिसे कुछ बदलाव के बाद नई प्रस्तुति के रूप में निर्देशक स्मित मेहता ने तैयार किया। करीब डेढ़ घंटे की इस प्रस्तुति में महिलाओं की सामाजिक स्थिति को लेकर कटाक्ष किया गया है। साथ ही रंगकर्म किस प्रकार व्यक्तित्व का विकास करता है, इसे विस्तार से समझाया गया।



**मंच को दो भागों में किया गया विभाजित**

प्रस्तुति में मंच को दो भागों में विभाजित किया गया। पहले हिस्से में समाज की दबी कुचली लड़की की कहानी चलती है तो वहीं दूसरे हिस्से में रंगकर्म से जुड़ने के बाद नायिका के परिवर्तित जीवन का चित्रण किया गया। प्रदर्शन के पूर्व सतीश मेहता की पुस्तक 'अक्ल की नहीं होती शक्ल' का लोकार्पण रंग निर्देशक मुकेश शर्मा द्वारा किया गया।

### अमृता का किरदार निभाकर बदला विजया का जीवन

नाटक में एक आम भारतीय लड़की विजया की कहानी है, जिसे कई बार परिवार अथवा समाज में बोझ माना जाता है। नाटक की शुरुआत एक घर से होती है। जैसा कि आम परिवारों में होता है, लड़की की दिनचर्या में घर गृहस्थी के कार्य ही प्रमुख हैं। बात-बात में उसे उलाहने दिए जाते हैं, कोसा जाता है। संक्षेप में इन बातों के चलते विजया में आत्मविश्वास की कमी हो जाती है। वह एक डरी, सहमी सी लड़की है। अचानक उसका परिचय एक रंगसमूह से होता है। निर्देशक अरविंद नाटक में विजया को 'अमृता' नामक एक ऐसा लड़की का पात्र निभाने देते हैं, जो आत्मविश्वास से लबरेज है। इस प्रस्तुति के बाद उसके व्यक्तित्व में भी वह विश्वास और जीवन के प्रति आशा झलकने लगती है। थिएटर ग्रुप से जुड़ने के बाद विजया में ऐसा परिवर्तन आता है। उसके रहन-सहन से लेकर बातचीत करने का तौर तरीका ही बदल जाता है।

# जैविक उत्पाद, हस्तशिल्प के स्टॉल, ऑर्गेनिक फूड फेस्टिवल के साथ मनोरंजन के नाम होगा महोत्सव

## आज से 7 अप्रैल तक गांधी भवन में होगा अनंत महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्यामल हिल्स स्थित गांधी भवन में 5 से 7 अप्रैल को अनंत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर 3 से रात 10 बजे तक तीन दिवसीय इस महोत्सव का उद्देश्य जैविक उत्पादों और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना है। तीन दिवसीय इस अनंत महोत्सव में अलग-अलग विषयों पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। तीनों दिन शाम 4.30 से 7.00 तक पॉटरी वर्कशॉप होगी। 5 अप्रैल, पहले दिन, गौरव नेमा द्वारा म्यूजिकल वर्कशॉप होगी। 6 अप्रैल, दूसरे दिन, आशिमा विश्नोई द्वारा महिलाओं के लिए थिएटर कार्यशाला, एकलव्य संस्था द्वारा बच्चों के लिए चिल्ड्रन कॉर्नर का आयोजन होगा साथ ही 'आप जो कहते हैं, आप वह हैं' विषय पर चर्चा होगी। वहीं 7 अप्रैल, तीसरे दिन, किरण गुजर द्वारा 'अपना खाना खुद उगाए' विषय पर कार्यशाला, शशि भूषण द्वारा स्ट्रेस फ्री पेरेंटिंग पर कार्यशाला और फार्मर्स टॉक होगी।



**मनोरंजन के नाम होगी सुहानी शाम**

तीनों ही दिन मनोरंजन के लिए शाम के समय में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, पहले दिन ओपन माइक, दूसरे दिन तान्या और गौरव द्वारा गीतों की प्रस्तुति और तीसरे व अंतिम दिन तत्संग बैंड द्वारा कबीर और सूफी संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी।

**10 से ज्यादा फूड स्टॉल्स पर मिलेंगे ऑर्गेनिक फूड**

इसके साथ ही अनंत महोत्सव में ऑर्गेनिक फूड फेस्टिवल खास होगा, जिसमें 10 से ज्यादा फूड स्टॉल्स लगेंगे। मेनू में मिलेट्स के व्यंजन जैसे ज्वार, बाजरे की रोटी, ज्वार की खिचड़ी, बाजरे की खीर, रागी दोसा, मल्टीग्रेन इडली, रागी पैन केक होंगे।

दादा माखनलाल की जन्मभूमि से लेकर कर्मभूमि तक बनेगी डॉक्यूमेंट्री

# पत्रकारिता विश्वविद्यालय में मनाई गई दादा माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में दादा माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता पूर्व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं साहित्यकार मनोज श्रीवास्तव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. (डॉ.) केजी सुरेश ने की। इसके साथ ही जयंती पर नालंदा पुस्तकालय में देवर्षि नारद भारतीय ज्ञान खंड एवं छत्रपति शिवाजी महाराज क्रीडांगन 2 का लोकार्पण भी



किया गया। व्याख्यान की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. सुरेश ने कहा कि दादा माखनलाल हमारे प्रेरणापुंज हैं। उन्होंने कहा कि दादा की स्मृति को जीवंत रखने के लिए हमने सामुदायिक रेडियो स्टेशन का नाम उनके द्वारा निकाले गए समाचार पत्र कर्मवीर के नाम पर रखा।

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में कॉमेडियन अमित टंडन का परफॉर्मेंस

# मीडिल क्लास पर जोक्स से श्रोताओं को किया लोटपोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा एनुअल फेस्ट रिदम 2024 के अंतर्गत गुरुवार को प्रसिद्ध स्टैंड अप आर्टिस्ट अमित टंडन की परफॉर्मेंस का आयोजन किया गया। इसमें अमित टंडन ने अपने अनूठे जोक्स के माध्यम से ऑडियंस को हंसाकर लोटपोट किया। शो की शुरुआत अमित टंडने ने अपने परिचय से की। उन्होंने कहा कि मैं हू अमित टंडन प्रोड्यूस्ड बाय मदर एंड प्रोड्यूस्ड बाय वाइफ। इसके बाद युवाओं से मजेदार अंदाज में बात करते हुए कहा कि लड़कियों की बात मुझसे नहीं करना, मैंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग की है।



### साल भर पुराने सॉस पाउच जरूर मिलेंगे फ्रीज में

आगे उन्होंने मीडिल क्लास की कहानी रोचक अंदाज में कॉमेडी एक्ट के द्वारा बताई। उन्होंने कहा कि अगर आप मीडिल क्लास से हो तो आपके फ्रिज में डोमिनोज का फ्री ओरिगेनो और साल भर पुराने सॉस पाउच जरूर मिलेंगे। वहीं बचपन में कपड़ों का एक साइज बड़ा खरीदती थी मम्मी ताकि अगले साल भी पहन सकें।



### सकलपर्णा समूह के 'होली मिलन' समारोह में लोकगीतों की छाई बहार

**भोपाल।** सकलपर्णा समूह की महिलाओं ने ढोलक की थाप और मंजीरे की धुन पर होली के लोकगीतों से सम्पूर्ण वातावरण ऊर्जा से सराबोर कर दिया। सकलपर्णा की अध्यक्ष अनीता सक्सेना ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम अपनी परंपराओं से जुडी बातों को जीवन में उतारें तभी वह त्यौहार सार्थक होता है। होली सिर्फ तन को रंगने का त्यौहार नहीं है बल्कि मन की भावनाओं का सम्मान करने का त्यौहार है।

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 5 अप्रैल 2024

4 7वीं वाहिनी का 75वां स्थापना दिवस समारोहः महिलाओं के लिए...



5 इस कुर्सी पर हूं तो यह आप सबका सम्मान है, मुझे इस लायक...





*भोपाल आरपीएफ व जीआरपी ने पकड़ा*

# झेलम एक्सप्रेस में पुणे से इटारसी तक फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर ने टीटीई से खूब कराई खातिरदारी, साथ मिलकर की ट्रेन में चेकिंग, यात्रियों और पेंट्रीकार संचालक से की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक ठग ने फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर बनकर झेलम एक्सप्रेस में पुणे से इटारसी तक टीटीई स्टाफ से खूब खातिरदारी कराई। इसके बाद ट्रेन में चेकिंग कर यात्रियों व पेट्रीकार संचालक से जुर्माना वसूला।

ट्रेन के इटारसी पहुंचने पर यहां से ट्रेन ले जा रहे ग्वालियर स्टेशन में पदस्थ डिप्टी सीटीआई देवेंद्र श्रीवास्तव को शक होने पर फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर से पूछताछ की, युवक आई कार्ड सहित अन्य दस्तावेज मांगने पर नहीं दिखा सका, जिसके बाद सीटीआई ने यात्रियों की मदद से ठग को पकड़ लिया। ट्रेन के भोपाल स्टेशन पहुंचने पर आरपीएफ जीआरपी से आरोपी को गिरफ्तार करा दिया।

## ग्वालियर डिप्टी सीटीआई ने शक होने पर दस्तावेज दिखाने के लिए कहा, तब खुली पोल

टीटीई स्टाफ से मनमाड़ स्टाफ को अपना परिचय दिलाया

◆ झांसी निवासी ठग पुणे से एसी कोच में सवार हुआ था





### पुणे रेलवे स्टाफ को फटकार लगाकर करवाई खातिरदारी

रेलवे सूत्रों के अनुसार, झेलम एक्सप्रेस में पुणे से सवार सीपरी बाजार झांसी निवासी आशीष दुबे पिता राजकुमार दुबे नामक युवक एसी कोच में सवार हुआ। उसने ट्रेन में ड्यूटी कर टीटीई स्टाफ को अपना परिचय विजिलेंस इंस्पेक्टर के रूप में दिया। टीटीई को कुछ बातों को लेकर फटकार लगाकर अपनी खातिरदारी कराने लगा। इसके बाद टीटीई स्टाफ के साथ मिलकर पेंट्री व यात्रियों की चेकिंग कर वसूली करता रहा।

### लोगों से दस हजार रुपए वसूले

पुणे टीटीई स्टाफ की ड्यूटी मनमाड़ स्टेशन तक थी। यहां से टीटीई स्टाफ के बदलने पर पुणे के टीटीई स्टाफ से मनमाड़ स्टाफ को अपने परिचय दिलाया। इसके बाद यहां से भी चेकिंग करता था। इस दौरान मनमाड से जम्मू जा रहे 59 सदस्यीय जैन समाज के लोगों को उचित टिकट न होने का बोलकर दस हजार रुपए वसूल लिए।

### इटारसी स्टाफ को हुआ शक सवालों जवाब नहीं दे सका

ट्रेन के इटारसी पहुंचने पर टीटीई स्टाफ के बदलने पर यहां से ट्रेन ले जा रहे ग्वालियर स्टेशन पर पदस्थ डिप्टी सीटीआई देवेंद्र श्रीवास्तव को उसके हाव-भाव से कुछ शक हुआ। उन्होंने फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर से आई कार्ड सहित अन्य दस्तावेज दिखाने को कहा। लेकिन वह दिखा नहीं सका। इस बीच ट्रेन मिसरोद स्टेशन से निकल रही थी। जिसके बाद सीटीआई ने यात्रियों की मदद से उसको पकड़ लिया। भोपाल आरपीएफ को सूचना देने के बाद उसको गिरफ्तार कर लिया। जिसको जीआरपी भोपाल को सौंप दिया। वहीं यात्रियों ने बीना जीआरपी थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद जीआरपी पुलिस द्वारा फर्जी विजिलेंस इंस्पेक्टर आशीष दुबे व केस डायरी मनमाड जीआरपी को सौंप दी।

**खबर संक्षेप**

### तीन दिन बाद बढ़े हुए रेट में हुई 350 ई-रजिस्ट्री



**भोपाल।** तीन अप्रैल को चुनाव आयोग की परमिशन के बाद पंजीयन विभाग ने प्रदेश भर में प्रॉपर्टी के नए रेट की गाइडलाइन को संपदा 2.0 के साफ्टवेयर पर अपलोड कर दिया है। बुधवार को देर रात अपलोड होने की वजह से गुरुवार को स्लॉट बुक किए गए, जिसकी वजह से शाम तक 350 ई-रजिस्ट्री दर्ज की गई है। अब रजिस्ट्री कराने का सिलसिला जारी रहेगा। मार्च माह खत्म होने के बाद अब सार्वजनिक अवकाश के दिन रजिस्ट्री नहीं की जाएंगी।
वरिष्ठ जिला पंजीयक स्वपनेश शर्मा ने बताया कि प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन को अपलोड किया गया है। इस बार शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की 1443 लोकेशन पर रेट बढ़ाए गए हैं। जिसके तहत अब इन लोकेशन पर रजिस्ट्री कराने के लिए वर्तमान गाइडलाइन के हिसाब से स्टांप ड्यूटी, रजिस्ट्री फीस, जनपद ड्यूटी वसूल की जाएगी। जबकि महिला के नाम रजिस्ट्री कराने पर स्टांप ड्यूटी में दो फीसदी की छूट जारी रहेगी।

### अब प्रकाशकों को सभी बुक सेलर्स को देना पड़ेंगी पुस्तकें

# 2 साल के पहले कोर्स नहीं बदल सकेंगे प्राइवेट स्कूल, लेना पड़ेगी परमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार को कलेक्टर ने निजी स्कूल संचालक सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक बुलाई। जिसमें कोर्स और अन्य शिक्षण सामग्री को लेकर गाइडलाइन जारी की गई।नई गाइडलाइन के अनुसार सभी निजी स्कूलों को कोर्स, टाई, बेल्ट, ड्रेस की जानकारी पब्लिक डोमिन में अपलोड करना होगी।

कलेक्टर ने बताया कि कोई भी स्कूल संचालक दो वर्ष के पहले संस्थान में पढ़ाए जा रहे कोर्स में बदलाव नहीं कर सकेगा।बदलाव करने की स्थिति में अनुमति लेना आवश्यक होगा। वहीं, प्रकाशकों को सभी बुक सेलर्स को पुस्तकें देना पड़ेंगी। जब सभी बुक दुकानों पर हर तरह की पुस्तकें मिलेंगी तो स्कूल संचालक और बुक सेलर्स की मनमानी खत्म हो जाएगी।

## कलेक्टर ने निजी स्कूलों के लिए जारी की नई गाइडलाइन

धारा-144 के तहत एफआईआर सहित दो लाख रुपए का लगाया जाएगा



### गाइडलाइन का पालन करना होगा

पुस्तक विक्रेताओं और स्कूल संचालकों के खिलाफ पालक लगातार शिकायत कर रहे हैं। उनकी शिकायतों के आधार पर जांच कर धारा 144 के तहत एफआईआर और दो लाख रुपए के जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही नई गाइडलाइन भी जारी कर दी गई है। अब इसका सभी स्कूल संचालकों को पालन करना होगा।

**कौशलेंद्र विक्रम सिंह**, कलेक्टर

### सभी निजी स्कूलों की होगी जांच

राजधानी के सभी निजी स्कूलों की जांच के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी ने चार समितियां गठित की हैं। यह समितियां प्रत्येक स्कूल में जाकर वहां के पाठ्यक्रम में पढ़ाई जा रही पुस्तक और अन्य शिक्षण सामग्री की जानकारी जुटाएगी।जिसकी रिपोर्ट कलेक्टर को पेश की जाएगी।प्रत्येक स्कूल की जांच होने से शिक्षा विभाग के पास रिकार्ड एकत्रित हो जाएगा। किस स्कूल में कौन सी पुस्तक से पढ़ाई कराई जा रही है। पुस्तकों की जानकारी पब्लिक डोमिन में आने से ज्यादा से ज्यादा दुकानदार इन किताबों को बेच सकेंगे।

### महंगी पुस्तकों को पढ़ाने की होगी जांच

बैठक में बताया गया कि कई निजी स्कूलों में महंगी किताबों से पढ़ाई कराई जा रही है। इन पुस्तक की कीमत अधिक होने की वजह से पालकों को खरीदने में दिक्कत होती है। इस वजह से इनकी कीमतों को लेकर भी जांच की जाएगी।

*निजी स्कूल, एमपी बोर्ड, सीबीएससी सहित अन्य संवर्ग के स्कूलों को करना होगा पालन*

कलेक्टर ने बताया कि तय दुकानों से बेचे जा रहे कोर्स और शिक्षण सामग्री को लेकर नई गाइडलाइन का सभी निजी स्कूल, एमपी बोर्ड, सीबीएससी सहित अन्य संवर्ग के स्कूलों को पालन करना होगा। बैठक में बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल हर वर्ष जनवरी में ही एनसीआरटी से जुड़ी पुस्तकों की सूची जारी कर देता है। नई गाइडलाइन के तहत अब निजी स्कूल संचालकों को इसका ही पालन करना पड़ेगा।

### बुक्स एंड बुक्स, स्नेह सेंटर सहित 16 स्कूलों को नोटिस

तय दुकान से कोर्स, कॉपी, स्टेशनरी और यूनिफार्म बेचने के लिए पालकों को बाध्य करने वाले 16 स्कूल संचालक सहित बुक्स एंड बुक्स और न्यू स्नेह बुक सेंटर को नोटिस दिए गए हैं। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने एमपी नगर एसडीएम लक्ष्मीकांत खरे के प्रतिवेदन पर जारी किए हैं। नोटिस का जवाब मिलने के बाद एफआईआर सहित दो लाख रुपए जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। एमपी नगर एसडीएम एलके खरे की टीम ने बुधवार को एमपी नगर स्थित बुक्स एंड बुक्स और न्यू स्नेह बुक सेंटर पर छापे मारे। जांच में यह बात सामने आई थी कि स्नेह बुक सेंटर पर 11 और बुक्स एंड बुक्स पर 5 स्कूलों की बुक्स, कोर्स और अन्य मटेरियल दिया जा रहा है।

### राजधानी में बेखौफ अपराधी

# शादी के लिए डराया-धमकाया नहीं मानी तो युवती को बदमाश ने जबरन पिलाया जहर

» *दो दिन बेहोश रही पीड़िता, होश में आने के बाद बयान दर्ज किए तो हुआ खुलासा*

» *27 मार्च की देर रात की घटना, पुलिस ने दर्ज की आरोपी पर एफआईआर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बजरिया थाना क्षेत्र में एक युवती पर जबरन शादी का दबाव बना रहे बदमाश ने उसे जहर पिला दिया। घटना गत 27 मार्च की रात करीब पौने 12 बजे के आसपास की है। परिजन युवती को हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे और भर्ती कराया। करीब दो दिन युवती बेहोश रही। उसे होश आने के बाद पुलिस ने बयान दर्ज किए तो घटना का खुलासा हुआ।

युवती ने बताया कि विक्की लोधी आपराधिक प्रवृत्ति का है और वह उससे शादी नहीं करना चाहती। बावजूद इसके आरोपी उसे परेशान कर रहा था और शादी का दबाव बना रहा था। पुलिस ने युवती के बयान के बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### गर्मी के कारण बाहर मंदिर में सो रहे थे परिजन

पुलिस के अनुसार, इलाके में रहने वाली 22 साल की युवती गत 27 मार्च को घर पर अकेली थी, जबकि गर्मी का मौसम होने के कारण उसके माता-पिता और भाई घर के पास बने मंदिर में सो रहे थे। रात करीब पौने 12 बजे युवती बाथरूम के लिए घर के बाहर निकली तो मोहल्ले में रहने वाले बदमाश विक्की लोधी (ठाकुर) ने उसे पकड़ लिया और शादी के लिए डरा धमकाकर दबाव बनाने लगा।

### युवती के माता-पिता को जान से मारने की धमकी दी

युवती ने उसे कहा कि उसे शादी नहीं करनी तो वह युवती के माता-पिता को जान से मारने की धमकी देने लगा। इसी बीच उसने प्लास्टिक की शीशी में रखा कोई जहरीला पदार्थ युवती को पिला दिया और मौके से भाग निकला। घबराई युवती परिजन के पास पहुंची और उन्हें घटना की जानकारी दी। इसके बाद वह पीड़िता को हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे।

मेट्रो निर्माण को लेकर किया था मार्ग परिवर्तन

# आईएसबीटी के नजदीक सांची प्लांट की ओर से खोला रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

» रायसेन रोड, साकेत नगर, शक्ति नगर व भेल क्षेत्र के लोगों को रेलवे स्टेशन आने-जाने में मिली राहत

आईएसबीटी से आरआरएल तिराहे तक होशंगाबाद रोड पर मेट्रो निर्माण को लेकर लिए गए ट्रैफिक डायवर्सन में उन लोगों को राहत दी गई है, जिन्हें रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की दूसरी एंट्री से आना जाना है।

ट्रैफिक पुलिस ने आईएसबीटी की तरफ से सांची प्लांट के पास के बेरिकेट्स हटा कर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बाद लगा दिए हैं। इससे रायसेन रोड, साकेत नगर, शक्ति नगर व भेल क्षेत्र से इस स्टेशन की दूसरी एंट्री से आने जाने वालों को राहत मिली है। वैसे ट्रैफिक डायवर्सन के बाद से लोगों ने रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की फ्रंट की एंट्री से आना जाना शुरू कर दिया था, लेकिन इससे लोगों को काफी समय लग रहा था।



### इधर, हबीबगंज रेलवे क्रॉसिंग बंद है रास्ता

हबीबगंज रेलवे क्रॉसिंग व डीआरएम ऑफिस रोड पर मेट्रो के बन रहे स्टील ब्रिज निर्माण को लेकर आईएसबीटी से लेकर आरआरएल तिराहे तक रास्ता बंद किया गया है। पहले इस रास्ते को 28 मार्च तक के लिए बंद किया गया था, जिसे बढ़ाकर 28 अप्रैल तक कर दिया गया। अभी भी यह तय नहीं है कि 28 अप्रैल तक स्टील ब्रिज का काम पूरा हो जाएगा। इस संबंध में मेट्रो कंपनी अधिकारियों के अनुसार स्टील ब्रिज के गर्डर लांच हो गए हैं।

### विमान यात्रियों की संख्या बढ़ी

# फरवरी के मुकाबले मार्च में बढ़कर 1304 बार विमानों ने फेरे लगाए





हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

राजा भोज एयरपोर्ट से यात्रा करने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। फरवरी माह की अपेक्षा मार्च 2024 में यात्रियों की संख्या बढ़ी है। फरवरी में राजा भोज एयरपोर्ट से 1 लाख 18 हजार 959 यात्रियों ने विमान से यात्रा की। इसी माह 1123 बार विमानों ने फेरे लगाए। मार्च में संख्या बढ़कर 1 लाख 29 हजार 299 दर्ज की गई है। इस माह 1304 बार विमानों ने फेरे लगाए।

एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी का कहना है कि अप्रैल माह में यात्रियों की संख्या डेढ़ लाख से अधिक होने की संभावना है। अवस्थी का कहना है कि यात्रियों की संख्या बढ़ने से भोपाल से कुछ नए शहरों तक उड़ानें प्रारंभ होने की संभावना बढ़ गई है। इस साल कुछ नए शहर राजधानी से जुड़ेंगे।

### 8 से 10 फीट ऊंची लपटें उठीं...

# चलती कचरा गाड़ी में लगी आग, हेल्पर के हाथ जले, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेहता मार्केट के पास सुभाष नगर में नगर निगम की चलती कचरा गाड़ी में उस समय आग लग गई, जब वो डीजल भरवाकर दाना पानी से मेहता मार्केट की तरफ जा रही थी। आग लगते ही ड्राइवर ब्रेक लगाकर बाहर कूद गया। वहीं आग बुझाने की कोशिश में हेल्पर के दोनों हाथ झुलस गए। इस दौरान वहां से गुजर रहे लोगों ने फायर ब्रिगेड को फोन कर दिया, लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, तब तक गाड़ी पूरी तरह से जल चुकी थी।

ड्राइवर रोहित के अनुसार, कचरा गाड़ी मैजिक में कचरा लेकर जा रहा था, तभी धुंआ निकलने लगा। जब तक गाड़ी रोकी, तब तक उसमें से 8 से 10 फीट ऊंची लपटें निकलने लगी थीं, तो वह गाड़ी से कूद गया।



धू-धू कर राख...

▶▶ घटना सुभाष नगर मे गुरुवार सुबह करीब 11.30 बजे की है। जोन 12 के एएचओ रवि बाथम के अनुसार, गाड़ी खाली थी। हेल्पर आदित्य का इलाज कर घर भेज दिया गया। आग के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### फर्स्ट ईयर के चार विद्यार्थियों ने मैनिट कैंपस में मौजूद 30 पेड़ों पर लगाए क्यूआर कोड्स

अध्यात्म और पर्यावरण संरक्षण के लिए नई पहल

# मैनिट के स्टूडेंट्स ने जनरेट किया वृक्षों के लिए क्यूआर कोड्स, गीता में पेड़ों से संबंधित श्लोक बताएगा, देगा पेड़ों की जानकारी

मधुरिमा राजपाल ▶▶ भोपाल

आज के आधुनिक दौर में युवा अध्यात्म और पर्यावरण संरक्षण से दूर होते जा रहे हैं, ऐसे में मैनिट के फर्स्ट ईयर के चार विद्यार्थियों ने अलग-अलग वृक्षों के लिए अलग-अलग क्यूआर कोड जनरेट किए हैं। इन क्यूआर कोड्स को स्कैन करने से संबंधित वृक्ष की सम्पूर्ण जानकारी के साथ ही गीता में उससे संबंधित श्लोक भी मिल जाएगा।

मैनिट (मौलाना आजाद राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान) के फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट आदित्य सोनी, अराध्य सोनी, अनुज नामदेव और ओम समाधिया ने कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. सविता दीक्षित के अंडर में यह प्रोजेक्ट तैयार किया। जिसके अंतर्गत स्टूडेंट्स ने मैनिट कैंपस में मौजूद पेड़ों पर यह क्यूआर कोड्स लगाए हैं।

> 'वृक्षों में मैं पवित्र पीपल हूं, दिव्य द्रष्टाओं में, मैं नारद हूं, गंधर्वों में मैं चित्ररथ हूं, सिद्धों में से मैं कपिला हूं': भगवत गीता 10.26

**अलग खबर**

**खास बात**

- चार विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



### विज्ञान में जो बातें कही गई वो पहले से ही गीता में मौजूद

आदित्य ने कहा कि इसलिए हमनें प्रत्येक पेड़ के क्यूआर कोड में केवल पेड़ की डिटेल ही नहीं दी, बल्कि पेड़ से संबंधित गीता श्लोक को भी दर्शाया है। जिससे सबको पता चले कि पेड़ों के बारे में जो चीजें विज्ञान में कही जाती हैं, वो गीता में पहले से ही मौजूद है और इसलिए अध्यात्म के जरिए विज्ञान को प्रूफ किया जा सकता है।

### सीनियर्स की मदद से जाना किस वृक्ष के लिए है कौन सा क्यूआर कोड?

आदित्य ने कहा कि हमारे 650 एकड़ में फैले मैनिट कैंपस में सैकड़ों वृक्ष मौजूद है, ऐसे में हमने अभी करीब 30 पेड़ों पर यह क्यू आर कोड लगाया है और अब हमारा उद्देश्य प्रत्येक ऐसे स्थान पर यह क्यू आर कोड लगाना है, जहां लोगों का आवागमन ज्यादा है, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इस क्यू आर कोड को स्कैन करें और उन्हें वृक्ष से जुड़ी सम्पूर्ण जानकारी मिल जाए। आदित्य ने कहा कि चूंकि हमारे सीनियर्स ने गीता पर अध्ययन व रिसर्च की है, इसलिए इस प्रोजेक्ट के लिए हमने उनकी भी मदद ली कि किस वृक्ष के लिए कौनसा श्लोक निर्धारित है।

### अध्यात्म से जुड़कर लक्ष्यों को आसानी से पा सकेंगे

प्रोजेक्ट के हेड आदित्य सोनी ने कहा कि युवा अध्यात्म से जुड़ेगा तो अपने लक्ष्यों को आसानी से हासिल कर सकता है। हमारी प्रोफेसर सविता मेम हमेशा स्पिरिचुअल थिंग्स पर डिस्कस करती हैं। वो कहती हैं आज के यूथ अध्यात्म से दूर होते जा रहे हैं, जबकि हकीकत में साइंस के पीछे अध्यात्म छिपा है, यदि युवा अध्यात्म से जुड़ेगा तो अपने लक्ष्यों को आसानी से हासिल कर सकता है ओर उसके भीतर भटकाव भी नहीं होगा। इससे युवा में एकाग्रता, और आत्मविश्वास भी आएगा।

### चुनाव ड्यूटी से छुट्टी के लिए अफसर, कर्मचारियों ने लगाई 1 हजार अर्जियां

**भोपाल।** लोकसभा सीट भोपाल में चुनाव कराने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने इस बार 2363 मतदान केंद्रों पर अफसर और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। जिसमें करीब 16 हजार कर्मचारियों को तैनात किया गया है। इस बार भी चुनाव ड्यूटी से राहत के लिए अब तक करीब एक हजार अफसर और कर्मचारियों ने अर्जियां पेश की हैं। जिनकी जांच करने के बाद बीमार या बहुत जरूरी होने पर ही निर्वाचन ड्यूटी से राहत दी जाएगी। एडीएम हर्षल पंचौली ने बताया कि चुनाव के लिए सभी कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। जिले के 2363 मतदान केंद्रों पर तैनात कर्मचारियों सहित अन्य कामों में अफसरों की ड्यूटी लगाई गई हैं।

# 7वीं वाहिनी का 75वां स्थापना दिवस समारोह: महिलाओं के लिए रंगोली, रिंग थ्रो, बोरी दौड़ का किया आयोजन

स्वच्छ और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश, 5 अप्रैल तक होंगे कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल की 7वीं वाहिनी (विशेष सशस्त्र बल) की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 1 से 5 अप्रैल तक वाहिनी में खेलकूद, मोटिवेशन सेमिनार, स्वास्थ्य जागरुकता शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य इकाई के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारों की व्यावसायिक दक्षता के उन्नयन और विकास, मनोरंजन और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस आयोजन में वाहिनी के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

## अभी तक हुई कई प्रतियोगिताएं

आयोजन के प्रथम दिन 1 अप्रैल को वाहिनी के समस्त कार्यालयों, शाखाओं, आवासीय परिसरों एवं खेल मैदानों व भवनों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया और रहवासियों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। इसी क्रम में 7वीं वाहिनी के कमांडेंट श्री चौधरी द्वारा प्रत्येक कॉलोनी में आवश्यक सुविधाओं और समस्याओं के निराकरण के लिए समिति गठित की गई। उन्होंने आवासीय समिति के सदस्यों के साथ रहवासियों की बैठक लेकर समस्याओं को सुना और समिति सदस्यों को निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी प्रकार दूसरे दिन 2 अप्रैल को वाहिनी की 8 कंपनियों के मध्य वॉलीबॉल, कबड्डी एवं रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी स्पर्धा में हेडक्वार्टर एवं ए कंपनी के मध्य हुए फाइनल मुकाबले में हेडक्वार्टर कंपनी विजेता रही। वहीं वॉलीबॉल स्पर्धा में बी कंपनी एवं सी कंपनी के मध्य हुए रोमांचक फाइनल मैच में सी कंपनी विजेता रही।



## मोटिवेशन सेशन व ग्रुप डिस्कशन का आयोजन

3 अप्रैल को सुबह कक्षा 9वीं से ऊपर के विद्यार्थियों के लिए मोटिवेशन सेशन व ग्रुप डिस्कशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 7वीं बटालियन के कमांडेंट हितेश चौधरी ने उपस्थित विद्यार्थियों को अध्ययन के तरीके, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और कॅरियर चयन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर उनका मार्गदर्शन किया। 4 अप्रैल को महिलाओं के लिए रंगोली, रिंग थ्रो, कुर्सी दौड़, बोरी दौड़ रस्साकसी और डार्ट्स गेम का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में विशेष सत्र

# राष्ट्र की सेवा का सबसे बेहतर माध्यम है भारतीय सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में गुरुवार को एक विशेष सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें कर्नल नारायण पारवानी ने भारतीय सेना के बारे में छात्राओं को प्रेरित किया। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने सिद्ध भाऊ, कर्नल नारायण पारवानी, घनश्यामदास बूलचन्दानी, के.एल. रामनानी एवं हीरो ज्ञानचंदानी का स्वागत किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कर्नल पारवानी ने भारतीय सशस्त्र सेवा की वीरता, यश एवं साहस के किस्से सुनाए एवं कहां कि राष्ट्र की सेवा का



सबसे बेहतर माध्यम है भारतीय सेना। उन्होंने बताया कि भारतीय सशस्त्र सेना में जल सेना, थल सेना, वायु सेना के अलावा असम राइफल्स और इंडियन कोस्ट गार्ड के साथ-साथ पैरामिलिट्री संगठन भी होते हैं, जो भारतीय सशस्त्र सेना के साथ काम करते हैं।

## खबर संक्षेप



### मंडीदीप में खो-खो प्रतियोगिता आयोजित

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में विजे स्पोर्ट्स क्लब द्वारा खो-खो नाइट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 14 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सीनियर बलिका वर्ग में विवेक जागृति विजेता व स्पीड चेजर टीम उपविजेता रही। वहीं जूनियर बालक वर्ग में विवेक जागृति स्कूल के बालक प्रथम व एक्सल पब्लिक स्कूल द्वितीय स्थान रहा। वहीं सीनियर बालक वर्ग में यंग वॉरियर्स टीम प्रथम, तूफान टीम द्वितीय व शासकीय बालक तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजक विराट मिश्रा ने बताया विजेताओ को जिला हॉकी संघ उपाध्यक्ष रिजवान अली, कपिल देव सिंह चौहान सहित अन्य अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

### पक्षियों लिए दाना पानी अभियान चलाया



**मंडीदीप।** भीषण गर्मी को देखते हुए औद्योगिक नगर स्थित राजा भोज शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने परिसर तथा अपने-अपने घर से दाना-पानी अभियान शुरू किया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने अपने-अपने घर के आसपास पक्षियों के लिए दाना-पानी रखा और स्वयंसेवक आर्यन ठाकुर, कुंती अहिरवार, स्वाति, राम, पायल, आरती, रोहित ने अपने आसपास के लोगों को भी पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने के लिए प्रेरित किया।

### वार्ड 4 में चलाया मतदाता जागरुकता अभियान




**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद के विभन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान प्रतिदिन चलाया जा रहा है। गुरुवार को वार्ड 4 सब्जी मार्केट में वार्डवासियों को 7 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान बीएलओ कर्मचारी पीआर नागर, राजकुमार शर्मा, प्रमोद पांडेय, विनोद यादव, कन्हैया धुर्वे एवं अन्य बीएलओ कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य केंद्र में बिजली गुल, नहीं बनता पर्चा

**भोपाल।** कोलार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिजली गुल होने पर सारी व्यवस्थाएं ठप हो जाती हैं। ओपीडी में पंजीयन करने के लिए लगे सिस्टम तक बंद हो जाते हैं। ऐसे में ओपीडी में आए मरीजों को पर्चा नहीं बनने पर बिना इलाज के ही लौटना पड़ता है। यह स्थिति तब है जब संस्थान के पास 25 वॉट सोलर सिस्टम और दो जनरेटर मौजूद हैं। इसके बावजूद केंद्र में बिजली की दिक्कत होती है।

बैरसिया थाना क्षेत्र का मामला

# घर में घुसकर बीमार बहू से जेठ ने किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र के एक कस्बे में बुधवार सुबह जेठ द्वारा बीमार बहू से घर में घुसकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना के समय पीड़िता घर में अकेली थी, जबकि पति बच्चे को लेकर भोपाल आया हुआ था। परिवार के अन्य सदस्य भी खेत पर काम करने गए थे, तभी आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस के अनुसार बैरसिया थाना क्षेत्र एक गांव में रहने वाली तीस साल की महिला गृहणी है, जबकि उसका पति किसानी करता है। महिला परिवार के साथ खेत पर बने मकान में रहती है। पिछले कुछ दिन से उसकी सास की तबीयत खराब है। उनका भोपाल के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पति अपनी मां के देखभाल के लिए अस्पताल में रह रहा है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी



तबीयत खराब थी और वह 2 अप्रैल मंगलवार रात घर पर अकेली थी, तभी जेठ खेत पर बने मकान पर पहुंचा और बाहर खाट (चारपाई) डालकर सो गया। अगले ही दिन बुधवार सुबह करीब 7 बजे वह बहू के कमरे में पहुंचा तो वह सोई हुई थी। जेठ ने बहू को अकेला देखकर उसके साथ दुष्कर्म किया और भोपाल चला गया। पति घर लौटा तो महिला ने जेट द्वारा दुष्कर्म की बात बताई। इसके बाद पति उसे थाने लेकर पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी जेठ को गिरफ्तार कर लिया है।

## 65 साल की महिला ने जहर खाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित ग्राम भैंसोदा में गुरुवार सुबह 65 साल की बुजुर्ग महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। पड़ोसी उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे थे। बैरसिया के सरकारी अस्पताल से महिला को हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया, वहां गया इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी नरेन्द्र कुलस्ते ग्राम भैंसोदा, बैरसिया निवासी बसंती बाई पत्नी नारायण सिंह (65) के परिवार के सदस्य खेती-किसानी करते हैं। पिछले 15-20 दिन से सभी लोग भोपाल आए हुए थे। बसंती बाई गांव में अकेली रह रही थीं। गुरुवार सुबह बुजुर्ग महिला ने घर में रखा कीटनाशक खा लिया। गंभीर हालत में उन्हें पहले शासकीय अस्पताल बैरसिया और फिर बाद में हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी का कहना है कि होश में नहीं होने के कारण मृत्युपूर्व कथन नहीं हो सके हैं। शार्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद बयान दर्ज किए जाएंगे। उसके बाद ही खुलासा होने की उम्मीद की जा रही है।

कोहेफिजा और शाहजहांनाबाद में बदमाश ने वारदात को दिया अंजाम

# दो दिन पूर्व जेल से छूट कर आए बदमाश ने 40 मिनट में दो युवकों पर किया चाकू से हमला

- अड़ीबाजी कर रहे बदमाश ने हमीदिया गेट पर बीसीसीएल की बस में छात्र को मारा चाकू, फिर मदर इंडिया कॉलोनी में युवक से की चाकूबाजी
- बदमाश ने उक्त वारदात शराब के लिए अड़ीबाजी करते हुए की
- पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया वहां से उसे जेल भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा और शाहजहांनाबाद में एक आदतन बदमाश ने दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। बदमाश ने उक्त वारदात शराब के लिए अड़ीबाजी करते हुए की। उसने पहली वारदात हमीदिया गेट के पास चलती बस में की, जबकि दूसरी वारदात अपने मोहल्ले मदर इंडिया कॉलोनी में की। महज चालीस मिनट के भीतर आरोपी ने दो वारदातों को अंजाम दिया। कोहेफिजा थाना क्षेत्र में लूट के मामले में गिरफ्तार आरोपी दो दिन पूर्व ही जमानत पर छूटकर आया था। शाहजहांनाबाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है। वहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। कोहेफिजा पुलिस ने बताया कि 19 साल का देवेंद्र भील, केंद्रीय जेल के पास गांधी नगर में रहता है और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। वह प्रतिदिन बीसीसीएल की बस से एमपी नगर कोचिंग आता है। बुधवार दोपहर देवेंद्र कोचिंग से छूटकर बस से गांधी नगर जा रहा था।





## पैसे न देने पर मारा चाकू

दोपहर करीब 2.25 बजे बस हमीदिया अस्पताल के गेट के सामने रुकी। इस दौरान एक बदमाश देवेंद्र के पास आकर खड़ा हो गया। उसने देवेंद्र से शराब पीने के लिए रुपए मांगे। देवेंद्र ने कहा कि उसके पास रुपए नहीं है। इस पर बदमाश ने चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। चाकू कहा हमला रोकने देवेंद्र ने हाथ आगे किया तो चाकू उसके हाथ में लगा है। चाकूबाजी की घटना होते ही बस के अंदर बैठी सवारियों के बीच दहशत फैल गई। विवाद होने की भनक लगते ही बस ड्राइवर ने बस रोकी तो आरोपी कूदकर भाग निकला। कंडक्टर और ड्राइवर ने बताया कि आरोपी नसीम उर्फ नौसे खां था।

## मदर इंडिया कॉलोनी में भी युवक को चाकू से गोदा

बस से कूदकर भागने के बाद नसीम शाहजहांनाबाद स्थित मदर इंडिया कॉलोनी पहुंचा। वह मदर इंडिया कॉलोनी में ही रहता है। उसने दोपहर करीब 3 बजे के आसपास कॉलोनी में रहने वाले अरबाज उर्फ अयूब (22) को रोक लिया और शराब के लिए अड़ीबाजी करने लगा। अरबाज ने उसे कहा कि उसके पास रुपए नहीं है तो वह भड़क गया और चाकू से उस पर हमला कर दिया। अरबाज की पीठ सिर और हाथ में चाकू के गहरे घांव हैं। अरबाज ने पुलिस को बताया कि घटना के समय वह बैरागढ़ अस्पताल में भर्ती एक परिचित को ब्लड डोनेट करने जा रहा था, तभी अरबाज ने उसे रोककर वारदात की। पुलिस ने अरबाज की शिकायत पर अड़ीबाजी और धारदार हथियार से हमला करने का मामला दर्ज नसीम को गिरफ्तार कर लिया है।

### नशे का आदी है सिरफिरा नसीम

पुलिस ने बताया कि आरोपी नसीम खां आदतन बदमाश है और नशे का आदी है। नशे के लिए वह वारदात करता है। शाहजहांनबाद थाने में उस पर 9 अपराध दर्ज है। कोहेफिजा में भी 8 अपराध दर्ज है। इसी प्रकार आरोपी के खिलाफ हनुमानगंज में भी अपराध दर्ज है। करीब 20 अपराध होने के कारण उसके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई के लिए लिखा गया है। पुलिस बाउंड ओवर की भी कार्रवाई कर चुकी है। बाउंट ओवर का उल्लंघन करने पर उसके खिलाफ धारा 122 की भी कार्रवाई की गई है।

# पुलिस ने किए दो आरोपी गिरफ्तार बाइक और 56,500 रुपए जब्त

पुलिस ने किया चंद घंटे में ही लूट की वारदात का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

बुधवार को प्रवीण सेन पिता रामू सेन (25) महावीर कॉलोनी ने निवासी ने औबेदुल्लागंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि समूह में वितरित लोन के किस्त कलेक्शन कर तामोट इकलवाड़ा सिंहपुर से ग्राम कुमड़ी जाने वाले पुलिया के पास अपनी बाइक से पहुंचे थे तो दो अज्ञात व्यक्ति मेरी बाइक को रोक कर मेरे बैग में रखा कलेक्शन 57,365 रुपए और पर्स से आधार कार्ड, आईडी कार्ड, व अन्य दस्तावेज लूट कर भाग गए हैं। औबेदुल्लागंज थाना टीआई भारत प्रताप सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण की सूचना पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहवाल एवं औबेदुल्लागंज एसडीओपी शीला सुराणा को दी। पुलिस ने मुखबीर तैनात कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी से संदेही अभिनव चंद्रवंशी जो संहिता कम्युनिटी डेवलपमेंट सर्विस कंपनी में ही काम करता है की तलाश की गई।

## पूछताछ में कबूला जुर्म करना

मोहन नगर थाना पिपलानी पहुंच कर पुलिस ने अभिनव चंद्रवंशी (19) पिता मनोज चंद्रवंशी निवासी कुरावर जिला राजगढ़ को पकड़ कर पूछताछ की तो उसने हरिओम सोनी की बाइक से लूट करना कबूल किया। पुलिस ने जब हरिओम को गिरफ्तार कर



पूछताछ की तो उसने भी जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों से 5,65,00 एवं बाइक जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। औबेदुल्लागंज पुलिस ने 4 घंटे में ही लूट की गुत्थी सुलझाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में एसडीओपी शीला सुराणा, निरीक्षक भारत प्रताप सिंह, सुरेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, राजेश केवट, बृजेश जाट, अभिषेक चौधरी, धनराज यादव, प्रशांत लववंशी, आदेश चौरे, राजेश नागर, माखन उइके, ऋषभ यादव, बिंदु प्रसाद, उर्मिला जितेंद्र कुमार, बेनी प्रसाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### कांग्रेस के लोस प्रत्याशी प्रतापभानु और पटेल का नगर आगवन, की चर्चा

औबेदुल्लागंज। बुधवार देर रात्रि में कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल औबेदुल्लागंज में आए और विनोद इरपाचे, राजेश खटीक, द्वारका पटेल, सुरजीत सिंह बिल्ले, विक्रांत राय, अमर पेठारी, राजू मेहरा, रेवा शंकर राय, उत्तम यादव, राजाराम यादव से चर्चा की एवं संगठित होकर कार्य करने की बात कही।

आज से शुरू होगी किसानों की उपज की तुलाई

# नेहा और कांति वेयरहाउस में तौल कांटे का किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामोट

नेहा वेयरहाउस बीलखेड़ी गेहूं और कांति वेयर हाउस चना का केंद्र है। यहां तौल कांटे का पूजन भाजपा जिला महामंत्री रविंद्र विजयवर्गीय, नरेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष द्वारा किया गया। इस दौरान अतिथियों का स्वागत संजीव चौहान ने गया।

कार्यक्रम में रामकिशोर चौहान, रामपाल चौहान, पर्वत सिंह राजपूत, लालाराम कुशवाहा, सुरजीतसिंह चौहान, रूपेश चौहान, जनपद सदस्य मानसिंह चौहान, प्रकाश चौहान, निलेश ठाकुर, सरपंच ओमकार कुशवाहा, नितिन राय, राहुल चौहान सहित आसपास के



किसान उपस्थित रहे। सहकारी समिति तामोट के अनिल सेन, बलवान सिंह, राजेश नंदवंशी, मनोज चौहान, पप्पू सेन ने तोल कांटे का पूजन में शामिल रहे। नेहा वेयरहाउस बीलखेड़ी में आसपास के किसानों को फसल लाने में पास पड़ता है। नेहा वेयरहाउस में गेहूं की तुलाई कल से की जाएगी। किसान स्लाइट बुक कर अपनी उपज ला सकते हैं

बिलखिरिया के गांव समरधा में हुआ हादसा

# टावर पर चढ़कर बात कर रहा युवक 100 फीट की ऊंचाई से गिरा, हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित गांव समरधा में टावर पर चढ़कर मोबाइल पर बात कर रहा युवक नीचे गिर गया। करीब 100 फीट की ऊंचाई से गिरने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजन छत्तीसगढ़ से भोपाल के लिए निकल गए है। उनके पहुंचने पर पीएम कराया जाएगा।

## नेटवर्क नहीं मिलने पर युवक टावर पर चढ़ कर मोबाइल पर बात कर रहा था



पुलिस के अनुसार कल्लू उर्फ धर्मराज ठाकुर पिता तेजबहादुर ठाकुर (30) गांव मस्तूरी, थाना मस्तूरी, छत्तीसगढ़ का था। तीन चार दिन पहले ही वह बीएसएनएल के टावर पर चौकीदारी करने के लिए आया था। टावर बनकर तैयार है, लेकिन अभी डिस्क और नेटवर्क सिस्टम इस्टांल होना बाकि है। गांव में नेटवर्क नहीं रहता है। साथ चौकीदारी करने वाले हरिदास अहिरवार ने पुलिस को बताया कि कल्लू को छत्तीसगढ़ बात करनी थी और नेटवर्क नहीं था। मंगलवार रात वह टावर पर चढ़ा था और उसे नेटवर्क मिल गया और परिवार से बातचीत हो गई। हरिदास ने उसे कहा था कि बात हो गई है अब दौबारा टावर पर नहीं चढ़ना। बावजूद इसके कल्लू बुधवार रात भी टावर पर चढ़ गया। वह अपने साथ बैग और मोबाइल लेकर चढ़ा था। गुरुवार सुबह हरिदास ने उसकी लाश टावर के नीचे पड़ी देखकर पुलिस को सूचना दी थी। अनुमान है कि वह बात करने के लिए टावर पर चढ़ा था और नींद लगने के कारण नीचे गिर गया।

### 100 फीट पर है मेंटेंनेंस करने के लिए ठिया

पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि टावर पर करीब 100 फीट की ऊंचाई पर मेंटेंनेंस करने के लिए एक ठिया बनाया है। इस पर टेक्निशियन बैठकर डिस्क और अन्य उपकरणों को सुधारते हैं। इसी जगह पर कल्लू का बैग और मोबाइल रखा मिला है।

# दशा माता की पूजा कर महिलाओं ने की पीपल के पेड़ की परिक्रमा

आटे और हल्दी से बने सोलह श्रृंगार की सामग्री भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को महिलाओं ने दशा माता का पर्व परंपरागत रूप से मनाया। महिलाओं ने पूजन-अर्चन कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने इस दौरान पीपल के पेड़ की दस बार परिक्रमा की और कच्चा सूत लपेटा। कुमकुम, मेहंदी लगाई और चुनरी ओढ़ाई। वहीं, आटे और हल्दी से बने सोलह श्रृंगार की सामग्री भेंट की। आरती के बाद चावल-लापसी का भोग लगाकर नारियल चढ़ाए। महिलाओं ने नलंती की कथा सुन गले में धागा पहना। दशा माता मां पार्वती का ही स्वरूप है।



## वृक्षों की त्रिवेणी की पूजा का विधान

इस दिन वृक्षों की त्रिवेणी (पीपल, नीम और बरगद) की पूजा करने का भी विधान है। घरों में भी प्रतीक की स्थापना कर पूजा की गई। नगर की रेखा पाल एवं राधिका पाल ने बताया कि दशा माता का पूजन करने के पीछे मान्यता है कि इस व्रत को करने से व्यक्ति का बुरा समय दूर हो जाता है तथा अच्छा समय आ जाता है। व्यक्ति की दशा ठीक है तो उसके सभी कार्य सफल होने लगते हैं, लेकिन जब व्यक्ति की दशा खराब होती है, उसके कार्य में बाधा आने लगती है। दशा माता की पूजा विधि-विधान से करने पर व्यक्ति का बुरा समय दूर हो सकता है। साथ ही दशा माता की कृपा सदैव बनी रहती है।






**लोकसभा क्षेत्र**
सीधी

1 **भाजपा प्रत्याशी**
डॉ. राजेश मिश्रा

2 **कांग्रेस प्रत्याशी**
कमलेश्वर पटेल

**पिछली बार कौन जीता**
रीति पाठक

**जीत का अंतर**
2 लाख 86 हजार 524

## क्या रहेंगे मुद्दे?

विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने गारंटियों की बात की थी, इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गारंटी देने लगे। चुनाव में दोनों की गारंटियां चल रही हैं। भाजपा कहती है कि 'कोई भी भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा यह मोदी गारंटी है। राजनीति में परिवारवाद को पनपने नहीं देंगे, यह मोदी की गारंटी है।' दूसरी तरफ कांग्रेस पांच वर्गों को न्याय दिलाने की बात कर रही है। इसके साथ पार्टी की लगभग दो दर्जन गारंटियां भी हैं। दोनों दलों के अपने राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दे हैं। भाजपा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कराए गए कार्य गिना रही है तो कांग्रेस उनकी सरकार में किए कार्य बता रही है।

### परिसीमन में सामान्य होने के बाद लगातार जीत रही भाजपा, समीकरण बिगाड़ने की कोशिश में भाजपा के बागी अजय

# सीधी में भाजपा भारी पर माहौल एकतरफा नहीं, कांग्रेस दे रही कड़ी टक्कर

*सीधी से सांसद रहीं रीति पाठक इस बार मैदान में नहीं हैं। भाजपा ने उनके स्थान पर डॉ. राजेश मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। बाहर से देखने पर भाजपा का पलड़ा भारी दिखता है, लेकिन माहौल एकतरफा नहीं है। कांग्रेस की ओर से मैदान में उतरे पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल कड़ी टक्कर दे रहे हैं। भाजपा को बगावत का सामना भी करना पड़ा है। राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह पार्टी से इस्तीफा देकर गोंगपा के टिकट पर मैदान में कूद गए हैं। सीधी क्षेत्र में आदिवासी मतदाताओं की तादाद अच्छी-खासी है। हर विधानसभा क्षेत्र में काफी तादाद में गोंगपा के परंपरागत वोट बताए जाते हैं। इनके सहारे अजय प्रताप हार-जीत के समीकरण बिगाड़ने की कोशिश में हैं। भाजपा को सीट पर कब्जा बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करना पड़ रही है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

विंध्य अंचल की सीधी लोकसभा सीट से सांसद रहीं रीति पाठक को भाजपा ने विधानसभा का चुनाव लड़ाया था। अब वे विधायक हैं। उनके स्थान पर प्रत्याशी बनाए गए डॉ. राजेश मिश्रा कांग्रेस के साथ कड़े मुकाबले में फंसते दिख रहे हैं। कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे कमलेश्वर पटेल उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। वजह दो हैं। पहला, क्षेत्र में पटेल सहित पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की अच्छी-खासी तादाद और दूसरा, भाजपा के राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह का पार्टी से बगावत कर मैदान में उतरना। जहां तक सीधी सीट के राजनीतिक मिजाज का सवाल है


डॉ. राजेश मिश्रा


कमलेश्वर पटेल

तो 2008 के परिसीमन के बाद यह सामान्य हुई है। तब से सीट पर भाजपा का कब्जा है। 2009 का पहला चुनाव गोविंद मिश्रा जीते थे। इसके बाद 2014 और 2019 के दो चुनाव भाजपा की ही रीति पाठक जीतीं। 2008 से पहले सीट अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित थी। तब कभी कांग्रेस और कभी भाजपा जीतती थी। सीधी में भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी बदलने से राजनीतिक सीमकरण भी बदले हैं। जैसे अब तक भाजपा को सिंगरौली क्षेत्र में एकतरफा वोट मिल रहा था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा, क्योंकि कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल का इस क्षेत्र में अच्छा असर है। उनके परिवार के लोग यहां रहते हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने समर्थन किया तो क्षत्रिय और उनके प्रभाव वाला वोट भी भाजपा को नहीं मिलेगा। बचा खुचा अजय प्रताप सिंह ले जा सकते हैं। इसके अलावा सीधी क्षेत्र में पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की तादाद अच्छी है। कमलेश्वर के पिता स्व इंद्रजीत कुमार का क्षेत्र में हर कोई सम्मान करता है। इसमें कोई शक नहीं कि भाजपा के डॉ. राजेश मिश्रा साफ-सुथरी छवि के हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता उनकी बड़ी ताकत है। क्षेत्र में भाजपा का स्थाई वोट बैंक है। हालांकि राजेश बसपा से विधानसभा का एक चुनाव लड़कर हार चुके हैं। वे बाद में भाजपा में आए।

### विस में भाजपा ताकतवर कांग्रेस की हालत पतली

चार माह पहले नवंबर 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी 2018 वाली स्थिति बहाल रखी है। पहले भी उसके पास 8 में से 7 सीटें थीं, अब भी हैं। 2018 में क्षेत्र की आठ में से सिर्फ एक सीट सिहावल में कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल जीते थे, जबकि 2023 में कांग्रेस के अजय सिंह चुरहट की सीट जीते। कांग्रेस के हालात पिछली बार जैसे इस मायने में भी हैं कि 2018 में अजय सिंह विधानसभा चुनाव हारे थे और 2019 में कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी बनाया था। इसी तरह इस बार 2023 में विधानसभा हारे कमलेश्वर को कांग्रेस ने लोकसभा का टिकट दे दिया। अजय सिंह को 2 लाख 86 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से पराजय का सामना करना पड़ा था। कमलेश्वर पटेल कैसा प्रदर्शन करते हैं। यह 4 जून को मतगणना के दिन पता चल सकेगा।

### तीन जिलों में फैला है सीधी लोकसभा क्षेत्र

भागौलिक दृष्टि से सीधी लोकसभा क्षेत्र तीन जिलों में फैला है। पिछले चुनाव तक यह दो जिलों सीधी और शहडोल तक था, लेकिन बाद में सिंगरौली नया जिला बन गया। इसके बाद इसकी सीमा तीन जिलों को छूने लगी। लोकसभा की सीमा में आने वाले आठ विधानसभा क्षेत्रों में से सीधी जिले की चार विधानसभा सीटें चुरहट, सीधी, सिहावल और धौहनी आती हैं। सिंगरौली जिले की तीन सीटें चितरंगी, देवसर और सिंगरौली हैं जबकि एक सीट व्यौहारी शहडोल जिले की है। इनमें से सिर्फ चुरहट में कांग्रेस का कब्जा है। कांग्रेस के अजय सिंह 27 हजार 777 वोटों के अंतर से जीते हैं। शेष सभी सीटों में भाजपा काबिज है। उसकी जीत का अंतर कुल मिलाकर 2 लाख 2 हजार से ज्यादा है। इससे भाजपा की ताकत का पता चलता है।

### अजा-जजा, ब्राह्मण पिछड़ों का दबदबा

परिसीमन से पहले सीधी अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित थी। क्षेत्र की 8 में से 3 विधानसभा सीटें इस वर्ग के लिए आरक्षित हैं। अनुसूचित जाति वर्ग के लिए भी एक विधानसभा सीट आरक्षित है। दोनों वर्ग के मतदाताओं की तादाद 4 लाख के आसपास बताई जाती है। इसके बाद ब्राह्मण और पिछड़े वर्ग के लगभग बराबर 3-3 लाख मतदाता हैं। पिछड़ों में पटेलों के अलावा काछी और यादव बड़ी तादाद में हैं। ब्राह्मणों के एकमुश्त वोट भाजपा के पाले में जाने की संभावना है। पटेलों के साथ कुछ अन्य पिछड़ी जातियां कांग्रेस के साथ जा सकती हैं। भाजपा के बागी गोंगपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह क्षत्रियों और आदिवासियों के कुछ वोट ले जा सकते हैं।

---

**जैसा मैंने देखा**

## चुनाव...

### 1989 के लोकसभा चुनाव में कूरियर का उपयोग कर भेजना पड़ती थी खबरें

चुनावी मौसम में अक्सर लोग कहते सुनाई पड़ते हैं कि हमारे यहां चुनाव हो रहे हैं पता ही नहीं चल रहा। लोगों की यह शिकायत जायज भी है। न लोहे और प्लास्टिक के बिल्ले लटकाए पार्टी कार्यकता नजर आते हैं और न ही कानफोड़ू चुनावी शोर सुनाई देता है। न नारों की होड़ और न प्रचार की मेहनत जी-तोड़। इसके बावजूद हर चुनाव में लोगों की भागीदारी बढ़ रही हैं। चुनाव दर चुनाव मतदान प्रतिशत बढ़ रहा है। लोग बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के इस यज्ञ में वोटों की आहूति दे रहे हैं। प्रत्याशी से लेकर प्रधानमंत्री तक वोटरों से आभासी संपर्क कर पा रहे हैं। चुनाव प्रचार के पैटर्न में आए इस बदलाव का श्रेय संचार क्रांति को जाता है। संचार क्रांति ने सियासी पार्टियों की ही नहीं, हम जैसे खबरनवीसों की राह भी आसान कर दी है। मुझे याद है कि 1990 के विधानसभा चुनाव में मैंने पहली बार फैक्स का उपयोग किया था। तब छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश का ही हिस्सा था। दूरी के कारण रायपुर से भोपाल खबर भेजना आसान काम नहीं था। कूरियर के अलावा कोई और विकल्प नहीं था, जो बड़ी-बड़ी स्टोरी प्रेस तक भेज सके। कूरियर भी पांच से छह दिन लेता था। 1989 के लोकसभा चुनाव में कूरियर का ही उपयोग कर खबरें भेजना पड़ती थी। रायपुर मे जब पहली बार अपना लिखा पन्ना फैक्स मशीन के अंदर गया और भोपाल से सूचना मिली कि खबर मिल गई, तब घोर आश्चर्य हुआ। इसके बाद इंटरनेट आया तो राह और भी सुगम हो गई। वाट्सएप ने तो जैसे क्रांति ही कर दी। इसके वॉइस टाइपिंग वाले फीचर से लिखने का झंझट भी कम हो गया। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लोग फोन से शॉट लेकर वाट्सएप के जरिए आसानी से दर्शकों तक चुनावी रैलियां दिखा रहे हैं। यही काम सियासी दल भी कर रहे हैं। बयान के लिए अब नेता अखबारों के दफ्तर नहीं जाते। उनके 'एक्स' हैंडल से बयान उठाना पड़ता है। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री से लेकर बड़े नेताओं की रैली कवर के करने के लिए किसी को धक्के खाने की जरूरत नहीं। घर बैठै लाइव के माध्यम से लोग उसमें हिस्सेदारी कर रहे हैं। कहने की गरज यह कि संचार माध्यमों ने चुनावी प्रचार का मिजाज पूरा का पूरा बदल दिया है।


ऋषि पांडे
वरिष्ठ पत्रकार

## फर्स्ट टाइम वोटर

### मतदान के लिए नागरिकों को जागरूक करना चाहिए...

हमारी सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि हम लोकतंत्र को मजबूत करने में सहयोग करें। वह तभी संभव होगा, जब एक बेहतर सरकार सत्ता में होगी। इसलिए हर व्यक्ति का मतदान करना बहुत जरूरी है। यह देश युवाओं का देश है और ऐसे में युवाओं की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। हमें खुद मतदान करने के साथ ही लोगों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए।


राहुल सिसौदिया, युवा मतदाता

### युवा देश का केंद्र बिंदु, रोजगार और शिक्षा प्रमुख विषय रहेंगे...

लोकसभा चुनाव नजदीक हैं। ऐसे में युवाओं को चाहिए कि वह खुद मतदान करने के साथ लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करें। युवा इस देश का केंद्र बिंदु हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव में रोजगार, शिक्षा प्रमुख विषय रहेंगे। हमारे मतदान करने से एक बेहतर सरकार सत्ता में आती है और विकास के लिए बेहतर काम करती है। हम ऐसे लोगों को चुने, जो देश हित में काम करे और लोकतंत्र को मजबूत करे।


दीपांशु पटले, युवा मतदाता

**जो हो न सका...**

### तीन करोड़ खर्च के बाद भी खूबसूरत भोपाल का ताजमहल बनता जा रहा है खंडहर

आगरा में स्थित ताजमहल ही भारत का एकमात्र ताजमहल नहीं है। भोपाल में भी एक ताजमहल है। इसे महिला नवाब शाहजहां बेगम ने बनवाया था, लेकिन उसकी खूबसूरती देख लोग उसे ताजमहल कहने लगे। यह महल 17 एकड़ से ज्यादा की जमीन पर बना है। पुरातत्व विभाग ने इसे अपने संरक्षण में लिया और बीते कई सालों में ताजमहल पर तीन करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च हो चुके हैं, लेकिन सुधार के नाम पर कुछ भी नहीं दिख रहा। ताजमहल से लगे तीन मोहरे के पत्थर गिर गए थे। इनका दोबारा काम किया गया, जो भोपाल स्मार्ट सिटी ने जयपुर के कारीगरों से करवाया था। जब यह पुरातत्व संग्रहालय के अधीन था, तो 10 साल में इस पर करीब 3 करोड़ रुपए खर्च किए, इसके बाद भी इसका सुधार नहीं हो पाया।

**146 साल पुरानी है इमारत**



इमारत करीब 146 साल पुरानी है। इसे हेरिटेज होटल बनाने के लिए लीज निरस्त करने के बाद इंदौर की गोल्डमैन होटल्स को दोबारा सौंपा गया, लेकिन काम शुरू ही नहीं हो पाया और फाइलें अब ठंडे बस्ते में हैं।

## चाय पे चर्चा

▶▶ भानपुर क्षेत्र में चाय की दुकान पर लोकसभा चुनाव को लेकर राजधानी के लोग सियासी चर्चाओं में व्यस्त

### उम्मीदवारों की जीत-हार के दावे करने लगे लोग, प्रत्याशी की छवि, पार्टी और क्षेत्र में किए गए विकास पर चर्चा

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है। शहर के हर क्षेत्र में चुनावी चर्चाओं का माहौल गर्म होने लगा है। ऐसे में अपने-अपने उम्मीदवार और राजनैतिक पार्टी को लेकर लोग चर्चाओं में जीत-हार तक के दावे पर करने लगे हैं, लेकिन नतीजा भविष्य के गर्भ में छिपा है। ऐसी ही एक चर्चा में भानपुर क्षेत्र में कुछ लोगों के बीच चर्चाओं में चुनाव में अपने उम्मीदवार को जिताने और अन्य राजनैतिक पार्टियों को हराने की बात होती रही। चर्चा में शामिल ह्रदेश किरार, अशफाक अहमद, निरपत ठाकुर, पप्पू लोधी, पप्पू शाक्य ने लोकसभा चुनाव पर चर्चा की। उनका कहना है कि चुनाव आने पर हर वोटर अपने प्रत्याशी की जीत के लिए अपने स्तर पर प्रयास ही नहीं, पूरी कोशिश करता है। स्वयं वोट करने के साथ दूसरे को भी इसके लिए जागरुक करता है, लेकिन हर वोटर आज किसी के कहने से वोट नहीं, बल्कि प्रत्याशी की छवि, राजनैतिक पार्टी और क्षेत्र में किए गए विकास सहित कई मुद्दों को ध्यान में रखकर मतदान करता है। इधर, उम्मीदवार हर स्तर पर लोगों को वोट करने के लिए प्रचार-प्रसार से लेकर सीधे जनता के बीच पहुंच कर संपर्क कर रहे हैं। रही बात हार-जीत की तो यह अभी से कहना जल्दबाजी होगा। नतीजा भविष्य में सबसे सामने आएगा।



### केंद्रीय मंत्री ने शिवपुरी विस के मंडल और बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक को किया संबोधित

## प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को विश्व पटल पर स्थापित किया: ज्योतिरादित्य सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में केंद्र की भाजपा सरकार ने देश का सभी क्षेत्रों में विकास किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विश्व पटल पर स्थापित किया है। प्रधानमंत्री कहते हैं कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा को कार्य रूप में उतार रहे हैं, जिस कारण देश के भ्रष्टाचारी परेशान हैं और पानी पी-पी कर एक दूसरे को कोसने वाले राजनीतिक दल एक गठबंधन बनाकर एक हो गए हैं। यह बात केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी में शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र के मंडल व बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कही।

**दादी ने डीपी मिश्रा को तो मैंने दो जोड़ी भाइयों को धूल चटाई**



केन्द्रीय मंत्रीज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मेरी आजी अम्मा राजमाता विजयाराजे सिंधिया ने भाजपा को स्थापित करने में अपना योगदान दिया। जब उनके स्वाभिमान को चोट पहुंची तो डीपी मिश्रा की सरकार को ललकारते हुए उन्हें धूल चटाई। इसी तरह मैंने अपनी आजी अम्मा के पद चिन्हों पर चलते हुए जन विरोधी सरकार को गिराकर दो जोड़ी भाइयों को धूल चटाई। इसके बाद मप्र में डबल इंजन की सरकार आई और मध्यप्रदेश का रूका हुआ विकास कार्य तेजी से शुरू हो गया।

## सी विजिल एप पर 19 दिन में आईं 61 शिकायत, 100 मिनट में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोकसभा चुनाव के लिए 16 मार्च को लगाई गई आचार संहिता के बाद से सी विजिल एप को एक्टिवेट कर दिया गया है, जिसमें आचार संहिता उल्लंघन से जुड़ी शिकायतें फोटो सहित अपलोड की जाती है। पिछले 19 दिनों के दौरान बैनर, पोस्टर से जुड़ी 61 शिकायतें अपलोड की गई हैं, जिनका एसएसटी टीमों ने निराकरण किया है। सौ मिनट में शिकायत पर कार्रवाई की जाती है। सी विजिल एप पर एमपी नगर में जुआ-सट्टा खिलाने की शिकायत भी दर्ज कराई गई है। जिसे पुलिस की टीम को फॉरवर्ड किया गया है।

16 मार्च से लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगी है। तभी से सी-विजिल ऐप के जरिए शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। अफसरों का कहना है कि नामांकन की प्रक्रिया पूरी होते ही सी-विजिल पर शिकायतों का आंकड़ा और बढ़ेगा।

**हर विधानसभा में 9-9 टीमें**

सी-विजिल पर दर्ज शिकायत को 100 मिनट में हर हाल में दूर करना है। इसलिए भोपाल जिले की सभी 7 विधानसभाओं के लिए 9-9 टीमें बनाई गई है। लोकसभा सीट में सीहोर विधानसभा भी शामिल हैं। वहां के लिए भी टीमें बनाई गई हैं।

**सी-विजिल ऐप से कैसे करें शिकायत?**

जो लोग सी-विजिल ऐप से शिकायत करना चाहते हैं। उन्हें इस ऐप को इंस्टॉल करना होगा। जिसमें शिकायत करने पर नाम, पता, राज्य, जिला, विधानसभा और पिनकोड की जानकारी देनी होगी। शिकायतकर्ता 2 मिनट तक का वीडियो ऐप पर अपलोड कर सकता है। फोटो और वीडियो से जुड़ी डिटेल के लिए एक बॉक्स भी मिलता है, जहां उसके बारे में लिखा जा सकता है।

### मुख्यमंत्री ने बैतूल, नर्मदापुरम और दमोह में किया संबोधित

## इस कुर्सी पर हूं तो यह आप सबका सम्मान है, मुझे इस लायक समझा: सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिछली बार विधानसभा के चुनावों में मोदी के लिए हमारे एक नारे पर, सबने नारा लगाया, एमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपी। इस नारे को स्वीकार करते हुए 163 से ज्यादा सीट मिली और प्रचंड बहुमत से सरकार बनी। अगर मैं इस कुर्सी पर हूं तो यह आप सबका सम्मान है कि आपने हमको इस लायक समझा। नेता को जितने वोट मिलते हैं वो एक-एक वोट आपके मान, सम्मान का प्रतीक होता है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को बैतूल, नर्मदापुरम और दमोह में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं।

**पीएम मोदी ने कहा था न खाऊंगा, न खाने दूंगा**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार बनते ही 2014 में लोकतंत्र के पावन मंदिर पर मस्तक टिकाकर प्रणाम करके कहा था, न खाऊंगा, न खाने दूंगा। विपक्षी कह रहे हैं हम मोदी से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लड़ने के लिए कोई एक तो प्रमाण लाओ। भाजपा और मोदी की लड़ाई नैतिकता की लड़ाई है, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई है। मोदी ने पहले दिन ही कहा था, मेरे शासनकाल में कोई बेईमान सड़क पर दिखाई नहीं देगा। दुनिया के लगभग सभी देशों के बड़े-बड़े नेता मोदी के साथ खड़े होने में गौरव महसूस करते हैं।

**मोदी ने केजरीवाल पर बोला हमला**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमलावर होते हुए कहा कि कितनी नैतिकता की बात करते थे, दिल्ली वाले, दुनिया में उनसे बड़ा ईमानदार कोई था ही नहीं। शराबबंदी की बात करते थे, शराबबंदी कराएंगे, लोकपाल लाएंगे पर वह सब झूठ था।

**कांग्रेस ने हिन्दु-मुसलमानों को लड़ाया, मंदिर में रोड़ा अटकाया**

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा कि कांग्रेस के लोगों ने हिंदू-मुस्लिम को लड़ाने के लिए भगवान राम का मन्दिर नहीं बनने दिया। नित नए वकील खड़े करते रहे। कांग्रेस को आजादी के बाद यह कलंक मिटाना चाहिए था, लेकिन 70 साल तक वह लगातार अड़ंगे लगाते रहे। दुनिया में उदाहरण दिया कि हमारे यहां मुसलमानों की आबादी सबसे ज्यादा भले ही हों, लेकिन क्या हिंदू, क्या मुस्लिम आयोध्या में भगवान रामलला के लोकार्पण और शिलान्यास के समय कोई मतभेद नहीं हुआ। वह अरब जहां हमारे धर्म को अलग तरीके से देखा जाता था, लेकिन वहां भी भगवान राम के जय जयकार के नारे लगे और भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हुआ।

### नर्मदापुरम पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री चैहान, की मां नर्मदा की पूजा

## राहुल गांधी ने तो कांग्रेस को समाप्त करने की कसम खाई है: शिवराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को नर्मदापुरम पहुंचे और मां नर्मदा की पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। उन्होंने होशंगाबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। आजादी के बाद महात्मा गांधी जी ने कहा था कि, कांग्रेस का उद्देश्य पूरा हो गया है इसलिए कांग्रेस को समाप्त कर नए राजनीतिक दल का गठन करना चाहिए लेकिन राजनीतिक स्वार्थ के लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू ने उनकी बात नहीं मानी और कांग्रेस को भंग नहीं किया। उस वक्त नेहरू ने तो महात्मा गांधी की बात नहीं मानी, लेकिन राहुल गांधी ने कसम खा कर रखी है कि, वो कांग्रेस को समाप्त करके ही चैन की सांस लेंगे।

**राम भारत की पहचान हैं**

पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि, राम हमारे अस्तित्व हैं, राम हमारे आराध्य हैं, राम हमारे प्राण हैं, राम हमारे भगवान हैं और राम भारत की पहचान हैं। राम हमारी रोम-रोम में रमे हैं, राम हमारी सासों में बसे हैं, बिना राम के ये देश नहीं जाना जा सकता है। आज कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है। अच्छे विचारवान नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। विनाशकाले विपरित बुद्धि इस कांग्रेस को अब कोई बचा नहीं सकता है। मोदी के नेतृत्व में समृद्ध, संपन्न और नए भारत का निर्माण हो रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि, मोदी के नेतृत्व में ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा।

# म्यूचुअल फंड डिस्ट्रिब्यूटर एसो.का मेगा इवेंट आज, देशभर से जुटेंगे विशेषज्ञ

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी में पहली बार बड़े स्तर पर भोपाल म्यूचुअल फंड डिस्ट्रिब्यूटर एसोसिएशन का सम्मेलन (मेगा इवेंट)का आयोजन शुक्रवार सुबह 9:30 बजे से एमपी नगर एक शापिंग माल के होटल में रखा गया है। इसमें देश भर के म्यूचुअल डिस्ट्रिब्यूटर जुटेंगे। एसबीआई म्यूचुअल फंड की मुख्य अर्थशास्त्री नम्रता मित्तल सहित अलग-अलग कंपनियों व निजी बैंकों से जुड़े आधा दर्जन अर्थशास्त्री, सीईओ, सीआइओ व म्यूचुअल फंड विशेषज्ञ करीब 250 डिस्ट्रिब्यूटरों को आगामी पांच वर्षों की योजनाओं के बारे में बताएंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप रावत व मीडिया प्रभारी आदित्य मनयां जैन ने बताया कि मेगा इवेंट में डिस्ट्रिब्यूटरों को डिजिटलीकरण किस तरह उपयोगी है। इसके बारे में विस्तार से विशेषज्ञ बताएंगे। इससे डिस्ट्रिब्यूटर आम लोगों को म्यूचुअल फंड से संबंधित जानकारी पहुंचा सकेंगे।

**250 डिस्ट्रिब्यूटरों को बताएंगे आगामी पांच वर्षों की योजनाओं के बारे में**



## कई नामी अर्थशास्त्री देंगे कई महत्वपूर्ण टिप्स

एमएफडीए भोपाल के अध्यक्ष प्रदीप रावत ने बताया कि आयोजित इस इवेंट में नमता मित्तल- मुख्य अर्थशास्त्री एसबीआई म्यूचुअल फंड, आशीष पी. सोमैया - मुख्य कार्यकारी अधिकारी-व्हाइटओक कैपिटल असिस्ट मैनेजमेंट, धवल गाला फंड मैनेजर और वरिष्ठ विश्लेषक अदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी लिमिटेड, मनीष मेहता - संयुक्त अध्यक्ष और राष्ट्रीय विक्री प्रमुख कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, संदीप संतदासानी फंड मैनेजर एआईएफ, आईसीआईसीआई पूडेंशियल एएमसी लिमिटेड, उषा नायर - वरिष्ठ उपाध्यक्ष वितरण (बिक्री) डीएसपी म्यूचुअल फंड प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।

## देश की आगामी 5 वर्षों की आर्थिक योजनाओं के बारे में चर्चा होगी

कल्पतरू मल्टीप्लायर के वरिष्ठ शेयर ब्रोकर और शेयर बाजार विशेषज्ञ आदित्य जैन मनयां ने बतायाकि इस इवेंट का उद्देश्य देश के मुख्य यूयूअल फंड कंपनियों के सीईओ /सीआईओ के साथ एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करना है। इसके साथ ही, इस इवेंट में हमारे देश की आगामी 5 वर्षों की अथवा योजनाओं के बारे में चर्चा की जाएगी। मनयां ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य लोगों को आने वाले पांच वर्षों में बाजार की दिशा और व्यापार की दिशा में वृद्धि की जानकारी आम जन तक पहुंचनी है। प्रौद्योगिकी, बाजार में नई अवधारणाओं की उत्पत्ति और व्यापार के साथ-साथ डिजिटलीकरण किस प्रकार उपयोगी है इसके बारे में विस्तार से चर्चा करके आमजन को इसका लाभ लेने के लिए ज्ञान वर्धन करना है।

### बेहतर आर्थिक हालात के चलते शेयर बाजारों में पिछले वित्त वर्ष खूब निवेश आया

# सेंसेक्स ने वित्त वर्ष के दौरान दिया सोने से दोगुना रिटर्न, देश की आर्थिक हालत बेहतर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2024 में सोना खरीदने वालों को नहीं, बल्कि शेयर बाजार में पैसा लगाने वालों को अधिक मुनाफा हुआ है। शेयर बाजार के दोनों प्रमुख इंडेक्स-सेंसेक्स और निफ्टी ने वित्त वर्ष 2024 में गोल्ड से बेहतर प्रदर्शन किया है। देश के बेहतर आर्थिक हालात के चलते शेयर बाजारों में पिछले वित्त वर्ष खूब निवेश आया।

विदेशी और घरेलू दोनों निवेशकों ने बाजार में लगातार खरीदारी की, जिससे सेंसेक्स ने वित्त वर्ष 2024 के दौरान अपना रिकॉर्ड उच्चतम स्तर छुआ। वित्त वर्ष 2024 में सेंसेक्स और निफ्टी ने क्रमशः 25 और 29 फीसदी रिटर्न दिया। जबकि इसके मुकाबले एमसीएक्स गोल्ड और इंटरनेशनल गोल्ड ने इस दौरान क्रमशः 12.5 फीसदी और 13.2 फीसदी का रिटर्न दिया। यानी सेंसेक्स ने वित्त वर्ष 2024 के दौरान गोल्ड से लगभग दोगुना रिटर्न दिया है। यह लगातार सातवां साल है, जब एमसीएक्स गोल्ड ने पॉजिटिव रिटर्न दिया है। वहीं इंटरनेशनल गोल्ड ने लगातार चौथे साल पॉजिटिव रिटर्न दिया है।



## सेंसेक्स-निफ्टी न्यू हाई पर बंद हुए

*भारतीय बेंचमार्क इंडेक्स गुरूवार को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए। कुछ बढ़त गंवा दी, लेकिन फिर भी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नीति घोषणा से एक दिन पहले 4 अप्रैल को उतार-चढ़ाव वाले सत्र में हरे रंग में बंद होने में कामयाब रहे। कारोबारी सत्र के अंत में सेंसेक्स 350.81 अंक या 0.47 फीसदी बढ़कर 74,227.63 पर और निफ्टी 80 अंक या 0.36 फीसदी बढ़कर 22,514.70 पर बंद हुआ। ये अब तक की इनकी हाइएस्ट क्लोजिंग है। बाजार ने आज कारोबारी सत्र की शुरुआत रिकॉर्ड ऊंचाई पर की। इंट्रा डे में सेंसेक्स 74,501.73 और निफ्टी 22,619 पर पहुंच गया लेकिन पूरे सत्र में हरे और लाल निशान में उतार-चढ़ाव के कारण शुरुआती घंटों में बढ़त खत्म हो गई।*

## सोने की तुलना में शेयरों में निवेश अधिक जोखिम भरा

*बाजार जानकारों ने कहा कि भारत की मजबूत आर्थिक ग्रोथ और फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स में बढ़ती रुचि के कारण गोल्ड इस समय इक्विटी में पिछड़ रहा है। शेयर बाजार में भारी तेजी के कारण निवेशक सोने और रियल एस्टेट जैसे फिजिकल एसेट्स की जगह शेयर जैसी फाइनेंशियल एसेट्स में निवेश के लिए रुख कर रहे हैं। सोने की तुलना में शेयरों में निवेश अधिक जोखिम भरा होता है, लेकिन स्टॉक्स से मिल रहे भारी रिटर्न ने निवेशकों को उनमें अधिक निवेश करने के लिए प्रेरित किया हैं।*

## शादियों के सीजन से सोना महंगा, बढ़ी लोगों की परेशानी

### अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोना पहुंचा 2300 डॉलर प्रति औंस के पार

**भोपाल।** घरेलू बाजार में भी सोने की कीमतों में बंपर तेजी देखी जा रही है। सोने के वायदा 70 रुपए और चांदी के वायदा 80 हजार रुपए के करीब पहुंच गए हैं। शादियों के सीजन से महंगे हो रहे सोने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। कभी 63 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब चल रहा सोना अब 70 हजार के करीब पहुंच चुका है। गुरुवार को सोने की वैश्विक कीमतों में भी तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 0.08 फीसदी या 1.80 डॉलर की तेजी के साथ 2,316.80 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव इस समय तेजी के साथ 2,295.34 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिख रहा है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर गुरुवार को 3 मई 2024 की डिलीवरी वाली चांदी तेजी के साथ 79,404 रुपए प्रति किलोग्राम पर ट्रेड कर रही है। वहीं 5 जुलाई 2024 को डिलीवरी वाली चांदी 80,767 रुपए के स्तर पर उछाल के साथ ट्रेड कर रही है। चांदी के भाव में आज तेजी देखी जा रही है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर गुरुवार को 5 अप्रैल 2024 की डिलीवरी वाला सोना उछाल के साथ 70,100 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है।

### मंडी उड़नदस्ते ने पकड़ा अवैध परिवहन करते 140 क्विंटल महुआ

# महुआ व्यापारी ने जमा किया 27400 रुपए का मंडी शुल्क

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

करोंद स्थित पंडित लक्ष्मीनारायण कृषि उपज मंडी समिति भोपाल के सचिव राधिका प्रसाद गुप्ता ने उड़नदस्ता दल प्रभारी जीवन सिंह राजपूत के साथ क्षेत्रीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लाम्बाखेड़ा रोड भोपाल स्थित गंगोत्री कोल्ड स्टोर के पास वाहन क्रमांक एचआर 38एक्स 0751 में भंडारित अधिसूचित कृषि उपज महुआ के फूल पाया। उक्त वाहन में 340 बोरा महुआ फूल लदा हुआ था जिसका वजन 140 क्विंटल रहा। गौरतलब है कि उक्त वाहन में महुआ भरकर अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। परिवहन किए जा रहे 140 क्विंटल महुआ बिना मंडी शुल्क भुगतान, बिना अनुज्ञा पत्र और सौदा पत्रक के था। जिसके सचिव ने पकड़ा और निरीक्षण दल के प्रभारी जीवन सिंह राजपूत को उक्त वाहन के खिलाफ कार्रवाई के करने के निर्देश दिए। इसके चलते राजपूत ने वाहन चालक के कथन दर्ज कर मौके पर




स्तुस्थिति का पंचनामा तैयार कर वाहन को मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(4) का उल्लंघन करने पर धारा 23 के तहत महुआ के फूल जप्त करते मंडी शुल्क वसूली के लिए मंडी कार्यालय में खड़ा लाया गया। जिसकी सूचना वाहनन चालक द्वारा कृषि उपज के परिवहनकर्ता राम नारायण साहू फर्म साहू ट्रेडर्स को दिया। फर्म के संचालक ने सचिव के समक्ष आवेदन दिया और हम न्यायालयीन कार्यवाही नही चाहते है अतः आवेदन पर विचार करते हुए सचिव आरपी गुप्ता द्वारा वाहन पर धारा 19(4) के तहत 5 गुना मंडी शुल्क 22400 रुपए एवं धारा 53 के अंतर्गत प्रशमन राशि 5000 कुल योग वसूली राशि 27400 रूपए मंडी कार्यालय में जमा कराकर वाहन को छोड़ा गया।

## मप्र राज्य सूचना आयोग ने उत्कृष्ट कार्य के लिए योगेश नागले को किया सम्मानित

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग ने मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड में सेवारत सहायक संचालक/जनसंपर्क अधिकारी योगेश नागले को सिस्टम में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया है।



गौरतलब है कि मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग आयुक्त राहुल सिंह ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 में उत्कृष्ट कार्य करने और विभाग का पक्ष मजबूती से सबल करने तथा जानकारी के प्रदाय में त्वरित कार्रवाई करने के लिए प्रशंसा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है और योगेश नागले का मनोबल बढ़ाया।

## ऑर्गेनिक री-साइक्लिंग सिस्टम्स ने बायो कैटलिस्ट के साथ की बड़ी साझेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों में अग्रणी कंपनी ऑर्गेनिक रीसाइक्लिंग सिस्टम्स लिमिटेड (ओआरएस) ने मध्य पूर्व बाजार में उद्यम करने के लिए अधिकृत वितरक बायोकैटलिस्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओए) में प्रवेश किया है।

बायो रिसायक्लिंग का मुख्यालय कैलिफोर्निया में है। यह महत्वपूर्ण अनुबंध टिकाऊ समाधानों को आगे बढ़ाने में अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति ओआरएस की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। एमओए उन शर्तों को स्थापित करता है जिनके तहत ओआरएस और बायोकैटलिस्ट संयुक्त रूप से सहयोग करेंगे। विभिन्न केंद्रीकृत और विकेन्द्रीकृत कचरे का विपणन और व्यवसाय विकास प्रबंधन (एमएसडब्ल्यू) परियोजनाएं। इस रणनीतिक सहयोग के माध्यम से, भागीदार चाहते हैं नवीन प्रौद्योगिकियों और तरीकों का परिचय और प्रचार जो अपशिष्ट प्रबंधन, उपचार और निपटान प्रक्रियाओं में क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं। अपनी शक्तियों का संयोजन करेंगे. विपणन, व्यवसाय विकास और तकनीकी विशेषज्ञता में प्रगति ओआरएस और बायोकैटलिस्ट द्वारा वांछित है।

## खबर संक्षेप

### मोटोरोला ने लांच किया एज 50-प्रो फोन



**नई दिल्ली।** सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने नए प्रीमियम स्मार्टफोन - मोटोरोला एज 50 प्रो के भारत में ग्लोबल फर्स्ट लांच की मेजबानी की। यह फोन मोटोरोला के एज फ्रेंचाइजी का सबसे नया एडिशन है। इस स्मार्टफोन में दुनिया का पहला और एकमात्र एआई पावर्ड प्रो-ग्रेड कैमरा दिया गया है, इसकी कीमत कीमत 27,999 रु. से शुरू है।

### वनप्लस नॉर्ड सीई 4 लांच, कीमत 24,999 रु.

**भोपाल।** प्रौद्योगिकी ब्रांड वनप्लस ने वनप्लस नॉर्ड सीई 4 की घोषणा की है, जिसे बेहद सस्ती कीमत के साथ वनप्लस से मिलने वाले सभी तरह के अनुभव की मुख्य विशेषताओं का मेल करने के लिए डिजाइन किया गया है। 24,999 की शुरूआती कीमत है। वनप्लस नॉर्ड सीई 4 की बिक्री आज से शुरू हो गई है। यह सीरीज, जिसमें 2023 का सफल वनप्लस नॉर्ड सीई 3 5जी भी शामिल है।

### हायर एयरकंडीशनर की सुपरहेवी-ड्यूटी रेंज लांच

**नई दिल्ली।** हायर अप्लायंसेज इंडिय ने सुपर हेवी-ड्यूटी एयरकंडीशनर की अपनी नवीनतम रेंज लांच की है। हेक्साइंवर्टर और सुपर सोनिक कूलिंग टेक्नोलॉजी के साथ यह नई रेंज 20 गुना तेज कूलिंग और 65 फीसदी बिजली की बचत करने में सक्षम है। हायर इंडिया ने कस्टमर्स-इंस्पायर्ड इनोवेशन्स को तैयार करने और बदलती जरूरतों के अनुकूल बनाने में अपना समर्पण जारी रखा है।

### एचसीएल जिग्सॉ के पांचवें संस्करण की घोषणा

**नई दिल्ली।** एचसीएल नेभारत के सबसे बड़े प्रॉब्लम-सॉल्विंग एसेसमेंट प्लेटफॉर्म एचसीएल जिग्सॉ के पांचवें संस्करण के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू होने की घोषणा की। इस साल एचसीएल जिग्सॉ के लिए कक्षा 6 से 9 तक के सभी विद्यार्थियों से आवेदन मंगाए जा रहे हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थी और स्कूल 31 जुलाई, 2024 से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। पाँचवें संस्करण में 12 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी।

### इंस्पायर ने की ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ डील

**मुंबई।** इंस्पायर फिल्म्स लिमिटेड एक प्रमुख कंटेंट क्रिएशन और प्रोडक्शन कंपनी ने अपनी यात्रा में महत्वपूर्ण सीमाचिन्ह की घोषणा की है क्योंकि उसने एक रोमांचक वेब सीरीज के लिए एक प्रमुख ग्लोबल ओवर दी टॉप प्लेटफार्म के साथ एक महत्वपूर्ण डील किया है। यह सहयोग इंस्पायर फिल्म्स के एक व्यूहात्मक कदम को दर्शाता है क्योंकि वह विश्वभर के दर्शकों को उत्प्रेरित करने के लिए सम्मोहक परियोजना के साथ तैयार है।

### एआई बेस्ड म्यूजिक लर्निंग एप पधानिसा लांच


**मुंबई।** सारेगामा ने एआई बेस्ड एक म्यूजिक लर्निंग एप पधानिसा लांच किया है। इस एप का उद्देश्य भारतीय गायन को पूरी दुनिया में हर किसी के लिए सीखने में आसान, सरल और सुलभ बनाना है। भारत के सबसे पुराने म्यूजिक लेबल, सारेगामा ने पधानिसा के साथ अपने क्षेत्र का विस्तार किया है। जहां हर सत्र को लोगों की व्यक्तिगत जरूरतों और हरेक लर्नर के लक्ष्य के अनुसार अनूठे रूप में तैयार किया गया है।

### फोनपे ने की स्टार हेल्थ के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** फोनपे ने ग्राहकों को मासिक और सालाना पेमेंट के विकल्पों के साथ हेल्थ इंश्योरेंस उपलब्ध कराने के लिए स्टार हेल्थ एंड अलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी से फोनपे एप पर यूजर 1 करोड़ तक के कवरेज वाला स्टार कॉम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस पॉलिसी ले सकेंगे। कंपनी यूजर के लिए नए विकल्प पेश किए हैं।

## महिंद्रा ने किया अपनी नई एसयूवी एक्सयूवी 3एक्सओ का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई




एसयूवी निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने अपनी बहुप्रतीक्षित एसयूवी, एक्सयूवी 3एक्सओ के नाम का अनावरण किया।

29 अप्रैल को इसकी वैश्विक शुरुआत इस श्रेणी में एक नई मिसाल कायम करेगी, जिसमें परिष्कार और आधुनिक तकनीक शामिल होगी जिसके लिए एक्सयूवी ब्रांड डीएनए मनाया जाता है। आप जो कुछ भी चाहते हैं और उससे भी अधिक' प्रदान करने के लिए इंजीनियर किया गया, एक्सयूवी 3एक्सओ वास्तव में एक असाधारण महिंद्रा एसयूवी का सार प्रस्तुत करता है। यह शहरी ड्राइवरों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए रोमांचकारी प्रदर्शन, अत्याधुनिक तकनीक, बेजोड़ डिजाइन और अद्वितीय सुरक्षा को एकीकृत करता है। प्रत्येक यात्रा में तीन गुना अपील के साथ यह एसयूवी स्वामित्व के सभी पहलुओं में अपेक्षाओं से अधिक है। एक्सयूवी 3एक्सओ प्रगतिशील लोगों की महत्वाकांक्षाओं से मेल खाता है, इसका नाम 'सीएक्सओ' द्वारा दर्शाई गई कार्यकारी ऊंचाइयों को प्रतिबिंबित करता है। जो हर पहलू में उत्कृष्टता की मांग करते हैं। नई एक्सयूवी 3एक्सओ का निर्माण कंपनी की नासिक, महाराष्ट्र स्थित विनिर्माण सुविधा में किया जाएगा।

## मोशन एजुकेशन ने हजारों जरूरतमंद विद्यार्थियों को दी स्कॉलरशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा

मोशन एजुकेशन की ओर से जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप देने के लिए लॉटरी निकली गई। इसके लिए देशभर के 2 लाख 44 हजार 120 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया।

आवेदन करने वाले विद्यार्थियों में से 48 हजार 224 को जेईई और नीट की तैयारी के लिए अमृत कोर्स निशुल्क प्रदान किया गया। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि मोशन गत दो वर्ष से अपने यू-ट्यूब चैनल्स से हुई कमाई जेईई और नीट स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप देने पर खर्च कर रहा है। स्कॉलरशिप की लॉटरी का यह तीसरा



साल है इसमें प्रथम पुरस्कार के तहत गौरव कुमार का नाम निकला। उनसे सम्पर्क न होने की स्थिति में रोहित चौहान का नाम भी बैकअप के तौर पर रखा गया है। गौरव को कोटा क्लास रूम कोचिंग की फीस और कोटा में रहने-खाने का खर्च प्रदान किया जाएगा। 42 छात्र-छात्राओं को कोटा क्लास रूम कोचिंग निःशुल्क दी गई। लॉटरी में मोशन के दो विद्यार्थी मुशाहिद रजा और अनुराग सिंह भी शामिल हैं। अब इनकी पूरी फीस माफ़ होगी। इसके अलावा 151 विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत, 251 को 75 और 551 को 50 प्रतिशत स्कॉलरशिप देने की घोषणा की गई। लॉटरी के लिए आवेदन करने वाले हर पांच में से एक विद्यार्थी को मोशन अमृत कोर्स निशुल्क दिया गया। लॉटरी के तहत 500 स्टूडेंट्स को दस हजार रुपए शुल्क वाला 'आरंभ' कोर्स निःशुल्क दिया गया। इस दौरान मोशन एजुकेशन की डायरेक्टर सुशीला विजय, डॉ. स्वाति विजय, जॉइंट डायरेक्टर रामरतन द्विवेदी, अमित वर्मा सहित कई सीनियर फेकल्टी मौजूद थे।

## बिजनेस न्यूज

### आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी में नई शिक्षा नीति पर व्याख्यान



**भोपाल।** स्कूल आफ प्लैनिंग एंड आर्किटेक्चर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष प्रोफेसर एचडी चरन ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत भारतीय जीवन मूल्य पर केंद्रित अपने व्याख्यान में कहा कि मनुष्य का उद्देश्य एक सुखी जीवन जीने का है। इसके लिए कुछ चीजें महत्वपूर्ण है जिसमें मानवीय संबंध तथा उसके निर्वहन की सामाजिक जिम्मेदारी है। प्रो.चरन नेशनल कमेटी, यूनिवर्सल हुमन वैल्यूज के अध्यक्ष नीति निर्माता भी है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय ज्ञान परंपरा के समावेश पर भी अपने विचार व्यक्त किए। कुलपति प्रो. विजय अग्रवाल ने कहा कि जब हम भारतीय ज्ञान परंपरा की बात करते हैं तो निश्चित रूप से श्रुति और स्मृति को उसे पृथक नहीं कर सकते। उन्होंने इस बात की घोषणा भी की कि जल्द ही इस विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा प्रस्तावित नैतिक मूल्यों पर आधारित पाठ्यक्रम सभी विद्यार्थियों के लिए शुरू करेंगे।

### सर्वोटेक पावर सिस्टम्स और इलेक्ट्रा ईवी ने की साझेदारी

**भोपाल।** ईवी चार्जर और सोलर सॉल्यूशंस के डेवलपमेंट में लीडिंग सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड और भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक वाहन पावरट्रेन सॉल्यूशंस कंपनी इलेक्ट्रा ईवी ने संयुक्त स्वामित्व वाली रिवोल्यूशनरी ईवी चार्जर तकनीक के लिए सहयोग की घोषणा की है, जिसके लिए हाल ही में उन्होंने पेटेंट के लिए आवेदन किया है। ये ग्राउंड-ब्रेकिंग सॉल्यूशंस एक छोटे एडिशनल गैजेट का उपयोग करके कनेक्टर जोड़कर सीसीएस2 चार्जिंग नेटवर्क से किसी भी जीबी-टी भारत डीसी 001 व्हीकल की तेज डीसी चार्जिंग को समर्थ बनाते हैं। यह आवश्यकता इलेक्ट्रा ईवी द्वारा अपने ओईएम और फ्लीट कस्टमर्स को सेवा प्रदान करते हुए स्थापित की गई थी। यह इनोवेशन सीमलेस चार्जिंग कम्पैटिबिलिटी की राह दिखाता है, महंगे ड्यूल इंफ्रास्ट्रक्चर की तैनाती की आवश्यकता को समाप्त करता है और जीबी-टी भारत डीसी 001 प्रोटोकॉल पर निर्भर पैसेंजर सर्विसेज और कमर्शियल व्हीकल्स दोनों को लाभ देता है।

### बंधन म्यूचुअल फंड ने लांच किया बंधन इनोवेशन फंड

**भोपाल।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन इनोवेशन फंड को निवेश के लिए लांच करने की घोषणा की है जो कि एक ओपन-एंडेड थीमैटिक फंड है जो इनोवेटिव सफलताओं में सबसे आगे रहने वाली कंपनियों में निवेश के लिए समर्पित है। यह फंड अच्छी तरह से रिसर्च और डेलवपमेंट निवेश, बेहद कुशल स्टाफ लागत, संभावित हाई मार्जिन या ग्रोथ, अलग और खास उत्पाद या सेवाएं, नॉन-लाइनर बिजनेस मॉडल और एक शानदार ब्रांड उपस्थिति वाली कंपनियों को लक्षित करता है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) बुधवा 10 अप्रैल, 2024 को निवेश के लिए खुलेगा और बुधवार 24 अप्रैल, 2024 को बंद होगा।

### एयरटेल ने सीहोर में स्थापित की नई साइटें

**भोपाल।** टेलीकम्युनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर्स कंपनी भारती एयरटेल ने घोषणा की है कि उसने अपने नेटवर्क को सघन करने के लिए सीहोर जिले में नई साइटें स्थापित की हैं। सीहोर जिले के 973 गांवों में 11.35 लाख ग्रामीण आबादी को बेहतर मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी से लाभान्वित करने के लिए नेटवर्क वृद्धि परियोजना की गई है। इस परियोजना के तहत, अष्टा, बुदनी, सीहोर, इछावर और नसरुल्लागंज तहसीलों में मोबाइल टावरों की संख्या बढ़ाई गई है और मौजूदा टावरों को अपग्रेड किया गया है, जिससे इन इलाकों के ग्राहक लाभान्वित होंगे और उन्हें निर्बाध हाई स्पीड कनेक्टिविटी प्राप्त होगी।

### टॉर्क फार्मा को मिली मान्यता

**चंडीगढ़।** फार्मास्युटिकल कंपनियों में से एक टॉर्क फार्मा को उसकी 'नो स्कार्स' क्रीम के लिए भारत में सबसे भरोसेमंद ब्रांडों में से एक के रूप में मान्यता दी गई है, जैसा कि एक प्रसिद्ध बाजार अनुसंधान और परामर्श फर्म टीम मार्क्समेन द्वारा घोषित किया गया है। यह प्रतिष्ठित मान्यता टॉर्क फार्मा की गुणवत्ता, नवाचार और ग्राहक संतुष्टि के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। टीम मार्क्समेन, जो विभिन्न क्षेत्रों में ब्रांडों के व्यापक और निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए जानी जाती है, ने उन ब्रांडों की पहचान करने के लिए व्यापक शोध किया, जिन्होंने भारतीय उपभोक्ताओं का भरोसा और विश्वास अर्जित किया है।

### न्यूरो डायवर्सिटी से जुड़ी 'अद्वैत' प्रदर्शनी के दूसरे संस्करण की घोषणा

**नई दिल्ली।** न्यूरो डायवर्स लोगों के सशक्तिकरण के लिए समर्पित और युवाओं की अगुवाई वाले सामाजिक स्टार्टअप नई सुबह फाउंडेशन ने विश्व ऑटिज्म दिवस के अवसर पर अपनी दूसरी वार्षिक कला प्रदर्शनी 'अद्वैत' की घोषणा की है। पिछले साल की प्रदर्शनी की जबरदस्त सफलता के बाद 'अद्वैत' न्यूरोडायवर्स कलाकारों की असाधारण प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए दोबारा आपके सामने है। यह प्रदर्शनी 26 अप्रैल से 28 अप्रैल, 2024 तक नई दिल्ली के सफदरजंग एनक्लेव में आर्टसस्त्र गैलरी में लगाई जाएगी।

### एचपी ने पेश किया एआई फीचर्स वाला स्टाइलिश एन्वी एक्स360 14 लैपटॉप

**नई दिल्ली।** एचपी ने अपना स्लीक और स्टाइलिश एन्वी एक्स360 14 लैपटॉप पेश किया। क्रिएटिविटी को आसान बनाने के लिए इस लैपटॉप को एआई फीचर्स से लैस किया गया है। 14 इंच ओएलईडी टच डिस्प्ले के साथ इस लैपटॉप का वजन मात्र 1.4 किलोग्राम है, जिससे इसे काम करने, लिखने, कुछ देखने या खेलने के लिए सही पोजिशन में एडजस्ट किया जा सकता है।

### स्कॉर्पियस ट्रैकर्स ने प्राप्त किया 1000 मेगावाट से अधिक के ऑर्डर का लक्ष्य

**अहमदाबाद।** जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड की सहयोगी स्कॉर्पियस ट्रैकर्स ने घोषणा की है कि कंपनी ने भारत, जापान, सऊदी अरब और युगांडा में 1000 मेगावाट से अधिक के सोलर पावर ऑर्डर्स को सफलतापूर्वक हासिल किया। स्कॉर्पियस ट्रैकर्स के सीईओ शैलेष वैद्य ने कहाकि 1000 मेगावाट से अधिक के ऑर्डर्स की सीमा पार करना हमारे ग्राहकों को दक्षता, विश्वसनीयता बढ़ाने वाले शीर्ष स्तरीय सौर ट्रैकिंग समाधान प्रदान करने के हमारे अडिग समर्पण का प्रमाण है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, बैरागढ़ चीचली वृत्त तहसील कोलार भोपाल (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक

**-: इश्तहार :-**

आवेदक शिवपाल सुजाने आ.हरबूजी निवासी हिनोतिया आलम द्वारा ग्राम हिनोतिया आलम स्थित खसरा नंबर/ प्लाट नंबर भूखण्ड क्र. 70 रकबा 55.56 वर्गमीटर ख.न. 101/4 रकबा 0.7717 क्षेत्रफल 85.56 वर्गमीटर पर विक्रयपत्र/ फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 18.04.2024 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 04.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार भोपाल**

**आम सूचना**

**मूल दस्तावेज गुम होने के संबंध में**
**(सम्पत्ति आवासीय भूखण्ड कं.-8, अवधपुरी कॉलोनी फेस-2, ग्राम खजूरी कलॉ, पटवारी हल्का नं. -19, वार्ड नं. 60, विकास खण्ड फन्दा, तहसील हुजूर जिला भोपाल मध्यप्रदेश)**

मैं अपने पक्षकार स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, आर.ए.सी.पी.सी.-1, भोपाल की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरी पक्षकार बैंक प्रस्तावित बंधककर्ता श्री पीयूष कुमार वर्मा पुत्र श्री अशोक कुमार वर्मा ने श्रीमती माया देवी अग्रवाल पत्नि श्री के. एल. अग्रवाल, निवासीः एम.आई.जी.-45, डी सेक्टर, अयोध्या नगर, तहसील हुजूर जिला भोपाल मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व व आधिपत्य के भूखण्ड का अनुबंध कर आवासीय भूखण्ड कं.-8, अवधपुरी कॉलोनी फेस-2, जो कि खसरा क्रमांक 154, 165 का अंश भाग, स्थित ग्राम खजूरी कलॉ, पटवारी हल्का नं.-19, वार्ड नं. 60, विकास खण्ड फन्दा, तहसील हुजूर जिला भोपाल मध्यप्रदेश जिसकी चतुर्थ सीमाएं पूर्व में प्लाट क्रमांक 7, पश्चिम में प्लाट क्रमांक 9, उत्तर में प्लाट क्रमांक -3, दक्षिण में कालोनी रोड, जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट अर्थात् 139.40 वर्गमीटर है, को बंधक रखकर ऋण प्रदान करने जा रही है। उक्त संपत्ति के विक्रेता के नाम की मूल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र जिसका इंद्राज पुस्तक कमॉक ए-1, ग्रन्थ कमाँक 20628, पृष्ठ क्रमांक 25 से लेकर 29 तक कुल 5 पृष्ठ, सरल क्रमांक 127 (घ) दिनांकित 16/04/2004 उप पंजीयक कार्यालय भोपाल, में पंजीबद्ध है, जो कि कहीं खो गयी है और उपलब्ध नहीं है। जिसके संबंध में थाना गोविन्दपुरा में एन.सी.आर. क्रमांक 0179/2024 दिनांक 30/03/2024 को दर्ज करायी गयी हैं। यदि उपरोक्त सम्पत्ति या उसके किसी भाग पर किसी व्यक्ति, संस्था का कोई ऋण, भार, दान, बंधक (साम्यिक या अन्य), अनुबंध हो अथवा इस अंतरण से किसी के कोई हित प्रभावित हों तो वह अपनी आपत्ति इस सूचना पत्र प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि के अंदर मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में मय दस्तावेंजों के साथ उपस्थित होकर लिखित में प्रस्तुत करे, उपरोक्त समयावधि निकल जाने के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार उक्त ऋण प्राप्त करने हेतु स्वतंत्र होगी।

**अजय नागर**
एडवोकेट
एफ-6, प्रथम तल, राधाकृष्ण काम्पलेक्स जोन-2, एम.पी. नगर भोपाल, मो-9303114498, 8319900323

चिंतन

# सैन्य क्षमता में वृद्धि करते रहना आवश्यक

भारत आर्थिक रूप से जितना अधिक मजबूत होगा, उसकी सामरिक चुनौतियां उतनी ही बढ़ेंगी। महान कूटनीतिज्ञ चाणक्य के शब्दों में किसी भी प्रकार के आक्रमण से अपनी जनता की रक्षा करना प्रत्येक राजसत्ता का सर्वप्रथम उद्देश्य होता है। चाणक्य ने अर्थशास्त्र में लिखा है कि एक संप्रभु सक्षम राष्ट्र को चार अलग-अलग तरह के खतरों का सामना करना पड़ता है। आंतरिक, बाह्य, बाह्य रूप से सहायता प्राप्त आंतरिक और आंतरिक रूप से सहायता प्राप्त बाहरी। संयोग से इस वक्त भारत इन चारों तरह के मिश्रित खतरों का सामना कर रहा है। परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-प्राइम' के सफल परीक्षण से भारत की सैन्य शक्ति में और वृद्धि हुई है। भारत को चीन और पाकिस्तान सीमा पर अधिक खतरा है, पाकिस्तान से 2016 से और चीन से 2020 से रिश्ते सबसे खराब के स्तर पर हैं। चीन की लगातार कोशिश है कि भारतीय सीमा एलएसी पर विवाद बना रहे। एलएसी पर चीनी कारस्तानियां चलती रहती हैं, चीनी फौज सुनियोजित साजिश के तहत भारतीय सीमा पर षड्यंत्र करती रहती है, इससे दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव बना रहता है। पाकिस्तान एलओसी पर कश्मीर में आतंकी घुसपैठ कराने के मकसद से सीजफायर का उल्लंघन करता रहा है। चीन और पाकिस्तान का एकमेव कृत्य है, सीमा पर भारत को परेशान करते रहना। चीन नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, म्यांमार आदि भारत के पड़ोसी देशों के साथ आर्थिक व सामरिक संबंध मजबूत कर भी भारत के लिए सैन्य मुश्किल खड़ी करता है। इसके अलावा भी कई अदृश्य शक्तियां हैं, जो भारत की आस्तीन में रहकर भारत के खिलाफ एक्शन में लिप्त रहती हैं। ऐसे में भारत की सामरिक चुनौतियां बड़ी हैं। इस चुनौतियों का सामने करने के लिए भारत को सामरिक रूप से निरंतर मजबूत बनना पड़ेगा। परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-प्राइम' जैसी मिसाइल भारत की सैन्यशक्ति में इजाफा करती है। पिछले महीने, भारत ने अपने 'मिशन दिव्यास्त्र' के तहत मल्टीपल इंडिपेंडेंट टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) के साथ देश में विकसित अग्नि-पांच मिसाइल का पहला सफल परीक्षण किया था। एमआईआरवी सुविधा यह सुनिश्चित करती है कि एक ही मिसाइल विभिन्न स्थानों पर विभिन्न लक्ष्यों को निशाना बना सकती है। अग्नि-पांच मिसाइल की मारक क्षमता 5,000 किमी तक है। मिसाइल की जद चीन के उत्तरी भाग समेत लगभग पूरे एशिया और साथ ही यूरोप के कुछ क्षेत्रों तक है। अग्नि-1 से अग्नि-4 श्रेणी की मिसाइलों की मारक क्षमता 700 किमी से 3,500 किमी तक है और इन्हें पहले ही तैनात किया जा चुका है। पिछले साल जून में भारत ने 'अग्नि प्राइम' का रात के दौरान सफल परीक्षण किया था। भारत पृथ्वी की वायुमंडलीय सीमा के अंदर और बाहर किसी शत्रु की तरफ से आने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने की क्षमता विकसित कर रहा है। भारत मिसाइल, फाइटर प्लेन समेत सभी प्रकार के स्वदेशी सैन्य उपकरण से लैस हो रहा है, साथ ही अनेक आयातित डिफेंस सिस्टम से सेना मजबूत हो रही है। भारतीय सेना परंपरागत वार के अलावा हाईटेक वार में भी दक्ष है, आज भारत विश्व की चौथी बड़ी सैन्य शक्ति है। सामरिक चुनौतियों का सामना करने के लिए खुफिया तंत्र की मजबूती, सैन्य शक्ति व युद्ध नीति का आधुनिकीकरण, उन्नत अस्त्र-शस्त्र के साथ सीमा क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है।

सारा संसार



मैसूर महल का निर्माण 14वीं सदी में वाडयार राजाओं ने करवाया था, जबकि इसका डिजाइन प्रसिद्ध ब्रिटिश वास्तुकार हेनरी इरविन ने तैयार किया था। यह वाडियार महाराजाओं का निवास स्थान हुआ करता था। मैसूर पैलेस दविड़, पूर्वी और रोमन कला का अद्भुत संगम है। सलेटी पत्थरों से बना यह महल गुलाबी रंग के पत्थरों के गुंबदों से सजा है।

रिपोर्ट
डॉ. मोनिका शर्मा



## खुशी मापने का दोहरा पैमाना

हाल ही में आई विश्व खुशहाली रिपोर्ट-2024 में भारत को 126वें स्थान पर रखा गया है। जीवनयापन की बेहतरी और कमतरी मापने के जाने कौन से पैमाने रहे कि हमारे देश को इस सूची में युद्ध की विभीषिका झेल रहे देशों से भी पीछे स्थान दिया गय। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि सामुदायिक जीवन में उत्सवीय मेलजोल और आर्थिक मोर्चे पर आगे बढ़ने के कई मापदंडों पर रेखांकित करने योग्य उपलब्धियों के बावजूद इस रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग कम कैसे है? सवाल यह भी है कि लंबे समय से अस्थिरता और आतंक का दंश झेल रहे देशों की खुशहाली किस आधार तय की गई है? ज्ञात हो कि भारतीय नागरिकों की खुशहाली को कम आंकने वाली इस सूची में युद्ध से जूझ रहे रूस और यूक्रेन की रैंकिंग काफी ऊंची है। सुखी देशों की रैंकिंग वाली इस सूची में रूस का 70वां और यूक्रेन का 92वां स्थान है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क द्वारा जारी वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग 136 से 126 तक आने और सुधार होने की बात कही गई है, पर नेपाल, चीन, बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से पीछे होना परेशान करने वाली बात है, जबकि हाल ही में महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और स्त्री सुरक्षा और स्थिति के लिए समर्पित मंच सीएसडब्लू के उद्घाटन सत्र में स्वयं संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने महिलाओं पर युद्धों से होने वाले असंगत प्रभाव की बात कही थी। अवसाद और तनाव के बढ़ते आंकड़ों के बीच पारिवारिक व्यवस्था मन को थामने का आधार बनी हुई है। बड़ी आबादी और विभिन्न समुदायों वाले भारतीय समाज में शिक्षा का स्तर बढ़ा है, पर सांस्कृतिक भाव कायम है। यही जुड़ाव तो इन्सानों के मन को खुशी देता है। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि सामुदायिक जीवन से जुड़ाव बने रहने का मनुष्य के सुख से सीधा नाता है। ज्ञातव्य है कि इस बार सूचकांक में विकसित और सुविधासंपन्न जीवनशैली वाला देश अमेरिका, शीर्ष 20 देशों में भी जगह नहीं बना सका। रिपोर्ट कहती है विकास पथ अग्रसर अमेरिकी समाज में बच्चे अकेलेपन का शिकार हैं। ध्यान इस ओर भी देना होगा कि इस सूची में शीर्ष स्थान पाने वाले फिनलैंड की आबादी ही बहुत कम है। 140 से अधिक देशों का मूल्यांकन करने वाली रिपोर्ट में सामाजिक सुरक्षा, आय, स्वतंत्रता, उदारता, भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति और जीवनकाल जैसे बिन्दुओं पर देशों की खुशहाली का आकलन किया जाता है। मानव मन और जीवन की बेहतरी से जुड़े इन मानकों पर स्थितियों को आंकने वाली इस सूची में पाकिस्तान 108वें स्थान पर हैं। व्यावहारिक रूप से आर्थिक बदहाली और कर्ज के बोझ तले दबे हमारे इस पड़ोसी देश के नागरिकों का भारतीयों से ज्यादा खुशहाल होना समझ से परे लगता है। निस्संदेह, नागरिकों की ख़ुशी के बिना आर्थिक विकास और समृद्धि के सारे मापदंड अर्थहीन लगते हैं, पर भारत में बेहतरी के प्रयास हर पक्ष पर जारी हैं। रेखांकित करने बात यह भी है कि भारत का सामाजिक-पारिवारिक मानस आज भी साझे सुखद को जीने और सद्भाव को सींचने का भाव लिए हैं। यह किसी भी समाज के सुखी होने के लिए सबसे जरूरी है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विडंबना
डॉ. अश्विनी महाजन

# उत्तर-दक्षिण विभाजन की झूठी कहानी

लंदन से प्रकाशित पक पत्रिका में लेख के जरिये उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन की नई परिभाषा गढ़ने की कोशिश की है। पत्रिका यह दावा करने की कोशिश करती है कि दक्षिण भारतीय राज्य आर्थिक दृष्टि से शेष भारत से अलग हैं, क्योंकि भारत की केवल 20 प्रतिशत आबादी पांच दक्षिणी राज्यों आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में रहती है, लेकिन इन राज्यों को कुल विदेशी निवेश का 35 प्रतिशत प्राप्त होता है। इन राज्यों ने देश के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक विकास किया है और जहां 1993 में ये राज्य देश की जीडीपी का 24 प्रतिशत उत्पन्न करते थे, वहीं अब यह बढ़कर 31 प्रतिशत हो गया है।

हाल ही में लंदन से प्रकाशित 'द इकोनॉमिस्ट' नाम की एक पत्रिका ने एक बेहद शरारती लेख के जरिये उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन की नई परिभाषा गढ़ने की कोशिश की है। पत्रिका यह दावा करने की कोशिश करती है कि दक्षिण भारतीय राज्य आर्थिक दृष्टि से शेष भारत से अलग हैं, क्योंकि भारत की केवल 20 प्रतिशत आबादी पांच दक्षिणी राज्यों आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में रहती है, लेकिन इन राज्यों को कुल विदेशी निवेश का 35 प्रतिशत प्राप्त होता है। इन राज्यों ने देश के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक विकास किया है और जहां 1993 में ये राज्य देश की जीडीपी का 24 प्रतिशत उत्पन्न करते थे, वहीं अब यह बढ़कर 31 प्रतिशत हो गया है। 46 प्रतिशत टेक यूनिकॉर्न दक्षिण भारत से हैं और भारत का 46 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात इन्हीं पांच दक्षिणी राज्यों से होता है। इतना ही नहीं, पत्रिका लिखती है कि 66 फीसदी आईटी सेवाओं का निर्यात भी दक्षिणी राज्यों से होता है।

कुछ एजेंडाधर्मी लोगों को छोड़ सारा विश्व जानता है कि उत्तर से दक्षिण तक, पूर्व से पश्चिम तक भारत एक है। यह सच है कि भारत में अलग-अलग क्षेत्रों पर अलग-अलग समय में अलग-अलग शासकों का शासन था, लेकिन पूरे भारत में रहने वाले सभी लोगों के बीच एक अटूट संबंध बना रहा, लेकिन अफसोस की बात है कि विदेशी शासन के दौरान ब्रिटिश सरकार द्वारा ऐसा साहित्य रचा गया और जानबूझकर इतिहास लेखन के माध्यम से झूठी कहानियां गढ़ी गईं, जिससे दक्षिण भारत के लोगों के मन में उत्तर भारत के लोगों के खिलाफ जहर भर गया। झूठा इतिहास रचा गया कि, आर्य विदेशों से आए थे और उनके क्रूर आक्रमण से द्रविड़ लोग आहत होकर दक्षिण की ओर जाने को मजबूर हुए। ऐसी स्थिति में हिंदी भाषा के प्रति शत्रुता को दक्षिणी राज्यों में, तमिलनाडु में और भी अधिक तीव्रता से बढ़ावा दिया गया। कहा जाता है कि इस झूठी कहानी की शुरूआत एक जर्मन प्राच्यविद् और भाषाशास्त्री ने की थी। आज प्रचुर मात्रा में वैज्ञानिक प्रमाण मौजूद हैं जो साबित करते हैं कि आर्य आक्रमण सिद्धांत पूरी तरह से एक मिथक, मनगढ़ंत और काल्पनिक है। भारत, अमेरिका और अन्य देशों के शोधकर्ताओं द्वारा हाल ही में प्रकाशित शोध पत्रों के अनुसार, हड़प्पा काल के वैज्ञानिक तथ्यों के साक्ष्य के आधार पर यह कहा जा सकता है कि मध्य एशिया से आर्यों का इतने बड़े पैमाने पर प्रवास कभी नहीं हुआ। इसके अलावा कई इतिहासकारों ने भी इस झूठी कहानी को उजागर करने का काम किया है। उसके बावजूद भारत में हो रहे तेजी से विकास से ईर्ष्या करने वाले पश्चिमी दुनिया के देशों द्वारा यह एजेंडा लगातार चलाया जा रहा है। दक्षिण में हुए विकास के आंकड़ों का सहारा लेकर, पत्रिका ने शरारतपूर्ण तरीके से इस मुद्दे को राजनीति से जोड़ा और कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के पास दक्षिणी राज्यों में मजबूत आधार नहीं है। पत्रिका का यह भी तर्क है कि इसलिए यह कहा जा सकता है कि वर्तमान सरकार के पास पूरे देश का जनादेश नहीं है। गौरतलब है कि जिस देश (ब्रिटेन) में इकोनॉमिस्ट पत्रिका प्रकाशित होती है, वहां अब तक किसी भी प्रधानमंत्री को चुनाव में पूरे देश से समान जनादेश नहीं मिला है। क्या इसका मतलब यह है कि प्रधानमंत्री के पास पूरे देश का जनादेश नहीं है? दुनिया भर के लोकतंत्र के इतिहास में ऐसे बहुत कम उदाहरण हैं जब सभी क्षेत्रों से समान रूप से बहुमत वोट प्राप्त करके सरकार बनाई गई हो। इसी तरह दक्षिण भारत के कुछ नेता भी इसी प्रकार के तर्क देकर अपनी अलगाववादी राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। हम जानते हैं कि देश में कुछ भ्रष्ट नेताओं के कारण कई राज्यों का विकास बाधित हुआ, जिनमें दक्षिणी राज्य भी शामिल थे। पूर्वोत्तर के कई राज्य पूर्ववर्ती केंद्र सरकार की उपेक्षा के शिकार रहे हैं, लेकिन जम्मू-कश्मीर जैसे कई राज्यों को उनकी जनसंख्या के अनुपात से कहीं अधिक संसाधन मिलते रहे। जहां तक विकास का सवाल है, देश में सबसे ज्यादा प्रति व्यक्ति आय वाले दस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से केवल दो दक्षिण से हैं और वह भी पांचवें और छठे स्थान पर हैं और वह भी आईटी सेक्टर के कारण, जहां भारत के सभी हिस्सों से आने वाले लोग काम कर रहे हैं।


जहां हमारे देश में खाद्यान्न उपलब्ध कराने में उत्तरी राज्यों का महत्वपूर्ण योगदान है, उसी प्रकार औद्योगिक उत्पादन, विशेषकर इलेक्ट्रिक और आईटी उत्पाद उपलब्ध कराने में दक्षिणी राज्यों के योगदान को कम नहीं आंका जा सकता। राजनीतिक उद्देश्यों वाले लोगों ने अब दक्षिणी राज्यों को कर धन के हस्तांतरण में भेदभाव का मुद्दा उठाकर उत्तर-दक्षिण विभाजन को एक और आयाम दे दिया है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया सहित कर्नाटक कांग्रेस के नेताओं ने यह कहते हुए विरोध प्रदर्शन किया कि दक्षिणी राज्यों को केंद्रीय करों से उनके वैध हिस्से से वंचित किया गया है। उल्लेखनीय है कि कर हिस्सेदारी वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर तय की जाती है। 15वें वित्त आयोग की कार्यवाही के दौरान इन राज्यों ने केंद्र सरकार के समक्ष संदर्भ की शर्तों के बारे में अपनी शिकायत व्यक्त की, जिसके अनुसार वित्त आयोग को पिछले आयोग द्वारा उपयोग की जाने वाली जनसंख्या को 1971 के बजाय 2011 की जनगणना के अनुसार उपयोग करने का निर्देश दिया गया था। उनका आरोप था कि यह दक्षिणी राज्यों के ख़िलाफ़ जाएगा, क्योंकि उन्होंने अपनी जनसंख्या को कई अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर तरीके से नियंत्रित किया है। इन चिंताओं को दूर करने के लिए, 15वें वित्त आयोग ने जनसांख्यिकीय प्रदर्शन यानि जनसंख्या नियंत्रण को भी महत्व दिया।

इसके अलावा, केंद्रीय करों के कुल हस्तांतरण में आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल की हिस्सेदारी पिछले वित्त आयोग की तुलना में 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों में कमोबेश वही रही। हालांकि, कर्नाटक की हिस्सेदारी 4.71 प्रतिशत से घटकर 3.64 प्रतिशत हो गई। केरल का हिस्सा इस अवधि में में 2.5 प्रतिशत से घटकर 1.92 प्रतिशत हो गया, लेकिन केंद्रीय राजस्व में हिस्सेदारी के अलावा, इन राज्यों को महत्वपूर्ण राजस्व घाटा अनुदान भी दिया गया। आंध्र प्रदेश के मामले में यह 2021-22 से 2023-24 के लिए 30,497 करोड़ रुपए और कर्नाटक के लिए 2021-22 के लिए 1,631 करोड़ रुपए बैठता है। केरल के लिए, यह 2021-22 से 2023-24 के लिए 37,814 करोड़ रुपए और तमिलनाडु के लिए 2021-22 के लिए 2,204 करोड़ रुपए था, इसलिए आंकड़े किसी भी तरह से वित्त आयोग के कथित पूर्वाग्रह को साबित नहीं करते। हमें यह समझना चाहिए कि राष्ट्रीय एकता और क्षेत्रीय सद्भाव के मुद्दों पर, हमें अलगाववादी बयानों से बचना चाहिए, क्योंकि यह हमारे राष्ट्र की राष्ट्रीय एकता और जान कल्याण पर काफी हद तक प्रभाव डाल सकता है। अलगाववादी आवाजों पर अंकुश लगाने की जरूरत है और अलगाववादी एजेंडे में शामिल अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और मीडिया से भी सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

(लेखक डीयू में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## तन, मन, धन सब निरंकार, नहीं करना चाहिए अहंकार



संकलित
दर्शन

सद्गुरु ने ब्रह्मज्ञान प्रदान करने से पहले पांच प्रण लिए हैं। पहला प्रण है तन, मन, धन का अहंकार नहीं करना, इसे निरंकार का ही समझना है। इस प्रण को मानने से अहंकार नहीं आएगा और न ही हम में जलन-द्वेष का भाव आएगा। दूसरे प्रण में कहा कि जाति-पाति, वर्ण, आश्रम आदि का अभिमान नहीं करना। इससे भी जलन, द्वेष का भाव मनुष्य में नहीं आएगा। काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय के कारण शरीर में जो विकृतियां पैदा होती हैं और कभी-कभी जो रोग पैदा होते हैं, सभी विकार भी दूर रहेंगे। ये सभी हमारे जीवन में आनंद में रुकावट का कारण बनते हैं। कभी-कभी अकेले में निरंकार प्रभु को अपने साथ समझते हुए निरंकार प्रभु के चरणों में हाथ जोड़कर सुमरिन करें और प्रार्थना करें, हे निरंकार प्रभु अंतर्यामी, कृपा करें। मेरे सभी अवगुणों को बख्श दें और दया करें कि मेरे अंदर बुरे विचार न आएं। केवल अच्छे विचार आएं। इस शरीर से अच्छे-अच्छे कर्म हों। मेरे मुख से मधुर वाणी ही निकले। ये शरीर तेरे संतों की संगत में दौड़-दौड़ कर जाए। आप मेरे को शक्ति दें ताकि मैं संतों की बढ़-चढक़र सेवा कर पाऊं और अंतिम श्वास तक तेरे चरणों से जुड़ा रहूं। एक प्रेरणा युक्त संत के जीवन की घटना है। महान दार्शनिक और तत्त्ववेत्ता सुकरात का चेहरा बहुत कुरूप था, फिर भी वे दर्पण में बहुत बार अपना चेहरा देखते रहते थे। जब-जब सुकरात दर्पण के सामने खड़े होकर अपना चेहरा देखते, उनके शिष्य हंसने लगते किंतु सुकरात को कुछ नहीं कह पाते।

## विनम्रता ही दर्शाती है मनुष्य की श्रेष्ठता व विद्वता



संकलित
प्रेरणा

सद्गुरु की शिक्षाओं के अनुरूप कार्य सुखदायी होता है। किसी मनुष्य की निंदा न करें। सबके भले में ही हमारा भला है, यही सोचें। संत महात्मा कहते हैं कि जिन व्यक्तियों का स्वभाव झगड़ालू है, क्रोधी है, मानने वाले नहीं हैं, उन पर आप क्रोध न करें। विनम्रता मनुष्य की श्रेष्ठता दर्शाती है। निरंकार प्रभु से उनका भला मांगें। जहां तक हो सके उनका भला करें। आप अपने मन पर बोझ न डालें और अपने आपको परेशान न करें। गुरसिख तो सद्गुरु के चरणों में अरदास ही करता है। क्योंकि सबका भला करने वाला निरंकार दातार है। हमारी हिम्मत नहीं कि किसी का भला कर पाएं। हमें अपने मन, बुद्धि को निरंकार प्रभु से जोडऩा है। बाकी जो प्रभु करेगा ठीक करेगा। हमें भूल कर भी किसी का बुरा नहीं मांगना है। विनम्रता से दूसरे को सुनने और अपनी बात सुनाने में आसानी होती है। बड़े ध्यान से बात सुनी व सुनाई जाती है। विनम्रता मनुष्य की श्रेष्ठता दर्शाती है। हां, कोई स्वार्थवश ऊपर से विनम्रता दिखाता है, तो वह अपने आपको धोखा देता है। इसलिए जीवन में विनम्रता अपनाना दिव्य गुण है। विनम्रता के बिन मनुष्य अभिमानी, क्रोधी लगता है। सद्विचार हैं तो मनुष्य विनम्र भी बनेगा। आप निरंतर अपने आपको निरंकार प्रभु के निकट ही अनुभव कीजिए। वो जितने आपके निकट हैं, उतने निकट तो आपके कोई भी नहीं है, यहां तक कि आपके अंग भी नहीं। आपके निकट है आपका हाथ, जहां जरूरत होती है, पहले हाथ पहुंचता है।

इफ्तार



अजमेर में गुरुवार को ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह में रमजान के पवित्र महीने के दौरान मुसलमान इफ्तार में शामिल होते हैं।

आज की पाती


### चुनाव के समय अभद्र भाषा का प्रयोग अशोभनीय

देश में आम चुनाव का मौसम है। राजनीतिक दल मतदाताओं को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, लेकिन कुछ राजनेता अभद्र, बेतुकी बयानबाजी भी इस दौरान करते हैं। हाल ही में कंगना रनौत और ममता बनर्जी के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग हुआ, वो मामला सुर्खियों में है। हिमाचल प्रदेश में सुप्रिया श्रीनेत, जो कि कांग्रेस से संबंधित हैं, द्वारा कंगना रनौत पर जो भद्दी टिप्पणी का मामला सामने आया है, उसके लिए सुप्रिया श्रीनेत ने स्पष्ट किया है कि यह टिप्पणी उनके द्वारा नहीं कि गई है।

-राजेश कुमार चौहान, रायपुर

करंट अफेयर


## 'ताइवान के मुद्दे पर अमेरिका न लांघे अपनी सीमा'



चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन से फोन पर बात की थी, जो पिछले नंबर में सैन फ्रांसिस्को में उनके ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली बातचीत थी। बाइडन को बातचीत के दौरान जिनपिंग ने कहा कि ताइवान पहली लाल रेखा है, जिसे अमेरिका द्वारा पार नहीं किया जाना चाहिए, साथ ही टो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि चीन हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठेगा। हालांकि व्हाइट हाउस ने 1 घंटे 45 मिनट की बातचीत को कई मुद्दों पर स्पष्ट और रचनात्मक बताया है। जारी बयान के मुताबिक, बाइडन ने ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया है। साथ ही रूस के रक्षा उद्योग के लिए चीन के समर्थन पर भी चिंता जताई है। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने दक्षिण चीन सागर में कानून के शासन और नेविगेशन की स्वतंत्रता के महत्व पर जोर दिया। चीन के विदेश मंत्रालय ने भी कहा कि दोनों नेताओं के बीच स्पष्ट और गहन बातचीत हुई। मंत्रालय ने कहा कि शी जिनपिंग ने अमेरिका-चीन संबंधों को स्थिर होने की शुरुआत बताया। दोनों पक्षों से ध्यान देने की आवश्यकता है। हालांकि, ताइवान पर चीन का बयान सामने आया है। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी स्व-शासित लोकतंत्र को अपने क्षेत्र के रूप में दावा करती है और यदि

ऑफ बीट

## सूर्य ग्रहण में दान करें इनमें से कोई भी एक चीज



साल 2024 का पहला सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल को लगने जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य ग्रहण को बेहद महत्वपूर्ण घटना माना जाता है। सूर्य ग्रहण के प्रभाव से कई तरह के परिवर्तन देश-दुनिया में देखने को मिल सकते हैं। साथ ही इस दिन आप भी कुछ चीजों का दान करके और कुछ आसान उपाय करके अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। गेहूं: सूर्य ग्रहण के दिन गेहूं का दान करने से करियर से जुड़ी समस्याओं का अंत होता है। करियर में आ रही सभी रुकावटों को दूर करने के लिए आप ये उपाय आजमा सकते हैं। चना: अगर घर में सुख-समृद्धि की कामना करते हैं तो सूर्य ग्रहण पर चना दान करना चाहिए। इससे सूर्य के साथ ही बृहस्पति ग्रह की भी आपको कृपा प्राप्त होती है। लाल वस्त्र: सूर्य ग्रहण के दिन लाल वस्त्र दान करके आप सूर्य की कृपा प्राप्त कर सकते हैं। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और सफलता के द्वारा आपके लिए खुलते हैं। गुड़: गुड़ का दान करके आर्थिक स्थिति सुधरती है, अटका धन वापस मिलता है। स्वर्ण: सोने का दान करना सबके सामर्थ्य में नहीं होता लेकिन फिर भी अगर आपकी सामर्थ्य हो तो आप सूर्य ग्रहण के दिन थोड़ी मात्रा में स्वर्ण दान कर सकते हैं। इससे आपकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं हर क्षेत्र में सफलता आप पाते हैं।

ट्रेंड

### कांग्रेस ने अपमान किया



एक तरफ विकास के पथ पर बिहार को तेजी से आगे ले जाने में जुटी एनडीए सरकार है, तो दूसरी तरफ वे लोग हैं, जो राज्य को लालटेन युग में ही रखना चाहते हैं। कांग्रेस और आरजेडी ने बिहार और बिहारी गौरव का हमेशा अपमान किया है। इसके एक नहीं, अनेक उदाहरण हैं(

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### बेरोज़गारी सबसे बड़ी समस्या



आगे कोई पूछे कि इस समय इस देश के सामने सबसे बड़ी क्या समस्या है, तो बिना झिझके बोलना होगा बेरोज़गारी। बेरोज़गारी सबसे भयावह समस्या है और अब सिर्फ़ सिंपल ग्रेजुएट ही नहीं, आईआईटी जैसे संस्थान भी बेरोज़गारी से अछूते नहीं।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### मेरी पीढ़ी को फायदा



नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाले उदारीकरण कार्यक्रमों से मेरी पीढ़ी को अत्यधिक लाभ हुआ। उन लाभों ने आत्मविश्वास के स्तर को बदल दिया और इस प्रतिभाशाली, आत्मविश्वास से भरी युवा पीढ़ी को जन्म दिया जो भारत को उस चीज से आगे ले जा रही है।

-हर्षा भोगले, क्रिकेट एक्सपर्ट

### मोदी के भारत में विकास



पीएम मोदी के भारत में ये हो रहा है- 2014 के बाद से शेयर बाजार का बाजार तीन गुना बढ़ गया है। अर्थव्यवस्था का आकार दोगुना हो गया है। शेयरों में निवेश करने वालों की संख्या 2% से बढ़कर 5% हो गई है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




# आमी बोली भ्रष्टाचार हाटाओ, ओरा बोले भ्रष्टाचारी बाचाओ, टीएमसी सरकार ने गुनहगारों को बचाने पूरी ताकत झोंक दी थी, इनको सजा दिलाना मोदी की गारंटी

बंगाल के कूच बिहार में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि बंगाल में भाजपा ही माताओं-बहनों पर होने वाले अत्याचार को रोक सकती है। पीएम ने कहा कि बंगाल समेत पूरे देश ने देखा है कि टीएमसी सरकार ने संदेशखाली के गुनहगारों को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी।

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं पर हुए अत्याचार को लेकर पीएम मोदी ने ममता सरकार पर हमला बोला है। बंगाल के कूच बिहार में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि बंगाल में भाजपा ही माताओं-बहनों पर होने वाले अत्याचार को रोक सकती है। पीएम ने कहा कि बंगाल समेत पूरे देश ने देखा है कि टीएमसी सरकार ने संदेशखाली के गुनहगारों को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी।

उन्होंने कहा कि संदेशखाली की महिलाओं के साथ जो हुआ, वो टीएमसी के अत्याचार की पराकाष्ठा है। पीएम ने कहा कि आजादी के बाद हमारे देश में सात दशक तक लोगों ने केंद्र सरकार में सिर्फ कांग्रेस का मॉडल देखा। अब पहली बार देश ने बीते 10 साल में पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार का विकास मॉडल देखा है। आज दुनिया कहती है कि मोदी मजबूत नेता हैं, साथ ही मोदी कड़े और बड़े फैसले लेने वाला नेता हैं।

**संदेशखाली को लेकर ममता पर बरसे पीएम**

## 10 साल में जो विकास हुआ वह बस ट्रेलर, आप सभी लोग मेरा परिवार

**कूच बिहार में बोले- ममता सरकार ने अत्याचार को नहीं रोका**

**यह राज्य की महिलाओं पर अत्याचार की पराकाष्ठा थी**



कूचबिहार के रासमेलार मैदान में पीएम ने बांग्ला में कहा कि आमी बोली भ्रष्टाचार हाटाओ, ओरा बोले भ्रष्टाचारी बाचाओ (मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ)। पीएम ने कहा कि पिछले 10 साल में जो विकास हुआ वह बस ट्रेलर है। अभी तो मुझे बहुत काम करना है। हिंदुस्तान के हर इलाके में विकास हुआ। हर परिवार तक उसका लाभ पहुंचा। बंगाल के लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा, क्योंकि मोदी ने इसकी गारंटी दी थी। यहां के 40 लाख लोगों को पक्का मकान मिला, क्योंकि यह मोदी की गारंटी थी। दस साल में जो विकास हुआ, उसकी लंबी लिस्ट है। मेरे विरोधी कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। अरे, मोदी के लिए तो मेरा भारत मेरा परिवार है। आप मुझे बताइए कि आप मेरा परिवार हैं कि नहीं। मोदी ने बांग्ला में कहा कि आमार भारत आमार परिवार।

**आज ममता ने रैली नहीं रोकी**

पीएम ने इस बीच ममता बेनर्जी पर कटाक्ष भी किया। पीएम ने कहा कि मैं ममता दीदी को धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि 2019 में जब मैं यहां आया तो उन्होंने मेरी रैली में बाधा उत्पन्न की। मैंने उनसे कहा था कि जनता मेरा बदला लेगी, लेकिन आज उन्होंने ऐसा कुछ करने की कोशिश नहीं की और मुझे आप लोगों से मिलने दिया। मैं आज कोई परेशानी पैदा नहीं करने के लिए बंगाल सरकार को धन्यवाद देता हूं।

**राहुल का भाजपा पर निशाना**

### देश इस वक्त निर्णायक मोड़ पर खड़ा है

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर चुनाव को लेकर कांग्रेस के वादों से जुड़ी एक पोस्ट की है। राहुल ने एक्स पर लिखा




कि कांग्रेस और 'इंडिया' का मतलब युवाओं की पहली नौकरी पक्की, किसानों को एमएसपी की गारंटी, हर गरीब महिला लखपति, श्रमिक को न्यूनतम 400 रुपए प्रतिदिन, जातिगत गिनती और आर्थिक सर्वे, सुरक्षित संविधान और नागरिक के अधिकार होगी। भाजपा का मतलब बेरोजगारी पक्की, किसानों पर कर्ज का बोझ, असुरक्षा।

**पूर्णिया से पप्पू यादव ने ठोंकी ताल**

### हमारा लक्ष्य है कोसी और सीमांचल की आजादी

आजादी... आजादी...! यह नारा एक समय जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय में खूब चर्चित रहा था। अब कांग्रेस नेता



और पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय नामांकन दाखिल करने वाले राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कुछ ऐसी ही बात कह दी है। उन्होंने नामांकन दाखिल करने के बाद कहा कि उनका लक्ष्य कोसी और सीमांचल की आजादी है। उन्होंने इस 'आजादी' पर आगे बात नहीं की और कहा कि वह कांग्रेस को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

**भाजपाध्यक्ष नड्डा ने देहरादून में कांग्रेस को जमकर कोसा**

## कांग्रेस ने तीनों लोक में किया भ्रष्टाचार, यही उनका इतिहास

**देहरादून।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देवभूमि और वीरभूमि से कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने न जल छोड़ा, न नभ छोड़ा, न थल छोड़ा, न पाताल छोड़ा



है। उसने तीनों लोक में भ्रष्टाचार किया है। पाताल में कोयला घोटाला, आकाश में अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला, जमीन पर बोफोर्स घोटाला और थल में पनडुब्बी घोटाला किया है। ये कांग्रेस पार्टी का इतिहास है।पिथौरागढ़ में नड्डा ने जनता की याददाश्त को ताजा किया। उन्होंने कहा कि क्या यह सच्चाई नहीं है कि कांग्रेस सरकार में कोयला का घोटाला हुआ था, पनडुब्बी का घोटाला हुआ था, 2जी और 3जी का घोटाला हुआ था, कामन वेल्थ गेम का घोटाला हुआ था।

**मोदी ने उत्तराखंड में बहाई विकास की गंगा**

पीएम प्रधानमंत्री ने कहा है कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड के विकास का दशक होगा। आज वह धरातल पर उतरता हुआ दिख रहा है और विकास की गंगा बह रही है। दशकों तक जनता के साथ धोखा किया, घोटाले किए और विनाश की तरफ ढकेला। नड्डा ने लोगों से कहा कि 19 अप्रैल को चुनाव में आपको उन लोगों का चयन करना है, जिन्होंने उत्तराखंड के दर्द को समझा है। उत्तराखंड को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, युवाओं की आकांक्षाओं को पंख लगाने का काम किया। महिलाओं का सशक्तीकरण किया, उत्तराखंड को मुख्यधारा में लाने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी और दूसरी तरफ वो लोग हैं, जिन्होंने दशकों तक जनता के साथ धोखा किया, घोटाले किए। विकास का नारा देकर विनाश की तरफ ढकेला और घोटालों की सरकार एक नहीं अनेक सरकार चलाईं।

**शाह की गुवाहाटी में बड़ी रैली**

### 8 अप्रैल को शाह की रैली में एक लाख लोग शामिल होंगे

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 8 अप्रैल से असम में चुनाव प्रचार शुरू करने जा रहे हैं। पार्टी



की प्रदेश इकाई असम में रैली के दौरान अपनी ताकत दिखाने की भी कोशिश करेगी।विधायक और सोनितपुर लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार रंजीत दत्ता ने गुरुवार को कहा कि शाह की चुनावी जनसभा की पूरी तैयारी हो चुकी है। तीन विधानसभा सीटों से करीब 1 लाख लोग इस सभा में शामिल होंगे। शाह की सभा का आयोजन बिश्वनाथ जिले के गोहपुर शहर में किया जाएगा। दत्ता ने कहा कि कांग्रेस ने असम में अपना आधार खो दिया है।मैं पिछले कई दिनों से चुनावी कैंपन में जुटा हुआ हूं।

**ईरानी का राहुल पर करारा वार**

### आईएमएलयू से अब आ रही शर्म, झंडे छिपा रहे

**वायनाड।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर हमला बोला है। राहुल पर निशाना साधते हुए ईरानी ने आरोप लगाया कि वे अपने पार्टी के ही सहयोगी



दल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) से शर्मिंदा हैं। उनके रोड शो के दौरान उसका झंडा नहीं दिखाया गया था। स्मृति ने कहा कि अगर उन्हें आईयूएमएल से शर्म आती है, तो उन्हें उनका समर्थन अस्वीकार कर देना चाहिए।

**राहुल ने संविधान की शपथ का उल्लंघन किया**

भाजपा के राज्य प्रमुख के सुरेंद्रन के नामांकन दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए स्मृति ने कहा कि एसडीपीआई का समर्थन स्वीकार करके राहुल ने नामांकन दाखिल करते समय ली गई संविधान की शपथ का भी उल्लंघन किया है।

**इंडी गठबंधन की 'नीयत' केवल लूटने की**

ईरानी ने कहा कि इंडी गठबंधन एक ऐसा गठबंधन है जिसमें कोई 'नेता' नहीं है, कोई 'नीति' नहीं है और इसकी 'नीयत' केवल लूटने की है, जिसे भारत का हर नागरिक जानता है। गठबंधन बिखरा हुआ है। कांग्रेस और वामपंथी, वायनाड के साथ राज्य में एक-दूसरे के साथ लड़ रहे हैं।

**बिहार कांग्रेस में मची भगदड़**

### अनिल शर्मा भाजपा में शामिल सोनिया- खरगे को बताया सांप्रदायिक

बिहार कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे अनिल शर्मा गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। इस दौरान उन्होंने कहा कांग्रेस सांप्रदायिक पार्टी है और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी सबसे ज्यादा सांप्रदायिक लोगों की कैटेगरी में आते हैं।

**उपेंद्र भी भाजपा में शामिल**

### लालू यादव भ्रष्टाचार और परिवारवाद को बढ़ा रहे



राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं पूर्व लोकसभा उम्मीदवार उपेंद्र प्रसाद ने भी भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और संजय मयूख के समक्ष अनिल शर्मा और उपेंद्र प्रसाद ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

**खबर संक्षेप**

### 16 फीट गहरे बोरवेल में फंसे बच्चे को निकाला


**विजयापुर।** कर्नाटक के विजयापुर के इंडी तालुका में बोरवेल में गिरे 2 साल के बच्चे को तकरीबन 20 घंटे



के बचाव अभियान के सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। बोरवेल के अंदर 16 फीट की गहराई में फंसे बच्चे सात्विक सतीश मुजागोंड को सुरक्षित बाहर निकालते ही खुशी की लहर दौड़ गई। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने बचाव अभियान को अंजाम दिया।

### चंबा में लगे 5.3 तीव्रता के भूकंप के झटके

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा में गुरुवार रात 9:35 पर भूकंप के तेज झटका महसूस किया




गया। झटके के बाद लोग अपने घरों से निकाल कर खुली जगह पर पहुंच गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप के झटके की तीव्रता 5.3 आंकी गई। किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। उपायुक्त मुकेश रैप्सवाल ने बताया कि भूकंप के झटके से जिला में किसी प्रकार के जानोमाल का नुकसान नहीं हुआ है।

### चंद्रशेखर को मिली जान से मारने की धमकी

**नगीना।** उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे भीम आर्मी प्रमुख एवं आजाद



समाज पार्टी के संस्थापक चंद्रशेखर को गोली मारने की धमकी दी गई है। मामले की शिकायत लेकर जिला अध्यक्ष करणवीर शाहिद के दर्शन कार्यकर्ता एसपी से मिलने पहुंचे। सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हो रहा है, जो पार्टी तक भी पहुंचा है।

**केजरीवाल को एक मामले में राहत**

## सीएम पद से हटाने की याचिका खारिज, 'सरकार' करे फैसला



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्हें सीएम पद से हटाने की मांग की थी।

हाईकोर्ट ने कहा कि कभी-कभी, व्यक्तिगत हित को राष्ट्रीय हित के अधीन करना पड़ता है। हिंदू सेना नामक संगठन के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की ओर से दायर याचिका में उन्हें सीएम पद से हटाने की मांग की थी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने कहा कि यह केजरीवाल का निजी फैसला होगा। इस मुद्दे पर निर्णय लेना दिल्ली के उपराज्यपाल या भारत के राष्ट्रपति पर निर्भर है।

**वकीलों से मुलाकात का वक्त बढ़ाया जाए**

शराब घोटाले के मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद केजरीवाल ने एक बार फिर कोर्ट का रुख किया है। सीएम के वकील ने कोर्ट में एक याचिका लगाई है। इसमें गुहार लगाई गई है कि जेल प्रशासन को यह आदेश दिया जाए कि वो अपने वकीलों से अतिरिक्त मुलाकात का वक्त दें।

**कविता की नई याचिका**

### 1 माह बेटे के साथ रहने से आसमान नहीं टूटेगा

तिहाड़ जेल में बंद बीआरएस नेता के. कविता के वकील एएम सिंघवी



ने उनके अंतरिम जमानत पर बहस की। सिंघवी ने कहा आरोपी महिला का 16 साल का बच्चा है, जिसकी परीक्षाएं अप्रैल में होने वाली हैं। एक माह तक बेटे के साथ रहने की इजाजत देते हैं। कोई आसमान नहीं गिर जाएगा?

**संदेशखाली मामले में ममता सरकार पर भड़का कलकत्ता हाईकोर्ट**

# अत्याचार रोकने की संपूर्ण जिम्मेदारी सत्ताधारी दल की, जो हुआ शर्मनाक


### पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ अत्याचार के मामले में सुनवाई

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ अत्याचार के मामले में सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट ने ममता सरकार को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा यदि किसी नागरिक की सुरक्षा को खतरा है तो फिर सौ फीसदी जिम्मेदारी सत्ताधारी दल की है।

संदेशखाली मामले की सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा कि अगर एक फीसदी भी सच है तो यह पूरी तरह से शर्मनाक है। वहां जो कुछ भी हुआ उसकी नैतिक जिम्मेदारी जिला प्रशासन और सत्ताधारी दल की है। कोर्ट ने बंगाल सरकार से कहा कि अगर किसी नागरिक की सुरक्षा खतरे में है तो पूरी जिम्मेदारी सत्तारूढ़ दल की है।

**आप एक आरोपी की ओर से सवाल पूछ रहे**



सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद चीफ जस्टिस ने सख्त लहजे में शाहजहां के वकील से सवाल भी किए। उन्होंने कहा कि आप एक आरोपी शख्स की ओर से सवाल पूछ रहे हैं। पहले अपने आसपास के साए से छुटकारा पाएं। उसके बाद दूसरे के बारे में बात करें। 24 परगना जिले में स्थित संदेशखाली इलाके की कई महिलाओं ने दो महीने पहले टीएमसी के तत्कालीन नेता शाहजहां शेख समेत अन्य पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। कई महीनों तक भाजपा टीएमसी पर हमलावर रही। इसके बाद शेख को गिरफ्तार कर लिया गया।

**यहां से रेखा पात्रा भाजपा उम्मीदवार**

लोकसभा चुनाव में भाजपा ने संदेशखाली मामले की पीड़िता रेखा पात्रा को बशीरहाट सीट से उम्मीदवार भी बनाया है। पीएम ने संदेशखाली पीड़िता रेखा पात्रा से फोन पर बातचीत भी की थी। उन्होंने उनसे चुनावी तैयारियों, लोगों के बीच भाजपा के प्रति समर्थन और अन्य मुद्दों की जानकारी ली। रेखा ने संदेशखाली में महिलाओं की ओर से सामना की जाने वाली कठिनाइयों के बारे में बताया। इस दौरान पीएम मोदी ने रेखा को शक्ति स्वरूपा बताया था।

**ममता के बिगड़े बोल**

### भाजपा को बताया जहरीले सांप से भी बुरा...

लोकसभा चुनाव में नेताओं की ओर से अमर्यादित टिप्पणियों का दौर भी शुरू हो गया है। अब पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने कूचबिहार में



विरोधी दल भाजपा को अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है। ममता ने ये तक कह दिया कि जहरीले सांप पर विश्वास कीजिए, लेकिन भाजपा पर नहीं। कूच बिहार में ममता ने भाजपा पर कई बड़े आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि शीतलकुची में जिसने गोली मारकर हत्या किया वो अभी बीरभूम में भाजपा प्रार्थी बन गया। ममता ने आरोप लगाया कि 3 सालों से आवास योजना का पैसा नहीं दिया जा रहा है। सड़क के पैसे नहीं दिए जा रहे हैं।

**केंद्रीय मंत्री को बताया कलंक**

ममता ने कूच बिहार से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रामाणिक का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तुम मंत्री के नाम पर कलंक हो। राज्य सरकार के अधिकारियों का ट्रांसफर हो रहा है।

**बंगाल में कोई अलायंस नहीं**

ममता ने कहा कि बंगाल में कोई इंडिया अलायंस नहीं हुआ है। इंडिया नाम भी मैंने दिया था। दिल्ली में अलायंस हुआ है। ममता ने अपशब्दों का भी प्रयोग किया। बाद में उन्होंने उन शब्दों को सुधारने की कोशिश की।

**सुरजेवाला की हेमा मालिनी पर अभद्र टिप्पणी से मचा बवाल**

## विज ने सुरजेवाला को बताया भेड़िया, महिला आयोग ने थमाया नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा उत्तर प्रदेश के मथुरा से सांसद और अदाकारा हेमामालिनी पर दिया बयान अब सियासी रूप से नया विवाद खड़ा कर रहा है। महिला आयोग ने मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुरजेवाला को नोटिस थमाया है।

हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने सुरजेवाला को भेड़िया तक कह दिया। विज ने कहा कि सुरजेवाला का हेमामालिनी के बारे में बयान देना, कोई नई बात नहीं हैं, ये कांग्रेस का महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार, कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया ने भी कंगना रनौत के बारे में भी ऐसी ही टिप्पणी की थी। विज ने कहा कि इनके (कांग्रेस) पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने एक पुस्तक दि इनसाइडर लिखी थी, उस पुस्तक में इनका (कांग्रेस) महिलाओं के प्रति क्या विचार व दृष्टिकोण है, के 767 नंबर पेज पर साफ-साफ लिखा हुआ है।

**विवादित बयान पर पंचकूला में देना होगा स्पष्टीकरण**





**महिला आयोग ने जांच शुरू की**



**मुझे लगा कि सुरजेवाला एक सभ्य व्यक्ति हैं, मगर ऐसी बात की**

दूसरी तरफ एक मामले की जांच करने अंबाला पहुंची महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने कहा कि रणदीप सिंह सुरजेवाला को हमने नोटिस दिया है। नोटिस की एक कॉपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान को भी भेजी गई है। इस नोटिस के माध्यम से सुरजेवाला को 9 अप्रैल को सुबह साढ़े 10 बजे पंचकूला स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने को कहा है।

**भाजपा ने कांग्रेस को घेरा**

### सुरजेवाल ने महिला जाति का अपमान किया



भाजपा आईटी सेल के चीफ अमित मालवीय ने ट्वीट कर कांग्रेस को घेरा है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला ने हेमा मालिनी पर एक घृणित टिप्पणी की है। उनकी यह टिप्पणी न केवल हेमा मालिनी के लिए है, बल्कि ये बात सामान्य रूप से महिलाओं के लिए भी अपमानजनक है।

**आईएमडी ने दी सलाह**

## अप्रैल में ही पड़ेंगे लू के थपेड़े पांच दिन हीटवेव का अलर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अप्रैल की शुरुआत में ही गर्मी ने ट्रेलर दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अप्रैल में ही राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात समेत कई राज्यों में 20 दिन लू चलेगी। अहमदाबाद में भीषण गर्मी के बाद 100 ट्रैफिक सिग्नलों को 12 बजे से 4 बजे तक बंद करने का ऐलान किया है।

राज्य के कई स्थानों में स्कूलों के समय पर बदलाव हुआ है। बंगाल, ओडिशा, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश समेत कई राज्यों में अगले 5 दिन हीट वेव की चेतावनी जारी की है। उत्तरी राज्यों दिल्ली, यूपी और उत्तराखंड में मौसम बदलने वाला



है। कई राज्यों को भयानक हीटवेव का सामना करना पड़ रहा है। जून तक पूरे देश का करीब 85 फीसदी हिस्सा आग में झुलसेगा। पिछली साल यह आंकड़ा 60 था। कर्नाटक में हीट वेव की स्थिति अल नीनो प्रभाव में वृद्धि के कारण है। राजधानी बेंगलुरु के लोगों को पानी के संकट के बीच भीषण गर्मी का भी सामना करना पड़ रहा है। यहां बुधवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री पहुंच गया।

# आसमान से धरती पर निशाना साधेगी नई पीढ़ी की 'अग्नि-प्राइम'



डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप

यह अग्नि सीरीज की मीडियम रेंज की परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ एसएफसी और सशस्त्र बलों को बधाई दी

# 2000 किमी की एरिया में नहीं बचेंगे दुश्मन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्ट्रेटिजिक फोर्स कमान (एसएफसी) ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर नई पीढ़ी की 'अग्नि-प्राइम' बैलिस्टिक मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। उड़ान परीक्षण 3 अप्रैल को शाम करीब सात बजे ओडिशा तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया था। इस मिसाइल का टारगेट दायरा 1000 से 2000 किलोमीटर है। परीक्षण से पहले चीन का जासूसी शीप भी इस क्षेत्र से गुजरा था।

*यह परमाणु मिसाइल एक साथ दुश्मन के कई टारगेट को तबाह करने में सक्षम*

*मिसाइल ने अधिकतम सीमा तक जाकर अपने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया*

## उड़ान परीक्षण के प्रयासों की सराहना



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मिसाइल के सफल विकास और सशस्त्र बलों में इसके शामिल होने से सेना की शक्ति कई गुना बढ़ जाएगी। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव तथा डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने सफल उड़ान परीक्षण के प्रयासों की सराहना की।

- डीआरडीओ ने डॉ. द्वीप से मिसाइल का किया परीक्षण
- परीक्षण ने अपने सभी लक्ष्यों को किया हासिल
- परीक्षण के दौरान पास से गुजरा जासूसी शीप
- इस मिसाइल से सेना की कई गुना बढ़ जाएगी शक्ति


## खबर संक्षेप

### सीजेआई नरीमन की भूमिका का किया जिक्र



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को दिवंगत दिग्गज वकील फली एस नरीमन को लेकर बताया कि वे कई वकीलों और न्यायाधीशों के गुरु थे। जब वह फैसलों की आलोचना भी करते थे तब भी उन्होंने कभी मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया। जब मुश्किल समय में कई आवाजें चुप हो गईं तो उनकी आवाज देश की आवाज बनी रही।

### फिर सुलगा पूर्वी ईरान 13 की हुई मौत



**दुबई।** दक्षिण पूर्वी ईरान में दो अलग-अलग घटनाओं में 8 बंदूकधारियों और ईरानी सुरक्षाबलों के 5 सदस्यों की मौत हो गई है। सुरक्षाबलों के 10 अन्य सदस्य जख्मी हुए हैं। सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में रात के समय लड़ाई तब शुरू हुई जब बंदूकधारियों ने रस्क शहर में रिवोल्यूशनरी गार्ड की एक चौकी और चाहबहार शहर में एक तट रक्षक स्टेशन पर गोलीबारी की।

### पीएम मोदी 12, तो शाह 9 अप्रैल को जाएंगे जम्मू



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में भाजपा ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अन्य बड़े नेताओं के चुनावी सभाओं की तिथियां जारी कर दी गई हैं। पहले और दूसरे चरण में उधमपुर तथा जम्मू संसदीय सीट के लिए होने वाले मतदान के लिए पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करेंगे। 12 अप्रैल को उधमपुर के मोदी मैदान में पीएम नरेंद्र मोदी की रैली होगी।

### भारत से रूसी तेल कम करने नहीं कहा: अमेरिका



**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने कहा कि रूसी तेल के निर्बाध कारोबार की अनुमति देना अस्वीकार्य था और रहेगा। पेट्रोलियम की कीमतें तय करने का उद्देश्य उसे कम दाम पर तेल बेचने मजबूर करना है। अमेरिका ने भारत को रूस से तेल की मात्रा कम करने के लिए नहीं कहा है। जी-7 समूह देशों द्वारा रूसी तेल की कीमतों को तय करने से उसे धन जुटा पाना मुश्किल हुआ।

### ताइवान रेड लाइन है... पार न करे अमेरिका



**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने मंगलवार को अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन से फोन पर बातचीत की। जिनपिंग ने बाइडेन से कहा कि ताइवान रेड लाइन है, जिसे अमेरिका को पार नहीं करना चाहिए। जिनपिंग ने बाइडेन को चेतावनी दी कि चीन शांत नहीं बैठेगा। पिछले साल नवंबर में सैन फ्रांसिस्को में शिखर सम्मेलन के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली बातचीत थी।

## यात्रियों ने ऐसा कदम उठाया कि दुनिया में बन गया एक नजीर

# थाईलैंड के जहाज में अचानक लगी आग जान बचाने समुद्र में कूदे 108 यात्री

*थाईलैंड में भीषण जहाज हादसे की चौंकाने वाली खबर सामने आई है। जिसमें तड़के अचानक उसमें आग लग गई। इससे यात्रियों की जान आफत में पड़ गई। इसके बाद यात्रियों ने अपनी जान बचाने के लिए जो कदम उठाया वो दुनिया में एक नजीर बन गया। सभी यात्री समुद्र में कूद गए। जो सुरक्षित बताए जा रहे हैं।*

*जहाज थाईलैंड के तट से दूर एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल कोह ताओ जा रहा था*

**जहाज में अचानक लगी आग से मचा कोहराम, बाल-बाल बचे 108 लोग**

*आग लगते ही जहाज में मौजूद यात्रियों की अटक गई सांसें उठाया बड़ा कदम*

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

थाईलैंड की खाड़ी में गुरुवार तड़के हुए एक जहाज हादसे ने पूरी दुनिया को हैरत में डाल दिया है। जहाज में अचानक आग लग गई।

आग लगते ही जहाज में मौजूद यात्रियों की सांसें अटक गई। लोगों के बीच जान बचाने की होड़ में चीख-पुकार मच गई। जहाज में लगी भीषण आग लगातार बढ़ती जा रही थी। लिहाजा यात्रियों ने फिर जो किया, वैसा आज से पहले दुनिया के किसी जहाज हादसे में शायद पहले कभी नहीं हुआ होगा। भीषण आग की चपेट में फंसे यात्रियों ने अपने जान की बाजी लगाकर जहाज से समुद्र में कूद गए। कुछ ने लाइफ जैकेट पहने, कुछ बिना जैकेट के कूंद गए।

### पहले धुंआ और फिर पांच मिनट से भी कम समय में लग गई आग



### सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे

घबराए यात्रियों को समुद्र में कूदते देख पायलट और क्रू मेंबर भी हैरान रह गए। हालांकि समुद्र में कूदने वाले सभी 108 लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बता दें कि सूरत थानी प्रांत से रात भर चलने वाला जहाज थाईलैंड के तट से दूर एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल कोह ताओ पहुंचने ही वाला था कि तभी यात्रियों में से एक ने अचानक एक जोरदार आवाज सुनी और धुएं की गंध महसूस की। मैत्री प्रोमजम्पा ने बताया कि उन्होंने पहले धुंआ और पांच मिनट से भी कम समय में आग लगते हुए देखी और तभी लोगों ने चिल्लाना शुरू कर दिया और अलार्म बजा दिया। उन्होंने बताया कि हम बमुश्किल से ही जीवनरक्षक जैकेट प्राप्त कर सके। अफरा-तफरी मच गयी। लोग चिल्ला रहे थे, मेरे भी आंसू आ गए।

### इंजन में लग गई थी आग जांच में जुटी टीम

सूरत थानी अधिकारियों ने फेसबुक पर बताया कि जहाज पर सवार 108 लोगों में से 97 यात्री थे। प्रांत के जन संपर्क विभाग ने बताया कि सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वीडियो में दिख रहा है कि लोग लाइफ जैकेट पहनकर जहाज के केबिन से तेजी से बाहर निकल रहे हैं। जहाज पर काला धुआं फैलते हुए देखा जा सकता है। बाद में जहाज से आग की लपटों को निकलते हुए देखा जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया। आग जहाज के इंजन में लगी थी। इसके कारण की जांच की जा रही है।

## चट्टान कहकर श्रीलंका को दी थी जमीन

# विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताई 'कच्चातिवु' की सच्चाई



एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को तमिलनाडु की डीएमके पार्टी पर श्रीलंका को कच्चातिवु द्वीप देने के मामले में जमकर निशाना साधा। जयशंकर ने दावा किया कि इंदिरा गांधी ने जब पांच दशक पहले श्रीलंका को भारत का यह द्वीप सौंपा था तब डीएमके भी उसके पक्ष में थी।

- एस जयशंकर ने डीएमके पर हमला बोला

लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान तमिलनाडु में वोटिंग से पहले एस जयशंकर कहा कि राज्य के लोगों को इस मामले की पूरी सच्चाई पता होनी चाहिए। एस. जयशंकर ने कहा कि मुझे लगता है कि जो सबसे महत्वपूर्ण है वह यह है कि तमिलनाडु के लोगों को सच्चाई पता होनी चाहिए। यह कैसे हुआ? ऐसा इसलिए होता है क्योंकि जब केंद्र सरकार इस मुद्दे पर डीएमके बातचीत कर रही थी, लेकिन इसे मामले को पूरी तरह से गुप्त रखा गया था। तत्कालीन सरकार ने कच्चातिवु को छोटी चट्टान मानकर श्रीलंका को दिया था।

### 9 सोमालियाई समुद्री डाकुओं को पुलिस को सौंपा



**मुंबई।** पूर्वी सोमालिया में ईरानी जहाज एफवी अल कंबर को अपहृत करने वाले सभी 9 समुद्री लुटेरों को भारतीय नौसेना ने 3 अप्रैल को पश्चिमी तट पर लाकर मुंबई पुलिस को सौंप दिया। गौरतलब हो कि अरब सागर में यह घटना 29 मार्च को हुई थी, जिसमें भारतीय नौसेना ने लगभग 12 घंटे तक चले इस ऑपरेशन के बाद समुद्री डकैती रोकने के साथ ही 23 पाकिस्तानी नागरिकों को बचाया था। बुधवार देर रात मुंबई लाए गए इन सोमालियाई लुटेरों के विरुद्ध अब आगे की कार्रवाई समुद्री कानून के तहत की जाएगी।

### श्रीलंकाई से रिहा हुए 19 मछुआरे चेन्नई पहुंचे


तमिलनाडु के 19 मछुआरों को श्रीलंकाई जेल से रिहा कर दिया गया है। सभी मछुआरे श्रीलंका के कोलंबो से एयर इंडिया के जरिये चेन्नई पहंच गए हैं। गौरतलब हो कि समुद्री सीमा पार करने के आरोप में पिछले महीने 6 मार्च को श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। इन 19 मछुआरों में मयिलादुथुराई के 9, पुदुकोट्टई के 4 और पुडुचेरी राज्य के कराईकल के 6 मछुआरे शामिल थे। ये सभी 6 मार्च को 2 नावों पर सवार होकर समुद्र में मछली पकड़ने गए थे। भारत सरकार के हस्तक्षेप के बाद श्रीलंकाई अदालत ने मछुआरों को रिहा करने का फैसला लिया है।

## 4 अप्रैल 1949 को हुई थी स्थापना

# 'नाटो' ने मार्चिंग बैंड के साथ मनाया 75वां स्थापना दिवस

एजेंसी ▶▶ ब्रुसेल्स

नाटो ने गुरुवार को पूरे यूरोप और उत्तरी अमेरिका में सामूहिक रक्षा के 75 साल पूरे होने का झंडे, केके और मार्चिंग बैंड के साथ जश्न मनाया। वहीं, यूक्रेन पर रूस का युद्ध अपने तीसरे वर्ष में प्रवेश कर रहा है और सहयोगियों के संकल्प की कड़ी परीक्षा ले रहा है। ब्रुसेल्स में केक सेरेमनी में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और उनके समकक्ष उस क्षण को चिह्नित किया। 4 अप्रैल, 1949 को वॉशिंगटन में गठबंधन की स्थापना हुई थी।



### गंभीर वादे पर स्थापना

नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि नाटो की स्थापना एक ही गंभीर वादे पर की गई थी। एक सहयोगी पर हमला सभी पर हमला है। उस नींव से, हमने इतिहास में सबसे शक्तिशाली और सफल गठबंधन बनाया है। ब्लिंकन ने नाटो को एक रक्षात्मक गठबंधन के रूप में वर्णित किया, जिसका किसी अन्य देश के क्षेत्र पर कोई इरादा नहीं है।

## सभी के आधार कार्ड बरामद

# नेपाल बॉर्डर से दो पाकिस्तानियों समेत तीन आतंकी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूपी एटीएस ने सनौली भारत-नेपाल सीमा से 3 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो पाकिस्तानी और एक कश्मीरी है। आतंकियों के नाम मोहम्मद अल्ताफ और सैय्यद गजनफर हैं। उनके साथ कश्मीरी आतंकी नासिर अली को भी गिरफ्तार किया है। पाक आतंकी मोहम्मद अल्ताफ हिजबुल मुजाहिद्दीन के कैंप में ट्रेनिंग ले चुका है। एटीएस ने जब इन तीनों को दबोचा, तब इन्होंने खुद को भारतीय दिखाने की पूरी कोशिश की।



### आईएसआई के संपर्क में

जांच में इन आतंकियों के पास से भारतीय पासपोर्ट भी बरामद हुआ है। इसके अलावा इनके पास से भारत, नेपाल, बांग्लादेश और अमेरिका की करेंसी भी बरामद हुई है। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आतंकी नासिर अली आईएसआई के अपने हैंडलर सलीम से लगातार संपर्क में था, वह उसे निर्देश दे रहा है।

*द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति*

# सीबीआई और ब्राजीलियाई पुलिस के बीच हुआ अहम समझौता



*नई दिल्ली। ब्राजीलियाई संघीय पुलिस के निदेशक वाल्देसी उरकिजा के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली स्थित केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) मुख्यालय का दौरा किया। उरकिजा ने सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद और सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की। इस दौरान दोनों के बीच अंतरराष्ट्रीय अपराध से निपटने एवं अन्य बिंदुओं पर द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। वाल्देसी इंटरपोल कार्यकारी समिति में उपाध्यक्ष भी हैं।*

## टीसीएस ने 3.5 लाख कर्मचारियों को किया प्रशिक्षित

# आईटी कंपनियों के कर्मचारी सीख रहे जेनरेटिव एआई कौशल

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारतीय आईटी कंपनियां जेनएआई की शक्ति को अपनाने के लिए सक्रिय रूप से अपने कार्यबल को तैयार कर रही हैं, जो व्यवसायों और प्रौद्योगिकी आधारों को नया आकार दे रही है।

टीसीएस ने कर्मचारियों के लिए व्यावसायिक क्षेत्रों में जेनएआई प्रशिक्षण अनिवार्य कर दिया है। 6 लाख कर्मचारियों में से 350,000 कर्मचारियों को जेनएआई कौशल पर प्रशिक्षित किया है। मानव संसाधन विभाग ने सूचित किया है कि जेनएआई-तैयार मॉड्यूल के साथ 100 प्रतिशत अनिवार्य होना चाहिए।

*आईटी कंपनियां जेनरेटिव एआई कौशल को दे रहीं बढ़ावा*

अलग खबर

- कर्मचारियों के लिए अनिवार्य किया जा रहा है प्रशिक्षण

### जेनएआई उपयोग से प्रगति



अमेरिका में टीसीएस मैन्युफैक्चरिंग बिजनेस यूनिट के प्रमुख राकेश देवपुरा ने कहा कि हम जेनएआई उपयोग के मामलों की जटिलता और परिष्कार में प्रगतिशील वृद्धि देख रहे हैं, सरल ज्ञान वितरण और चैटबॉट्स से लेकर उत्पादक नवाचार के लिए संवर्द्धन समाधान जैसे जटिल मामलों तक। टीसीएस के कुल 6 लाख कर्मचारियों में से 350,000 से अधिक कर्मचारियों को जेनएआई कौशल पर प्रशिक्षित किया है।

### इन्फोसिस कोर्स पूरा करने के लिए कहा

इन्फोसिस में प्रबंधक पिछले कुछ महीनों में अपनी टीमों से जेनएआई में कम से कम एक कोर्स पूरा करने के लिए कह रहे हैं। जेनरेटिव एआई के आगमन ने हमारे काम करने के तरीके को महत्वपूर्ण रूप से बदल दिया है।

### मध्यम कंपनियां भी दे रहीं महत्व

हैपिएस्ट माइंड्स और सोनाटा जैसी मध्य स्तरीय आईटी कंपनियों ने कर्मचारियों के लिए जेनएआई कौशल हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। अगले कुछ तिमाहियों में अपने सभी कर्मचारियों को जेनएआई में प्रमाणित करना है।

# सोनिया पहली बार बनीं राज्यसभा सांसद सभापति जगदीप धनखड़ ने दिलाई शपथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने गुरुवार को राज्यसभा सांसद के तौर पर शपथ ली। सोनिया राजस्थान से राज्यसभा सांसद चुनी गईं हैं। ये पहली बार है जब सोनिया गांधी राज्यसभा सांसद चुनी गई हैं।

राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उन्हें शपथ दिलाई। सोनिया गांधी के अलावा भाजपा नेता और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ली। इनके अलावा 12 और सांसदों ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। कर्नाटक से कांग्रेस नेता अजय माकन और सैयद नसीर हुसैन, उत्तर प्रदेश से भाजपा नेता आरपीएन सिंह और पश्चिम बंगाल से भाजपा के समिक भट्टाचार्य उन 14 सांसदों में शामिल थे।

बिहार से जेडीयू के संजय कुमार झा, ओडिशा से बीजेडी के सुभाशीष खूंटिया और देबाशीष सामंतराय, जबकि राजस्थान से भाजपा के मदन राठौड़ ने शपथ ली। तेलंगाना से चुनकर आए वाईएसआर कांग्रेस के गोल्ला बाबूराव, एम. रघुनाधा रेड्डी और येरम वेंकट सुब्बा रेड्डी और बीआरएस नेता रवि चंद्र वद्दीराजू ने भी शपथ ली। शपथ लेने के बाद सभी नए सांसदों ने ग्रुप फोटो भी खिंचवाई।






## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 3 | 3 | 0 | 6 |
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 |
| चेन्नई | 3 | 2 | 1 | 4 |
| लखनऊ | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| पंजाब | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बेंगलोर | 4 | 1 | 3 | 2 |
| दिल्ली | 4 | 1 | 3 | 2 |
| मुंबई | 3 | 0 | 3 | 0 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
**203 रन**
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



मुस्तफिजुर रहमान
**07 विकेट**
चेन्नई

## बाउंड्री मीटर

**442** चौके

**299** छक्के

# मयंक को सीधे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उतारा जा सकता है: ब्रॉड

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि भारत की नयी तेज गेंदबाजी सनसनी मयंक यादव को सीधे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उतारा जा सकता है ताकि कैरियर में चोटों का सामना करने के लिये उनका शरीर सख्त हो सके।

पिछले साल क्रिकेट के सभी प्रारूपों से विदा ले चुके ब्रॉड का मानना है कि कम उम्र में ही शुरूआत करके यादव शीर्ष स्तर पर बहुत कुछ सीख सकते हैं लेकिन उन्हें उतार चढाव के लिये तैयार रहना होगा।

### मयंक की लय जबरदस्त

तेज गेंदबाज ने कहा ,'उसे यह याद रखना होगा कि खेल में चोट भी लगेगा । वह काफी रफ्तार से गेंद डालता है लेकिन उसकी लय जबर्दस्त है । पहले दो आईपीएल मैचों में किसी तेज गेंदबाज को मैन आफ द मैच चुना जाना अक्सर नहीं होता । मैं उम्मीद करता हूं कि वह तीनों प्रारूप खेलेगा । उसे अपेक्षाओं के दबाव की भी आदत डालनी होगी । उसे हर मैच में तो मैन आफ द मैच पुरस्कार नहीं मिलेगा ।'



### घरेलू क्रिकेट से गुजारना जरूरी नहीं

स्टार स्पोटर्स की कमेंट्री टीम में शामिल ब्रॉड ने यहां चैनल के स्टूडियो में बातचीत में कहा ,'मुझे नहीं लगता कि उसे घरेलू क्रिकेट से होकर गुजरने की जरूरत है । शीर्ष स्तर पर खेलकर उसका शरीर खुद ब खुद सख्त हो जायेगा ।'

### रनअप, लाइन और लैंग्थ काफी अच्छी

ब्रॉड ने कहा ,'उसका रनअप अच्छा है और उसे लाइन और लैंग्थ की भी अच्छी समझ है । किसी युवा गेंदबाज के लिये सबसे शीर्ष स्तर पर खेलना अच्छा सबक होता है । मैने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कम उम्र में शुरूआत करके ही बहुत कुछ सीखा । वह आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के खिलाफ सीख रहा है ।'

### पहले उतारने से ही फायदा होगा

इंग्लैंड के लिये 604 टेस्ट विकेट ले चुके ब्रॉड ने कहा कि 21 वर्ष के मयंक को शीर्ष स्तर पर उतारने से उसे फायदा ही होगा क्योंकि भारत को एक खास गेंदबाज मिल गया है । उन्होंने कहा , 'मैं तो उसे भारतीय टीम में देखना चाहूंगा । जरूरी नहीं कि वह खेले लेकिन ड्रेसिंग रूम में बहुत कुछ सीख सकत है । भारत को एक खास खिलाड़ी मिल गया है जिसे ढंग से मैनेज करने की जरूरत है ।'

**आईपीएल : दिल्ली से पराजय के बाद चेन्नई जीत की राह पर लौटने उतरेगी**

# मुस्ताफिजूर के बिना सुपर किंग्स का सामना आज सनराइजर्स हैदराबाद से

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान के बिना चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगी जो अपना दिन होने पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में सक्षम है। दिल्ली कैपिटल्स से पिछले मैच में पराजय झेलने के बाद चेन्नई टीम जीत की राह पर लौटने उतरेगी ।

इतने लंबे टूर्नामेंट में प्रदर्शन में उतार चढाव आना लाजमी है और चेन्नई के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ ने पिछले मैच में मिली हार के बाद यही कहा था । उन्हें और उनके सलामी जोड़ीदार रचिन रविंद्र को हालांकि घूमती गेंदों का सामना करने के लिये तैयार रहना होगा जिसमें वे दिल्ली के खिलाफ चूक गए थे ।

### धोनी के ऊपर आने की संभावना कम

क्रिकेटप्रेमी महेंद्र सिंह धोनी को आठवें नंबर से ऊपर बल्लेबाजी करते देखना चाहते थे ।उन्होंने पिछले मैच में अपना पुराना फिनिशिर फॉर्म दिखाते हुए 16 गेंद में 37 रन बनाये थे । वैसे उनके ऊपर आने की संभावना कम ही है क्योंकि वह शिवम दुबे और समीर रिजवी को फिनिशर की भूमिका निभाते देखना चाहते हैं ।



### वीजा के लिए बांग्लादेश लौटे मुस्ताफिजूर

गेंदबाजी में चेन्नई को संयोजन पर विचार करना होगा क्योंकि मुस्ताफिजूर अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये वीजा की प्रक्रिया पूरी करने बांग्लादेश लौट गए हैं । अभी तक मुस्ताफिजूर और मथीषा पथिराना की जोड़ी सीएसके के लिये अच्छा प्रदर्शन कर रही थी ।

### मुस्ताफिजूर की जगह चौधरी ले सकते हैं

मुस्ताफिजूर की जगह मुकेश चौधरी ले सकते हैं जबकि शार्दुल ठाकुर ने अभी तक एक भी मैच नहीं खेला है । दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा । उसके बल्लेबाजों ने मुंबई के खिलाफ दूसरे मैच में आईपीएल के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर बनाया था हालांकि सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल अभी तक प्रभावित नहीं कर सके हैं ।

### भुवनेश्वर ने नई गेंद से निराश किया

गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहली बार सनराइजर्स के बल्लेबाज नाकाम रहे । गेंदबाजी में जयदेव उनादकट, मयंक मार्कण्डेय और भुवनेश्वर कुमार महंगे साबित हुए हैं । भुवनेश्वर ने नयी गेंद से निराश किया है और तीन मैचों में तीन ही विकेट ले सके हैं । कप्तान पैट कमिंस ने आठ रन प्रति ओवर की दर से रन दिये हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग चाहिये ।

**खास खबर**

## भारत में डोपिंग के मामले सर्वाधिक



**नई दिल्ली।** विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2000 या अधिक नमूनों की जांच कराने वाले देशों में 2022 टेस्टिंग आंकड़ा रिपोर्ट के अनुसार भारत में डोपिंग टेस्ट में नाकाम रहने के मामले सर्वाधिक हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर है। वाडा ने बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत में 3865 नमूनों (मूत्र और रक्त दोनों) की जांच की गई जिनमें से 125 पॉजीटिव रहे जो नमूनों की संख्या का 3 . 2 प्रतिशत है । नमूनों की जांच के मामले में भारत 11वें स्थान पर है लेकिन डोपिंग के मामले रूस (85), अमेरिका (84), इटली (73) और फ्रांस (72) जैसी खेल महाशक्तियों से अधिक है। दक्षिण अफ्रीका ने 2023 नमूनों की जांच की जिसमें से 2 . 9 प्रतिशत पॉजीटिव रहे । तीसरे स्थान पर कजाखस्तान है जिसके 2174 नमूनों में से 1 . 9 प्रतिशत पॉजीटिव निकले । चौथे स्थान पर नॉर्वे और अमेरिका रहे । चीन ने रिकॉर्ड 19228 नमूनों की जांच की जबकि प्रतिकूल नतीजे 0 . 2 प्रतिशत रहे ।

- 2000 या अधिक टेस्ट कराने वाले देशों में भारत
- भारत के बाद दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका

**रूस ने 10186 नमूनों की जांच की :** डोपिंग मामलों के कारण अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का निलंबन झेलने वाले रूस ने 10186 नमूनों की जांच की और 0 . 8 प्रतिशत पॉजीटिव रहे ।

## पंत पर लगा 24 लाख का जुर्माना



*विशाखापत्तनम। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में दूसरी बार धीमी ओवरगति रहने के कारण 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है । पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स की ओवरगति बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में धीमी रही थी । बाकी खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईपीएल ने एक बयान में कहा , 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मैच में धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है ।' इसमें कहा गया , 'यह इस सत्र में आईपीएल की आचार संहिता के तहत टीम का दूसरा अपराध था लिहाजा पंत पर 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया । इंपैक्ट खिलाड़ी समेत बाकी खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत या छह लाख रूपये में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है ।'*

## खबर संक्षेप



### फीफा रैंकिंग में चार पायदान गिरा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम ताजा फीफा रैंकिंग में चार पायदान गिरकर 121वें स्थान पर खिसक गई जो पिछले कुछ साल में उसका सबसे खराब प्रदर्शन है । भारत को पिछले महीने गुवाहाटी में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे दौर में अफगानिस्तान ने 2-1 से हराया था। पिछले साल इंटर कांटिनेंटल कप, त्रिकोणीय टूर्नामेंट और सैफ चैम्पियनशिप जीतकर भारत शीर्ष सौ में पहुंचा था लेकिन 26 मार्च को अपने से नीची रैंकिंग वाली अफगानिस्तान टीम से हार अप्रत्याशित रही। जनवरी में एशियाई कप में भारतीय टीम एक भी मैच नहीं जीत सकी और चार टीमों के ग्रुप बी में चौथे स्थान पर रही। गत विश्व चैम्पियन अर्जेंटीना शीर्ष पर है जबकि फ्रांस दूसरे, इंग्लैंड तीसरे और बेल्जियम चौथे स्थान पर है । ब्राजील पांचवें स्थान पर है ।

### फिरोजा के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे प्रज्ञानानंदा



**टोरंटो।** भारत के स्टार खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा यहां शुरू हुए कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ खेलेंगे जबकि ऑल इंडियन मुकाबले में डी गुकेश और विदित गुजराती आमने-सामने होंगे। दो सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ियों फाबियानो करुआना और हिकारू नाकामूरा के बीच ऑल अमेरिकी मुकाबला होगा। दिन के एक अन्य मुकाबले में अजरबेजान के निजात अबासोव की भिड़ंत रूस के इयान नेपोमनियाची से होगी। महिला वर्ग के पहले दौर में भी दो भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली और कोनेरू हंपी आमने-सामने होंगी।

### ओल्टमेंस को राष्ट्रीय टीम का कोच बनाना चाहता है पाकिस्तान



**कराची।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने भारत के पूर्व कोच रहे मशहूर डच कोच रोलेंट ओल्टमेंस से राष्ट्रीय टीम का कोच बनने संपर्क किया है। आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे पीएचएफ में इस समय दो ईकाइयां है। पीएचएफ ने मलेशिया और पोलैंड में मई-जून में होने वाले अजलन शाह कप और नेशंस कप के लिए पाकिस्तानी का कोच बनने का अनुरोध किया है। पीएचएफ के एक धड़े के सचिव राणा मुजाहिद ने पुष्टि की है कि ओल्टमेंस से संपर्क किया है।

# उबर कप नहीं खेलेगी सिंधू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और शीर्ष दो युगल टीमों ने उबर कप से नाम वापिस ले लिया है लेकिन पुरूष वर्ग में मजबूत टीम 27 अप्रैल से चेंगडू में होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेलेगी ।

फरवरी में बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के जरिये वापसी करने के बाद से सिंधू ने छह टूर्नामेंट खेले हैं । उन्होंने पेरिस ओलंपिक से पहले रिकवरी के लिये पर्याप्त समय की जरूरत को देखते हुए नाम वापिस लिया है । महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो ने भी नाम वापिस ले लिया है। उनका फोकस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिये दूसरे टूर्नामेंटों पर है । बीएआई सचिव संजय मिश्रा ने कहा ,'सिंधू चोट के बाद वापसी कर रही है और पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये उसे समय चाहिये । युगल टीमों ने भी नाम वापिस ले लिया है क्योंकि उन्होंने पिछले कुछ समय में काफी टूर्नामेंट खेले हैं और अब फोकस क्वालीफिकेशन पर है ।'भारत थॉमस कप में गत चैम्पियन है और इस बार भी मजबूत टीम उतारी है ।इसमें पांच एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत, एच एस प्रणय, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज हैं ।

### पहले दस मैचों में आईपीएल की रिकॉर्ड दर्शक संख्या

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के पहले दस मैचों को 35 करोड़ दर्शकों ने देखा जो टूर्नामेंट के किसी भी सत्र से अधिक है जिसमें कोरोना महामारी के दौरान खेले गए सत्र भी शामिल हैं । डिजनी स्टार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार टूर्नामेंट का कुल 'वॉचटाइम' 8028 करोड़ मिनट रहा जो पिछले साल से बीस फीसदी अधिक है । डिजनी स्टार (स्पोटर्स) के प्रमुख संजोग गुप्ता ने कहा , 'टाटा आईपीएल 2024 की रिकॉर्ड व्यूअरशिप से हम आहलादित हैं । हमने दर्शकों को केंद्र में रखकर कई पहल की जिससे दर्शकों की संख्या में इजाफा हुआ ।' डिजनी स्टार आईपीएल का 10 भाषाओं में प्रसारण कर रहा है जिसमें मूक, बधिरों और दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिये स्पेशल फीड भी शामिल है ।

## अजारेंका चार्ल्सटन ओपन के तीसरे दौर में



**चार्ल्सटन।** विक्टोरिया अजारेंका और अनहेलिना कालिनिना ने वर्षाबाधित चार्ल्सटन ओपन टेनिस में अपने अपने मुकाबले जीतकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। सत्र के पहले क्लेकोर्ट टूर्नामेंट में 12वीं वरीयता प्राप्त अजारेंका ने एलिसाबेट्टा कोसियारेट्टो को 6-1, 6-2 से हराया। वहीं 15वीं वरीयता प्राप्त कालिनिना ने पूर्व चैम्पियन कैरोलिन वोज्नियाकी को 6-2, 6-3 से मात दी। बारिश के कारण मुकाबले देर से शुरू हुए और कई मुकाबले स्थगित करने पड़े ।

**हार के बाद स्टिमक को बर्खास्त करने की सिफारिश की गई थी**

# विश्व कप क्वालीफायर मैचों में प्रभारी बने रहेंगे इगोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आलोचनाओं का सामना कर रहे इगोर स्टिमक कुवैत और कतर के खिलाफ भारत के फीफा विश्व कप के दूसरे दौर के क्वालीफाइंग मुकाबलों के प्रभारी बने रहेंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच से दो मैचों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा है।

पूर्व दिग्गज खिलाड़ी आईएम विजयन की अध्यक्षता वाली तकनीकी समिति ने अफगानिस्तान से मिली चौंकाने वाली हार के बाद क्रोएशिया की विश्व कप टीम के खिलाड़ी रह चुके स्टिमक को बर्खास्त करने की सिफारिश की थी।



### वर्चुअल बैठक में स्टिमक से चर्चा

अफगानिस्तान से हार के बाद एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे द्वारा गठित और उपाध्यक्ष एनए हारिस की अध्यक्षता वाली एक समिति ने मंगलवार को वर्चुअल बैठक के दौरान स्टिमक के साथ चर्चा की।

### पहली बार तीसरे दौर में जगह बनाने का मौका

एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य और तकनीकी समिति के अध्यक्ष विजयन ने कहा, 'मुझे खुशी है कि मुख्य कोच के साथ हमारी अच्छी चर्चा हुई। विश्व कप क्वालीफायर में हमारे दो मुकाबले बचे हैं। इतिहास में पहली बार हमारे पास तीसरे दौर में जगह बनाने का मौका।'

### भारत को मैचों पर ध्यान केंद्रित करना होगा

विजयन ने कहा, 'अब समय आ गया है कि हम अगले दो मैचों पर ध्यान केंद्रित करें और राष्ट्रीय टीम के साथ मजबूती से खड़े रहें ताकि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।' हारिस, विजयन और क्लाइमैक्स लॉरेंस सहित समिति के तीन सदस्य बैठक में शामिल नहीं हो सके।

### भारत के विफल रहने पर इस्तीफा देंगे

बैठक के दौरान स्टिमक से अफगानिस्तान के घरेलू मैच से पहले उनकी टिप्पणियों को स्पष्ट करने के लिए भी कहा गया, जहां उन्होंने कहा था कि अगर भारत क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने में असफल रहा तो वह इस्तीफा दे देंगे।


## अनमोल समेत 5 भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



एजेंसी ▶▶| अस्ताना

युवा बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब समेत पांच भारतीय खिलाड़ी कजाखस्तान इंटरनेशनल चैलेंज के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए । अनमोल के अलावा देविका सिहाब, पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन अनुपमा उपाध्याय, सातवीं वरीयता प्राप्त तान्या हेमंत और ईशारानी बरूआ ने महिला एकल में अंतिम आठ में जगह बनाई ।

गत राष्ट्रीय चैम्पियन अनमोल ने यूएई की नूरानी रातु अजाहरा को दूसरे दौर में 21-11, 21-7 से हराया। अब उनका सामना जापान की सोरानो योशिकावा से होगा । वहीं इस साल चार फाइनल में पहुंचकर दो अंतरराष्ट्रीय चैलेंज खिजाब जीतने वाली सिहाग ने अजरबैजान की केइशा फातिमा अजाहरा को 21-12, 21-12 से शिकस्त दी । अब उनका सामना हमवतन अनुपमा से होगा जिसने चेक गणराज्य की टेरेजा एस को हराया ।




कभी पीने का पानी, तो कभी लिफ्ट-एक्सलेटर बंद होने से लोग परेशान

# रानी कमलापति स्टेशन पर पंखें बंद, कुर्सियां भी गिनी-चुनी, फर्श पर बैठने को मजबूर यात्री

### आरकेएमपी पर मूलभूत सुविधाएं भी तोड़ रही दम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश का सबसे आधुनिक व विश्वस्तरीय स्टेशन कहा जाने वाला रानी कमलापति स्टेशन यात्री सुविधाओं के मामले में लगातार फिसड्डी साबित हो रहा है।

यात्रियों को यहां पर मूलभूत सुविधा भी नहीं मिल रही है। यात्रियों के अनुसार कहने को यह स्टेशन विश्वस्तरीय है जिसे भविष्य की जरूरतों के लिहाज से डिजाइन किया गया है, लेकिन दो साल के अंदर ही हालात दिन पर दिन खराब हो रहे है। लगातार अव्यवस्था फैलती नजर आ रही है।

*स्टेशन मास्टर से यात्रियों ने की शिकायतः यह कैसा विश्वस्तरीय स्टेशन, इससे ज्यादा तो हमारे यहां के स्टेशन पर लगी हैं कुर्सियां*



### डिस्प्ले बोर्ड बंद होने को लेकर शिकायत की

यहां पर यात्रियों को बैठने के लिए पर्याप्त कुसियां नहीं है। कई बार यात्रियों को पीने के लिए गंदे पानी की सप्लाई की जाती है। यहां पर अधिकांश समय लिफ्ट-एक्सलेटर बंद रहते है, जिससे महिला बुजुर्ग व बच्चों सहित अन्य यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसा ही कुछ मामला गुरुवार को भी देखने को मिला है। कुछ यात्रियों ने स्टेशन मास्टर से पर्याप्त कुसियां नहीं होने, पंखे बंद होने व कोच डिस्प्ले बोर्ड बंद होने को लेकर शिकायत की गई। यात्रियों ने अपनी शिकायत में यह तक कह दिया कि यह कैसा विश्व स्तरीय स्टेशन यहां से अधिक तो यह कुसियां हमारे स्टेशन पर लगी है।

**छतरपुर जा रहा था परिवार**

जानकारी के अनुसार रानीकमलापति स्टेशन से अहमदाबाद -बरौनी एक्सप्रेस से छतपुर जा रहे हरि अग्रवाल व पीएन तिवारी ने गुरुवार को आरकेएमपी स्टेशन मास्टर को इस संबंध में शिकायत की है, जिसमें उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट की तरह सुविधा देने के नाम पर बनाए गए इस स्टेशन पर यात्रियों को बैठने तक की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

**आरकेएमपी स्टेशन**

- प्रतिदिन लगभग 55 से 60 यात्री ट्रेनें हॉल्ट लेकर चलती है।
- यहां औसतन 40 से 50 हजार यात्री त्योहार व अवकाश के दिनों में स्टेशन से होकर गुजरते हैं।

**व्यवस्थाएं सुधारेंगे**

इस संबंध में जल्द ही बंसल पाथवे प्राइवेट लिमिटेड के पदाधिकारी से बात कर व्यवस्थाओं को सुधारा जाएगा। कुर्सियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत होगी। तो उनको बढ़ाई जाएगी।

**नवल अग्रवाल**
सहायक वाणिज्य प्रबंधक व प्रभारी पीआरओ भोपाल रेल मंडल

# भोपाल सहित एक दर्जन जिलों में कल तक तेज हवाओं के साथ बादल, बौछारें पड़ेंगी

### गुना, इंदौर, रतलाम, शिवपुरी, उज्जैन सहित कई जिलों में 2 से 3 डिग्री दिन का तापमान गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



*कुछ जिलों में बादल के साथ बौछारें पड़ेंगी, जबकि ज्यादातर जिलों में तेज हवाओं का असर रहेगा*

गुरुवार को भोपाल सहित प्रदेशभर में दिन के तापमान में गिरावट रही। हवाएं बदलने और पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव हो रहा है। शुक्रवार को नया पश्चिमी विक्षोभ आएगा, जिससे शुक्रवार रात से शनिवार के बीच भोपाल सहित प्रदेश के कुछ हिस्सों में बादल, बौछारें और तेज हवाओं का असर रहेगा।

मौसम केंद्र के अनुसार 24 घंटे में प्रदेश में मौसम बदलेगा, जिससे कुछ हिस्सों में तेज हवाएं और बौछारें पड़ेंगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार 3 अप्रैल को आए पश्चिमी विक्षोभ का असर जारी है, जबकि 5 अप्रैल को एक और पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है। इससे मौसम में फिर बदलाव होगा। कुछ जिलों में बादल के साथ बौछारें पड़ेंगी, जबकि ज्यादातर जिलों में तेज हवाओं का असर रहेगा।

### भोपाल में दिन का तापमान 30 डिग्री रहा

शहर में गुरुवार को दिन के तापमान में आधा डिग्री की गिरावट के साथ पारा 38 डिग्री रहा। वहीं, रात का पारा 2 डिग्री बढ़कर 24 डिग्री हो गया। राजधानी में शुक्रवार से शनिवार के बीच तेज हवाओं के साथ बादल छाएंगे और कहीं कहीं बौछारें भी पड़ेंगी। इससे गर्मी में ज्यादा कमी नहीं होगी। रात का पारा और बढ़ सकता है।

**कहां-कितनी गिरावट**

गुना, इंदौर, रतलाम, शिवपुरी, उज्जैन, दमोह, नौगांव सहित कई जिलों में 2 से 3 डिग्री तक दिन के तापमान में कमी रही। टीकमगढ़, सागर, जबलपुर आदि जिलों में पारा आधा से एक डिग्री तक गिरा है। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 38 डिग्री रहा। पश्चिमी मप्र में तापमान में औसतन अधिक गिरावट रही।

### क्यों कम हुआ तापमान?

मौसम विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार वर्तमान में एक किलोमीटर की ऊंचाई पर दक्षिणी तमिलनाडु से लेकर कर्नाटक और विदर्भ से दक्षिण-पूर्वी मध्य प्रदेश तक हवाओं में बदलाव जारी है। इससे तापमान में बदलाव जारी है। हवाएं उत्तर पूर्वी होने के साथ अरब सागर से नमी आ रही है, जिससे शुक्रवार को भी मौसम में बदलाव जारी रहेगा।

हार्ट अटैक की आशंका, पुलिस कर रही जांच

# बेटी को किडनी देने दिल्ली से भोपाल आए पिता की हमीदिया अस्पताल में हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बेटी को किडनी देने दिल्ली से भोपाल आए पिता की हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई। आर्गन ट्रांसप्लांट कमेटी के सदस्यों के सामने काउंसलिंग चल रही थी। इसी दौरान अचानक उन्हें घबराहट महसूस हुई, इसके बाद वह बेसुध होकर गिर गए। थोड़ी देर बाद उनकी सांसें थम गईं।

पुलिस को हार्ट अटैक की आशंका है। हालांकि, शुक्रवार को पीएम होने के बाद ही उनकी मौत की वजह का पता चल सकता है। बताया गया कि



उनकी बेटी बंसल अस्पताल में एडमिट हैं। पुलिस के मुताबिक, दिल्ली निवासी 53 वर्षीय अरुण कुमार श्रीवास्तव प्राइवेट काम करते थे। उनकी बेटी की किडनी खराब हो गई है। किडनी ट्रांसप्लांट के लिए वह दिल्ली से भोपाल आए। सरकार के नियम के अनुसार आर्गन ट्रांसप्लांट से पहले अनुमति लेनी पड़ती है। गुरुवार दोपहर को वह इसके लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में इसके लिए बने पैनल ने उनकी काउंसलिंग शुरू की। पैनल सदस्य उनसे ट्रांसप्लांट के बारे में सवाल किए। इसके बाद उनको ट्रांसप्लांट के बाद सेहत के रखरखाव के बारे में बताने लगे। इसी बीच उन्हें घबराहट होने लगी। पैनल के सदस्यों को उन्होंने घबराहट के बारे में बताया। तभी वह बेसुध होकर गिर गए। डॉक्टर इलाज शुरू करते। इससे पहले उनकी सांसें थम गईं।

प्रदेश सह प्रभारी ने टीकमगढ़ में की बैठकें

# मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया का प्रतिनिधित्व करेगाः उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में किए गए गरीब कल्याण, जनहितैषी कार्यों से भारतीय जनता पार्टी के प्रति देश की जनता का भरोसा बढ़ा है। नरेन्द्र मोदी के प्रति देश की जनता अटूट विश्वास करती है, जिसका परिणाम है कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रति लोगों में उत्साह है। आने वाले समय में मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया का प्रतिनिधित्व करेगा। यह बात लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने टीकमगढ़ में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उपाध्याय ने टीकमगढ़ में विभिन्न बैठकों को भी संबोधित किया। लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का कद वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ा है। भारत का लगातार विकास हो रहा है। आने वाले समय में मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया का प्रतिनिधित्व करेगा। वह दुनिया का सिरमौर बनेगा। भारत आज तेजी से अर्थव्यस्था में आगे बढ़ रहा है।

# बीयूः मनोविज्ञान में पीएचडी के लिए आरडीसी की बैठक कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में कोर्स वर्क परीक्षा (डीईटी 2022) में उत्तीर्ण मनोविज्ञान के शोधार्थियों की आरडीसी बैठक 6 अप्रैल को होगी। विवि प्रशासन द्वारा जारी सूचना आदेश के अनुसार मनोविज्ञान विषय की आरडीसी की बैठक 5 अप्रैल को आयोजित की जानी थी। जिसे कुछ कारणों से संशोधित करते हुए अब 6 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे से आयोजित की जाएगी। सभी शोधार्थियों से उक्त दिनांक को अपने शोधकार्य प्रस्ताव की (पीपीटी) के साथ सुबह 10 बजे कुलपति कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

जल्द ही बाउंड ओवर का नोटिस तामील कराएगी पुलिस

# रेस्टोरेंट संचालक से विवाद में आई थी चोट अभिज्ञान ने लगाए पुलिस पर मारपीट के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र और पुलिस स्टेशन में गुंडागर्दी दिखाने वाले स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के बेटे अभिज्ञान पटेल की मुसीबतें लगातार बढ़ती जा रही है।

अभिज्ञान ने आरोप लगाया था कि उसके साथ पुलिस थाने में आठ पुलिसकर्मियों ने मारपीट की है। उसने अपने शरीर पर लगे चोट का वीडियो और फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल किया था। पुलिस ने अभिज्ञान का मेडिकल कराया था। मेडिकल में यह बात आई कि चोट थाने में बेल्ट की पिटाई से नहीं है, बल्कि चोट रेस्टोरेंट संचालक और उसके साथी द्वारा मारपीट से लगी है। अब अभिज्ञान के लिए यह साबित करना मुश्किल हो रहा है कि आखिरकार उसके शरीर पर जो चोट है वह किसके द्वारा मारपीट से आई है।

बुधवार को एसीपी हबीबगंज कोर्ट ने अभिज्ञान के बाउंड ओवर किया था, लेकिन नोटिस की तामीली गुरुवार को भी नहीं की जा सकी। उल्लेखनीय है कि शनिवार रात अभिज्ञान पटेल ने अपने साथियों के साथ मिलकर माखन लाल कॉलेज शाहपुरा में चौराहे पर पत्रकार से मारपीट की थी। पत्रकार से मारपीट करते हुए वह अम्मा बाबूजी रेस्टोरेंट तक पहुंच गया। यहां उसे मनीषा सक्सेना और उनके पति डेनिस मार्टिन के साथ मारपीट की थी। इतना ही नहीं थाने में पहुंचकर उसने जमकर हंगामा किया और मंत्री पुत्र होने की धौस जमाई थी।

अभिज्ञान पटेल ने थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों पर बंधक बनाकर मारपीट करने के आरोप लगाए थे। आलाधिकारियों ने उक्त मामले में थाने में मौजूद एसआई जयसिंह, आरक्षक आशीष त्यागी, नरेश गुर्जर समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था।

सुपारी देने वाले पति की हो चुकी है गिरफ्तारी

# पति ने दी थी सुपारी, पत्नी की मौत, हत्या का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित बनारसी ढाबा के पास गत दिनों पति द्वारा सुपारी देकर पत्नी पर जानलेवा हमला कराया गया था।

हमले के बाद से ही पत्नी की हालत नाजुक थी और उसका एम्स में इलाज चल रहा था। एम्स में इलाज के दौरान गुरुवार शाम करीब छह बजे के आसपास उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया है। उक्त मामले में पुलिस ने पति समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। सभी जेल में है अब आरोपियों के खिलाफ हत्या की धारा बढ़ाई गई है।

पुलिस के अनुसार गौरीशंकर परिसर कटारा हिल्स निवासी 25 साल के हेमंत सेंगर, 25 मार्च की दोपहर 2 बजे अपनी पत्नी मनीषा परमार के साथ खाना खाने घर से बनारसी ढाबा गए थे। ढाबा बंद मिलने पर दोनों घर लौट रहे थे। इस बीच इंडेन गैस एजेंसी गोदाम के पास दो बाइक पर सवार पांच लोगों ने ओवरटेक कर हेमंत की बाइक रोक ली और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पर बदमाशों ने मनीष परमार पर हमला कर दिया था।




# प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए उत्सुक है शहर का बच्चा-बच्चाः सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 7 अप्रैल को रोड शो की तैयारियों को लेकर प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं राकेश सिंह ने जबलपुर में बैठक को संबोधित किया। इसके साथ ही यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि आज सारा देश प्रधानमंत्री मोदी से मिलना चाहता है, उनको देखना चाहता है। लोगों को लगता है कि प्रधानमंत्री एक ऐसे यशस्वी नेता हैं, जिन्होंने भारत मां का सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ाया है। ऐसे महान व्यक्तित्व वाले प्रधानमंत्री मोदी 7 अप्रैल को जबलपुर आ रहे हैं और शहर का बच्चा-बच्चा उनके स्वागत के लिए उत्साहित है। प्रधानमंत्री के स्वागत की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

# कांग्रेस ने विकास और गरीब कल्याण के लिए कोई कार्य नहीं कियाः जामवाल

### क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने की सांची विस चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक

**भोपाल।** प्रत्येक बूथ में निवासरत पदाधिकारी अपने बूथ पर घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करना है और आमजनों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराना है। यह पूरी जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की भी है। बूथ कार्यकर्ता से लेकर प्रधानमंत्री तक की यात्रा का सफर बूथ लेवल से ही शुरू होता है।

यह बात भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने गुरुवार को सांची एवं रायसेन जिले की प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कही। जामवाल ने कहा कि देश में 70 वर्षों तक शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी ने देश के विकास और गरीबों के कल्याण व उनके जीवन में बदलाव के लिए कोई कार्य नहीं किया। भाजपा ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र पर कार्य करते हुए हर क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930